संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 05 मई 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 122 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## हमें सहयोगियों की जरूरत, उपदेश देने वालों की नहीं: जयशंकर



टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव का माहौल है। दोनों देश युद्ध की कगार पर आ खड़े हुए हैं। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिए हैं। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोप समेत पूरी दुनिया को एक सीधा और साफ संदेश दिया है। विदेश मंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत सहयोगियों की तलाश में है। हमें सहयोगी चाहिए केवल उपदेश देने वाले लोग नहीं चाहिए। उन्होंने कहा ऐसे लोगों की कोई आवश्यकता नहीं है जिनके कहने और करने में फर्क हो। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत ऐसे देशों के साथ काम करना चाहता है जो आपसी सम्मान और समझ दिखाएं। विदेश मंत्री ने यूरोप पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ यूरोपीय देश अभी भी अपने मूल्यों और कार्यों के बीच के अंतर से जूझ रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि आज के अमेरिका के साथ जुड़ने का सबसे अच्छा तरीका हितों की पारस्परिकता खोजना है।

# कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिका में माना- ऑपरेशन ब्लू-स्टार गलती थी

टीम एक्शन इंडिया
बोस्टन: राहुल गांधी ने माना कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी। करीब दो हफ्ते पहले अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल से ऑपरेशन ब्लू स्टार पर सवाल पूछा गया था। इस पर उन्होंने कहा- जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। इस कार्यक्रम का वीडियो रविवार को वायरल हुआ।
इसके बाद, बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा- अब राहुल



गांधी की आलोचना सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि विदेशों में भी होने लगी है।

**सिख युवक ने कहा- कांग्रेस सरकार में अभिव्यक्ति की आजादी नहीं थी**

सिख युवक ने कहा- हमें अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, जो कांग्रेस के राज में नहीं थी। पिछले महीने अप्रैल में राहुल गांधी ब्राउन यूनिवर्सिटी के एक ओपन इवेंट में पहुंचे थे। सिख युवक ने राहुल गांधी से पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा- आप सिखों की बात करते हैं,

### कांग्रेस में आज भी कई सज्जन कुमार जैसे लोग हैं: सिख युवक

युवक ने आगे कहा- आनंदपुर साहिब रेजोल्यूशन दलित अधिकारों की बात करता है, लेकिन कांग्रेस ने उसे अलगाववादी करार दिया। वहीं कोर्ट ने सज्जन कुमार को सजा दी, लेकिन कांग्रेस में आज भी कई सज्जन कुमार जैसे लोग हैं। राहुल गांधी बोले- 80 के दशक में जो हुआ, वो गलत था इस पर

राहुल गांधी ने कहा- मुझे नहीं लगता कि सिख किसी चीज से डरते हैं। कांग्रेस की ये गलतियां तब की हैं, जब मैं वहां नहीं था, लेकिन कांग्रेस के इतिहास में जो कुछ भी गलत हुआ, मैं उसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।

**सिख दंगों में 3 हजार से ज्यादा सिख मारे गए**

सरकारी आंकड़ा 1980 के दशक में इंदिरा गांधी सरकार ने पंजाब में उग्रवाद के खिलाफ ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया था। इसमें भिंडरांवाले की मौत हुई थी और अकाल तख्त को भारी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद इंदिरा गांधी की हत्या हुई और देशभर में सिख विरोधी दंगे भड़के।

### राहुल से पूछे सवाल

80 के दशक में कांग्रेस से हुई गलतियों की जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं है, आप सिखों के बीच डर बीजेपी का डर पैदा करते हैं

लेकिन आप सिखों के बीच डर पैदा करते हैं कि बीजेपी क्या करेगी। हमें अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, जो कांग्रेस के राज में नहीं थी।

### फास्ट न्यूज

## निर्मला करेंगी एडीबी की वार्षिक बैठक में भारत का नेतृत्व

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की 58वीं वार्षिक बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह बैठक 4 से 7 मई तक इटली के मिलान शहर में आयोजित की जा रही है। निर्मला सीतारमण इस बैठक में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के अधिकारियों के भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। इसमें एडीबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडल और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों के अधिकारी भाग लेंगे। वित्त मंत्री बैठक के मुख्य सत्रों में हिस्सा लेंगी। वे गवर्नर्स के बिजनेस सेशन और गवर्नर्स प्लेनरी सेशन में भाग लेंगी। इसके अलावा वे "भविष्य के लचीलेपन के लिए सीमा पार सहयोग" विषय पर गवर्नर्स सेमिनार में पैनलिस्ट के रूप में शामिल होंगी। बैठक के दौरान निर्मला सीतारमण एडीबी के अध्यक्ष से द्विपक्षीय बातचीत करेंगी। वे आईएफएडी के अध्यक्ष और जेबीआईसी के गवर्नर से भी मुलाकात करेंगी। इसके अलावा वे इटली, जापान और भूटान के वित्त मंत्रियों के साथ भी बैठक करेंगी। मिलान प्रवास के दौरान वे भारतीय समुदाय से संवाद करेंगी। वे वैश्विक थिंक-टैंकों, व्यापारिक नेताओं और प्रमुख सीईओ से भी मुलाकात करेंगी।

## अब बिलावल और इमरान खान का अकाउंट भारत में बैन

नई दिल्ली: पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ लगातार कड़ा रुख अपना रखा है। इसी कड़ी में अब एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। पाकिस्तान की 2 बड़ी शख्सियतों के एक्स अकाउंट भारत में बंद कर दिए गए हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के एक्स अकाउंट पर प्रतिबंध लगा दिया गया। भारत के इस फैसले पाकिस्तान से बड़ा झटका लग सकता है। एक्स ने इसकी वजह लीगल डिमांड यानी कानून मांग को बताया है। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐसा कदम उठाया है। इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक्स अकाउंट भी बंद कर दिया गया था।

भारत ने चिनाब नदी पर बना बगलिहार बांध बंद किया ▫ झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को भी बंद करने की है तैयारी ▫ झेलम सिंधु जल समझौता रद्द के बाद भारत का बड़ा कदम

# बूंद-बूंद के लिए तरसेगा पाकिस्तान! भारत ने रोका चिनाब नदी का पानी

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने सिंधु जल समझौता रद्द कर दिया था। वहीं अब, इस तरफ पहला कदम उठाते हुए बगलिहार बांध का पानी रोक दिया गया है। सूत्रों के अनुसार सरकार ने चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध का पानी बंद कर दिया है। सरकार जल्द ही झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध का पानी रोकने की भी योजना बना रही है।

**पानी का बहाव रोकेगा भारत**

सिंधु जल समझौता रद्द होने के बाद भारत सरकार पाकिस्तान में पानी के बहाव कंट्रोल कर सकती है। जम्मू कश्मीर के रामबन में बना बगलिहार बांध और उत्तरी कश्मीर में बना किशनगंगा बांध की मदद से भारत सरकार जब चाहे पानी का बहाव रोक सकती है और किसी भी समय बांध खोल सकती है। बगलिहार और किशनगंगा बांध बंद करके भारत झेलम और चिनाब नदी का बहाव कम कर सकता है। इससे पाकिस्तान में सूखा पड़ने के आसार रहेंगे। यही नहीं, भारत किसी भी समय बांध को खोल भी सकता है, जिससे पाकिस्तान में बाढ़ आने की संभावना बनी रहेगी।

**पहलगाम हमले का रिएक्शन**

बता दें कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी पर हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद ही भारत सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता रद्द कर दिया था।

**क्या था सिंधु जल समझौता?**

सिंधु जल समझौता 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता में भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था। इस समझौते के तहत ऊपर की तीन नदियों - सिंधु, चिनाब और झेलम का पानी पाकिस्तान को मिलना था और नीचे की तीन नदियों - रावि, ब्यास और सतलज का पानी भारत इस्तेमाल कर सकता था।



### पाक से तनातनी के बीच भारत को मिला 'आसमान का रक्षक'

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारतीय सेना को एक बड़ी सैन्य मजबूती मिली है। सेना को हाल ही में रूसी मूल की वायु रक्षा मिसाइलें प्राप्त हुई हैं। ये मिसाइलें बहुत कम दूरी की वायु सुरक्षा प्रणाली का हिस्सा हैं और सेना की हवाई हमलों से रक्षा करने की क्षमता को और मजबूत करेंगी। सरकार द्वारा सेना को दिए गए आपातकालीन खरीद अधिकारों के तहत यह सौदा किया गया था। लगभग 260 करोड़ रुपये की लागत वाले इस अनुबंध के तहत प्राप्त मिसाइलों को सीमा पर तैनात अग्रिम चौकियों को दिया जा रहा है ताकि दुश्मन के लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन से रक्षा की जा सके। सूत्रों के अनुसार, ये मिसाइलें कुछ हफ्ते पहले सेना को मिली हैं और इन्हें पश्चिमी सीमाओं पर तैनात किया जा रहा है, जहां पाकिस्तान से खतरा बना हुआ है।



### दो जासूस पंजाब से गिरफ्तार

चंडीगढ़: पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच पंजाब पुलिस ने 2 पाकिस्तानी जासूस पकड़े हैं। पुलिस के मुताबिक, ये दोनों अमृतसर में आर्मी कैंट और एयरफोर्स बेस से जुड़ी संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तान भेज रहे थे। इन आरोपियों से एक मोबाइल बरामद हुआ है, जिसमें आर्मी की मूवमेंट और एयरफोर्स बेस की तस्वीरें मिली हैं।
ये दोनों अमृतसर की जेल में बंद हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू उर्फ हैप्पी के जरिए आई एस आई से जुड़े हुए थे। आरोपियों की पहचान पलक शेर मसीह और सूरज मसीह के रूप में हुई है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि इस मामले में ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

### मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा: राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव के दौरान पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी कायराना हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा और देश की जनता की इच्छा के अनुरूप कार्रवाई होगी। राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जोखिम लेने की क्षमता पर भरोसा जताते हुए कहा कि इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर केंद्रीय ऊर्जा, आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते हुए।

## सेना का वाहन 700 फीट गहरी खाई में गिरा, तीन जवान शहीद

जम्मू: जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। सेना का ट्रक फिसलकर करीब 700 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक दुर्घटना में तीन जवान बलिदान हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा नेशनल हाईवे-44 पर बैटरी चश्मा के पास सुबह 11:30 बजे हुआ। सेना का यह ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे एक काफिले का हिस्सा था। हादसे के तुरंत बाद, एसडीआरएफ, पुलिस, सेना और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर बचाव अभियान चलाया। दुर्घटना में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीन सैनिक बलिदान हो गए।
शहीद हुए सैनिकों का नाम अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर है। उनके शवों को खाई से बाहर निकाला जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि हादसा इतना दर्दनाक है कि वाहन दुर्घटना के बाद लोहे के ढेर में तब्दील हो गया।

## चुनाव आयोग लाएगा सुपर एप, अब एक ही जगह मिलेंगी सारी जानकारी




टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। चुनाव आयोग मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के लिए, एक ऐसा नया डिजिटल इंटरफेस 'ईसीआईनेट' विकसित कर रहा है जिसमें उसके 40 से अधिक वर्तमान मोबाइल और वेब एप्लीकेशंस को शामिल कर लिया जाएगा। चुनाव आयोग ने रविवार को बताया कि 'ईसीआईनेट' चुनाव से जुड़ी सभी गतिविधियों के लिए एक अकेला प्लेटफॉर्म होगा। नया प्लेटफार्म विकसित हो जाने से यूजर्स को अलग-अलग एप डाउनलोड नहीं करने पड़ेंगे, बार-बार विभिन्न एप नहीं खोलने पड़ेंगे और न ही अलग-अलग लाग-इन को याद रखना पड़ेगा। इस प्लेटफॉर्म को विकसित करने का सुझाव हाल में हुए मुख्य चुनाव अधिकारियों के सम्मेलन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दिया था। 'ईसीआईनेट' के जरिये यूजर्स अपने डेस्कटाप या स्मार्टफोन पर संबंधित चुनावी आंकड़े एक्सेस कर सकेंगे। जहां तक संभव हो, आंकड़े सटीक हों, यह सुनिश्चित करने के लिए, 'ईसीआईनेट' पर आंकड़ों को सिर्फ चुनाव आयोग के अधिकृत अधिकारी ही प्रविष्ट करेंगे। संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रविष्टि सुनिश्चित करेंगी।

## हूती मिसाइल अटैक के बाद इजरायल जा रहा विमान डायवर्ट



टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। नई दिल्ली से इजरायल के शहर तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को अबू धाबी की ओर मोड़ दिया गया। दरअसल फ्लाइट की लैंडिंग से कुछ ही देर पहले तेल अवीव में एयरपोर्ट के पास मिसाइल से हमला हुआ था। बताया जा रहा है कि हमला यमन की तरफ से किया गया। तेल अवीव पर एयर इंडिया की फ्लाइट अका139 की लैंडिंग में 1 घंटे से भी कम समय बचा था। तभी एयरपोर्ट के पास यमन द्वारा प्रक्षेपित मिसाइल आ गिरी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जब उड़ान को अबू धाबी की ओर मोड़ने का फैसला किया गया, तब वह जॉर्डन के हवाई क्षेत्र में थी।

## हिमाचल के चंबा में बादल फटने से तबाही, घरों में घुसा पानी

टीम एक्शन इंडिया
शिमला। प्रदेश के जिला चंबा के भटियात में बादल फटने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। इसके कारण भूस्खलन हुआ है। जबकि शिमला और ऊपरी शिमला में भारी ओलावृष्टि के कारण बहुत अधिक नुकसान हुआ है। शिमला में दोपहर बाद पौने घंटे तक बहुत भारी वर्षा हुई और लगा कि बादल फट गया। इसके कारण राजधानी के साथ सटे भराड़ी के साथ भौंट सड़क में खड़ की तरह पानी आया गया। नाले उफान पर आ गए और कई घरों में पानी के घुसने की सूचना है। शिमला जिला के कुमारसैन, कोटगढ़ और अन्य क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि के कारण सेब और सब्जियों के बहुत अधिक नुकसान हुआ है।



मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार सोमवार 5 मई को प्रदेश में कुछ एक स्थानों पर आंधी के चलने और एक दो स्थानों पर वर्षा का अनुमान है।

### वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया

जबकि 6 व 7 मई को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी व शिमला में 50 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने और वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है प्रदेश में बीते तीन दिनों से भारी ओलावृष्टि और वर्षा का क्रम जारी है।
इसके कारण प्रदेश में शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी चंबा में बहुत अधिक नुकसान हुआ है।

## मौसम लेगा करवट, यूपी-बिहार समेत 10 राज्यों में जमकर बरसेंगे बादल



टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में मौसम बदल गया है। पिछले दिल्ली एनसीआर में झमाझम बारिश हुई। जिसके बाद तापमान में भारी कमी देखने को मिली। रविवार को भी दिल्ली समेत आस पास के क्षेत्रों में आसमान में बादलों का आना जा रहा है। हालांकि, बीच-बीच में धूप भी खिली रही जिसके कारण तापमान में मामूली बढ़ देखने को मिली है। अगले एक सप्ताह तक उत्तर-पश्चिमी भारत के क्षेत्रों में गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

### व्यापक इंतजाम

देश भर के 552 शहरों के लगभग पांच हजार केंद्रों एवं 14 विदेशी सेंटर्स पर नीट 2025 की परीक्षा का आयोजन कराया

# नीट परीक्षा हुई संपन्न, कर्नाटक में छात्रों का जनेऊ उतरवाने पर बवाल

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी का आयोजन हुआ। देश भर के 552 शहरों के लगभग पांच हजार केंद्रों एवं 14 विदेशी सेंटर्स पर इस प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस बार ये परीक्षा पेन पेपर मोड में आयोजित कराई गई। इस परीक्षा को एक ही शिफ्ट में कराया गया। दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 5 तक परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा को लेकर बड़े स्तर पर तैयारी की गई थी। बताया गया कि इस बार अधिकांश परीक्षा सेंटर सरकारी कॉलेजों में बनाए गए थे।



**सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे**

बता दें कि परीक्षा को लेकर खास तैयारी की गई थी। हर तरीके से सख्ती बरती गई। परीक्षा को देखते हुए परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल के भीतर पेन ले जाने की भी मनाही थी। वहीं, पहले से ही ड्रेस कोड को लेकर भी आदेश दिए गए थे।

**कर्नाटक में छात्रों के जनेऊ उतारने पर बवाल**

कर्नाटक के कलबुर्गी में रविवार को नीट परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पहले ब्राह्मण समुदाय के कुछ छात्रों से जनेऊ उतरवाने का मामला सामने आया है। इसके विरोध में ब्राह्मण समुदाय के

### संसाधन

▫ कलबर्गी में परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पहले ब्राह्मण समुदाय के छात्रों से जनेऊ उतरवाने का मामला सामने आया

सदस्यों ने एक परीक्षा केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और जवाबदेही तय करने की मांग की। रविवार को ब्राह्मण अभ्यर्थियों को परीक्षा हाल में प्रवेश करने से पहले या तो जनेऊ उतारने को कहा गया या उसे काट दिया गया। इससे गुस्साए ब्राह्मण समुदाय के सैकड़ों लोग परीक्षा केंद्र के बाहर एकत्र हुए, नारे लगाए और धरना-प्रदर्शन किया। वहीं, राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह ने एक नीट अभ्यर्थी को प्रश्नपत्र देने का वादा करके 40 लाख रुपये ठगने की कोशिश करने के आरोप में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। इस प्रकरण को लेकर पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान बलवान (27), मुकेश मीना (40) और हरदास (38) के रूप में हुई है। तीनों छात्र और उसके परिवार के सदस्यों को गुरुग्राम ले गए और पैसे मांगे, जिस पर छात्र के परिवार ने उनसे प्रश्नपत्र दिखाने को कहा।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आगाज

### प्लेटफॉर्म

▫ कुल 8500 खिलाड़ी पहुंच चुकी है। यह सभी खिलाफ 28 खेलों में 2435 पदक के लिए दम दिखाने जा रहे

टीम एक्शन इंडिया
पटना: खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का बिहार में पहली बार आगाज हो चुका है। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पीएम नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार और खेल मंत्री मनसुख मांडविया, उपमुख्यमंत्री सम्राट



चौधरी समेत बिहार सरकार के सभी प्रमुख मंत्री और अधिकारी मौजूद हैं। पीएम की मौजूदगी में सीएम नीतीश कुमार और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मशाल जलाया। चार से 15 मई तक चलने वाले इस महाकुंभ में शामिल होने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों से कुल 8500 खिलाड़ी पहुंच चुकी है। यह सभी खिलाफ 28 खेलों में 2435 पदक के लिए अपना दम दिखाने जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। भारत में खेल एक कल्चर के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स इस दिशा में देश के युवाओं के लिए एक बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बना है। किसी भी खिलाड़ी को अपना प्रदर्शन बेहतर करने के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच खेलना और प्रतियोगिता में हिस्सा लेना काफी अहम है। एनडीए सरकार ने इसे प्राथमिकता दी है। पीएम मोदी ने कहा कि आईपीएल में बिहार के छोटे से लड़के वैभव सूर्यवंशी ने शानदार प्रदर्शन किया।

## हथियार सप्लायर को सहारनपुर से पानीपत लाई पुलिस,भेजा जेल

**पानीपत। सीआईए वन** पुलिस टीम रिफाइनरी टाउनशिप में किराना दुकान संचालक पर पिस्तौल से जानलेवा हमला करने मामले में आरोपियों को हथियार सप्लाई करने वाले युवक को शनिवार को यूपी की सहारनपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने रविवार को बताया कि सीआईए वन पुलिस टीम ने जानलेवा हमले की उक्त वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी मनीष उर्फ बिहारी व शुभम को वारदात के महज एक सप्ताह बाद ही गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने जानलेवा हमले की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ था आरोपी मनीष ने किराना संचालक के साथ हुई मामूली कहासुनी की रंजिश रख फूफेरे भाई शुभम के साथ मिलकर जानलेवा हमला करने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी मनीष ने वारदात में प्रयुक्त देसी पिस्तौल निशांत पुत्र धर्मेंद्र निवासी रानीला दयालपुर सहारनपुर यूपी से 6500 रूपए में खरीदकर लाने बारे स्वीकारा था। दोनों आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त देसी पिस्तौल व बाइक बरामद कर, पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद हथियार सप्लायर निशांत की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी निशांत चोरी के मामले में यूपी की सहारनपुर जेल में बंद था।

## जींद में ढाई हजार अभ्यार्थियों ने दी नीट परीक्षा

**जींद। जींद में राष्ट्रीय** परीक्षण एजेंसी द्वारा पांच परीक्षा केंद्रों पर नीट की परीक्षा हुई। इसमें 2594 अभ्यर्थियों में से 2549 अभ्यर्थी हाजिर रहे जबकि 45 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई थी। गोहाना रोड पर स्थित राजकीय कॉलेज में इंटरनेट की स्पीड कम होने के कारण बायोमीट्रिक में कुछ परेशानी हुई। यहां छह के करीब बायोमीट्रिक मशीनें लगी थी लेकिन इंटरनेट की स्पीड कम होने के कारण बार-बार बायोमैट्रिक पंचिंग करनी पड़ रही थी। इससे विद्यार्थियों की लंबी लाइनें लग गई। इसके बाद कुछ का वहीं तो कुछ का अंदर जाकर वेरिफिकेशन करवाया गया। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान महिलाओं के कानों की बालियां और मंगलसूत्र भी उतरवाए गए। वहीं परीक्षार्थी को मोबाइल सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर जाने की अनुमति नहीं थी। परीक्षा केंद्र के गेट पर परीक्षार्थियों के रोल नंबर स्लिप चस्पाई गई थी।


WE CARE YOU SHARE

# समाज कल्याण विभाग
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
## 7वीं मंजिल, एमएसओ बिल्डिंग, आईपी एस्टेट, आईटीओ, नई दिल्ली

**अपने परिवार से अलग हुई निम्नलिखित लड़के वर्तमान में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आशा किरण गृह अवंतिका सेक्टर-01, रोहिणी, नई दिल्ली में रह रहे हैं। यदि किसी को उनके परिवार के सदस्यों के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया अधीक्षक (पुरूष विंग-आशा किरण होम) से फोन नं. 011-27510307 या ईमेल आईडी:-aashakiran89@gmail.com पर संपर्क करें।**

नाम- उज्ज्वल
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-10 वर्ष
डीओए-16/03/2022
विवरण-सीडब्ल्यूसी VI, अवंतिका दिल्ली



नाम-विक्की
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-17वर्ष
डीओए-24/01/2022
विवरण-सीडब्ल्यूसी, अलीपुर, दिल्ली
पहचान चिह्न-
दाहिने कंधे पर कालानिशान



नाम-देव
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-08 वर्ष
डीओए-21/11/2023
विवरण-सीडब्ल्यूसी-III, सेवा कुटीर, किंग्सवे कैंप, दिल्ली



नाम-रोहित
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-17 वर्ष
डीओए-07/10/2013
विवरण-सीडब्ल्यूसीलाजपत नगर, दिल्ली
पहचान चिह्न-
बाएं कोहनी पर निशान



नाम-अनुज
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-10 वर्ष
डीओए-11/12/2020
विवरण-सीडब्ल्यूसी, किंग्सवे, कैंप, दिल्ली
पहचान चिह्न-ठोड़ी पर कट का निशान



नाम-जमाल
पिता का नाम-श्री बाबू
आयु-17 वर्ष
डीओए-21/10/2023
विवरण-सीडब्ल्यूसी, दक्षिण
सीएचबी-I, दिल्ली



नाम- करण
पिता का नाम- अज्ञात
उम्र-17 वर्ष
डीओए-27/12/2016
विवरण-सीडब्ल्यूसी-एक्स, अलीपुर, दिल्ली
पहचान चिह्न-माथे पर निशान




नाम-अतुल
पिता का नाम-श्री आशीष
उम्र-12 वर्ष
डीओए-11/10/2021
विवरण-सीडब्ल्यूसी, सेवाकुटीर, दिल्ली
पहचान चिह्न-बाईं आंख पर निशान।




नाम-राजबाबू
पिताकानाम-मल्लोअहिरवार
उम्र-13 वर्ष
डीओए-27/07/2022
विवरण-सीडब्ल्यूसी-एक्स, अलीपुर, दिल्ली




नाम-प्रिंस
पिता का नाम-श्री पिंटू सिंह
आयु-14 वर्ष
डीओए-28/07/2023
विवरण-सीडब्ल्यूसी दक्षिण जिला, दिल्ली
पहचान चिह्न- भौं पर निशान/निशान



नाम- संतोष कुमार
पिता का नाम- राम प्रसाद
आयु-14 वर्ष
डीओए-13/11/2023
विवरण-सीडब्ल्यूसी, जिला दक्षिण




नाम-दीपक
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-15 वर्ष
डीओए-29/08/2014
विवरण-सीडब्ल्यूसी-VI, अवंतिका




नाम-जमील
पिता का नाम-सलीम
उम्र-10वर्ष
डीओए-19/11/2022
विवरण-सीडब्ल्यूसी, जिला दक्षिण
पहचान चिह्न- नाक पर निशान




नाम-गणेश
पिताकानाम-अज्ञात
उम्र-10 वर्ष
डीओए-11/12/2020
विवरण-सीडब्ल्यूसी, सेवा कुटीर, किंग्सवेकैंप
पहचानचिह्न-माथेपरनिशान



नाम- श्याम सुंदर
पिता का नाम- प्रभु प्रसाद।
आयु-11 वर्ष
डीओए-22/03/2024
विवरण-सीडब्ल्यूसी, जिला शाहदरा उत्तर पूर्व।
पहचान चिह्न-ठोड़ी पर निशान




नाम-अजय
पिता का नाम-श्री पुलिया
उम्र-16 वर्ष
डीओए-29/04/2022
विवरण-सीडब्ल्यूसी, हैदराबाद सीएचबी-II, लाजपत नगर, दिल्ली।
पहचान चिह्न-गर्दन पर एक तिल



नाम-गोलू
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-17 वर्ष
डीओए-04/10/2021
विवरण-सीडब्ल्यूसी, निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स, दिल्ली।
पहचान चिह्न-
दाहिने पैर पर निशान



नाम-रोशन लाल
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-16 वर्ष
डीओए-09/09/2014
विवरण-सीडब्ल्यूसी निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स, दिल्ली।



नाम-अमीन
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-07
डीओए-27/09/2023
विवरण-सीडब्ल्यूसी, संस्कार आश्रम परिसर, दिल्ली।



नाम-जतिन
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-12 वर्ष
डीओए-28/12/2020
विवरण-सीडब्ल्यूसी, संस्कार आश्रम परिसर, दिल्ली




नाम-हृदय नाथ लता
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-14 वर्ष
डीओए-12/02/2022
विवरण-सीडब्ल्यूसी, नई दिल्लीऔर मध्यदिल्ली




नाम-अनुज
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-10 वर्ष
डीओए-18/02/2025
विवरण-सीडब्ल्यूसी, निरमल छाया कॉम्प्लेक्स।
पहचान चिह्न-भौं परपुराना निशान




नाम-राहुल
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-11 वर्ष
डीओए-01/04/2022
विवरण-सीडब्ल्यूसी, मयूर विहार, फेज-I, दिल्ली




नाम-राजा
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-12 वर्ष
डीओए-18/09/2024
विवरण-सीडब्ल्यूसी-वी, उत्तर और उत्तर पूर्व सहदरा, दिल्ली।



नाम-गुड्डू
पिता का नाम-अज्ञात
उम्र-16 वर्ष
डीओए-14/04/2018
विवरण-सीडब्ल्यूसी, अलीपुर, दिल्ली




नाम-समीर
पिता का नाम-अज्ञात
आयु-17 वर्ष
डीओए-17/02/2014
विवरण-सीडब्ल्यूसी-VI, अवंतिका




नाम- गुड्डू-I
पिता का नाम- अज्ञात
उम्र- 06वर्ष
डीओए- 06/03/2024
विवरण- सीडब्ल्यूसी, कालकाजी, दिल्ली।



DIP/Shabdarth/Classified/0037/25-26


## जुलाना में डिवाइडर से टकराई कार, एक की मौत, तीन घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद। जुलाना क्षेत्र** के गांव पौली के पास एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। कार में सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं तीन लोग घायल हो गए। इसकी सूचना जुलाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रविवार को अकालगढ़ गांव निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार की रात उसका भाई विनोद और मुडलाना निवासी संदीप, सुनारिया गांव निवासी मनोत और उसके ताऊ का लड़का संदीप कार में सवार होकर गांव से रोहतक की ओर जा रहे थे। जब वह पौली गांव के पास पहुंचे तो एक अज्ञात कार चालक ने उनकी कार के आगे कट मार दिया जिससे उनकी कार अंनियंत्रित हो गई। कार को सुनारिया निवासी विनोद चला रहा था।

दुर्घटना में चारों को गंभीर चोटें आई हुई थी। संदीप व मनोज को ज्यादा चोटे होने के कारण इलाज के पीजीआई ले जाया गया और मुडलाना निवासी संदीप और विनोद को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## Public Notice

General public is hereby informed my clients Sh. Lal Muni Sah So Late Sh. Lakhi Sah and his wife Smt. Meera Devi, Both R/o Khasra No. 320/155, 25 Foota Road, Janta Vihar Phase-2, Mukand Pur, Delhi-110042 have served all their relations with their son Rajeev Sah since year 2014 for his bad habits and due to involvement in Criminal Activities and he was expelled from residence by the family and not residing with family at their residence mentioned above. Both of my above named clients have also dis-owned and debarred his said son from all their movable and immovable properties. Anybody dealing with Sh. Rajeev Sah at his/her their own risk and responsibilities any of my clients will not be responsible for any act, deed or dealing done by Sh. Rajeev Sah, infact my clients are also being threatened by the said Rajeev Sah. and he is trying to illegally gain entry in their house.

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# मेडिकल लीगल एविडेंस-पेशेंट रिपोर्टिंग पोर्टल लॉन्च

- आयोजित कार्यक्रम में गृह मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव धर्मेंद्र और पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा भी मौजूद थे
- इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्देश्य मेडिको-लीगल डॉक्यूमेंटेशन प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही बढ़ाना






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में मेडिकल लीगल एविडेंस एंड पेशेंट रिपोर्टिंग पोर्टल लॉन्च किया। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्देश्य मेडिको-लीगल डॉक्यूमेंटेशन प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही बढ़ाना है। इसके लॉन्च होने से मेडिको-लीगल रिपोर्ट तैयार करने और जमा करने में लगने वाले समय को काफी हद तक कम किया जा सकेगा।इससे दस्तावेजीकरण प्रक्रिया में मानवीय त्रुटियों को कम किया जा सकेगा और वैकल्पिक संचार के माध्यम से स्वास्थ्य संस्थानों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय सुनिश्चित किया जा सकेगा।

**संस्कृत मजबूत होगी तो बाकी भाषाएं भी मजबूत होंगी : अमित शाह**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान के लिए संघ और संस्कृत भारती ने एक मजबूत अभियान शुरू किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार किसी भी भाषा का विरोध नहीं करती, बल्कि सभी भाषाओं को सशक्त बनाना चाहती है। यह बातें शाह ने संस्कृत भारती द्वारा आयोजित 1008 संभाषण शिविरों के समापन समारोह में कही। शाह ने कहा कि संस्कृत अधिकांश भारतीय भाषाओं की जननी है। यदि संस्कृत मजबूत होगी तो बाकी भाषाएं भी मजबूत होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

## आयुष्मान वय वंदना कार्डः 28 हजार दिल्लीवासियों ने कराया रजिस्ट्रेशन



**राजधानी** दिल्ली में 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए छह दिन पहले वय वंदना योजना की शुरूआत हुई। अब तक इसमें 28,000 बुजुर्गों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। रजिस्ट्रेशन की संख्या बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तीन मई को मुनिरका में मोबाइल रजिस्ट्रेशन वैन की शुरूआत की। दिल्ली की 70 विधानसभाओं में 70 मोबाइल वैन द्वारा 70 साल और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का ऑन द स्पॉट हेल्थ कार्ड रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। यह पहल दिल्ली सरकार के 70 दिन पूरा होने पर की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड' को दिल्ली के 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के प्रत्येक नागरिक केवल आधार कार्ड और दिल्ली का निवासी होने का प्रमाण प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकते हैं। योजना के तहत दिल्ली के पात्र बुजुर्गों को 10 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा।

### कहां होगा रजिस्ट्रेशन?

साथ ही उनका रजिस्ट्रेशन भी शुरू होगा। प्रत्येक पंजीकृत बुजुर्ग को जारी होने वाले इस यूनिक हेल्थ कार्ड में उनका संपूर्ण स्वास्थ्य रिकॉर्ड, नियमित स्वास्थ्य जांच की जानकारी और आपातकालीन सेवाओं से जुड़ी जानकारी सुरक्षित रहेगी। बताया जा रहा है कि सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में बुजुर्गों की सूची तैयार की जा रही है। प्रत्येक जिला कार्यालयों में उनका रजिस्ट्रेशन हो सकेगा। इसके अलावा जनप्रतिनिधि भी उनका रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

## 13-14 मई को बुलाया जाएगा दिल्ली विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में रविवार को भाजपा विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। इसके तहत 13 और 14 मई को दिल्ली विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया जाएगा। इस दो दिवसीय विशेष सत्र में प्राइवेट स्कूल फीस बिल पेश किया जाएगा, जो स्कूलों द्वारा अनुचित फीस वृद्धि को नियंत्रित करेगा। सीएम गुप्ता ने कहा कि यह कदम अभिभावकों को राहत देगा और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करेगा। दिल्ली कैबिनेट ने दी थी बिल को मंजूरी

बता दें, इससे पहले दिल्ली कैबिनेट ने दिल्ली में स्कूल फीस बिल को मंजूरी दी। मंत्री आशीष सूद टेबल एजेंडा लेकर आए, जिसे मंजूरी दे दी गई। इन दिनों प्राइवेट स्कूल की फीस को लेकर विवाद चल रहा है। अभिभावकों ने इसकी शिकायत दिल्ली सरकार से भी की थी। दिल्ली में अभी तक प्राइवेट स्कूलों की फीस निर्धारण और वृद्धि पर अंकुश को लेकर ऐसा अधिनियम कोई नहीं था।



आर्य समाज, विशाखा इन्क्लेव, पी.यू. ब्लॉक, उत्तरी प्रीतमपुरा द्वारा आयोजित 35वें वार्षिकोत्सव में सम्मिलित हुई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

## दिल्ली में महिला महा जनसुनवाई का आयोजन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग 5 मई से 9 मई तक महिला महा जनसुनवाई का आयोजन करने जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। यह आयोजन आयोग के जसोला स्थित कार्यालय में होगा। महा जनसुनवाई में आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर, सदस्यगण और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान दिल्ली में पहले से दर्ज शिकायतों को प्राथमिकता से सुना जाएगा। साथ ही, वॉक-इन शिकायतों को भी समान प्राथमिकता दी जाएगी और उनका समाधान मौके पर ही करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

## सिसोदिया सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** एलजी वीके सक्सेना ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। उन पर सरकारी खजाने का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट के के बावजूद आम आदमी पार्टी ने दिल्ली सरकार के खजाने से विज्ञापन जारी किए और दुष्प्रचार करने की कोशिश की। इसे राजनीतिक दल के फायदे के लिए सार्वजनिक संसाधनों का इस्तेमाल माना गया है। एलजी ने ऐसे सभी मामलों में विज्ञापन एजेंसियों को जारी की गई राशि आम आदमी पार्टी से वसूलने का भी निर्देश दिया है। इस संबंध में एलजी ने दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार को निर्देश दिया है कि वे दूसरे राज्यों में जारी विज्ञापनों के लिए दिल्ली सरकार द्वारा विज्ञापन एजेंसियों को जारी की गई राशि आम आदमी पार्टी से वसूलें।

### *किसी तरह सरकारी खजाने को नुकसान न हो*

एलजी ने सभी विभागों को एक एडवाइजरी जारी करने का भी निर्देश दिया है ताकि सभी निर्धारित वित्तीय नियमों और प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि बड़े भुगतान की प्रक्रिया जारी करने से पहले पूरी सावधानी बरतना जरूरी है ताकि किसी तरह की अनियमितता या सरकारी खजाने को नुकसान न हो।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया था आदेश

दरअसल, मई 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों को आदेश दिया था कि वे किसी भी सरकारी अधिकारी या राजनीतिक दल का प्रचार करने वाले विज्ञापनों में जनता के पैसे का इस्तेमाल बंद करें।

## बाइक सवार बदमाशों ने युवक को मारी गोली, नाबालिग समेत दो को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली जिले के तिलक मार्ग स्थित भैरों मंदिर के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। घायल को राहगीरों ने तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं अस्पताल से मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज किया। जांच में घायल की पहचान आरके सिंह के रूप में हुई। उनकी चांदनी चौक स्थित तिलक बाजार में परफ्यूम की दुकान है। उन्होंने बताया कि उनके पास घटना के समय ज्यादा नकद नहीं था और घटना के दौरान कोई लूटपाट नहीं हुई। नई दिल्ली जिले के डीसीपी देवेश मेहला ने बताया कि दो 2 मई की रात करीब 10 बजे सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल व्यक्ति की पहचान आर. के. सिंह के रूप में हुई। पूछताछ में पीड़ित ने बताया कि रात करीब नौ बजे वह भैरों मंदिर के पास थे, तभी बाइक सवार कुछ अज्ञात लोगों ने उन पर फायरिंग की। डीसीपी के अनुसार घटना को गंभीरता से लेते हुए तिलक मार्ग थाने में हत्या के प्रयास तथा आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

## एनडीएमसी ने बंगाली मार्केट में चलाया सफाई अभियान

- एनडीएमसी व्यस्त बाजारों में हर रात नियमित रूप से व्यवस्था लागू कर रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने "विकसित एनडीएमसी 2047" मिशन के तहत रात के समय बंगाली मार्केट में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस चौथे चरण के अभियान का नेतृत्व एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने किया। इससे पूर्व एनडीएमसी द्वारा खान मार्केट, जनपथ और सरोजिनी नगर जैसे प्रमुख बाजारों में भी इसी प्रकार के रात्रिकालीन सफाई अभियान सफलता पूर्वक चलाए जा चुके हैं। एनडीएमसी अब इन सभी व्यस्त बाजारों में हर रात नियमित रूप से गीली सफाई की व्यवस्था लागू कर रहा है।



बंगाली मार्केट में हुए इस अभियान में बंगाली मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के मुकेश गुप्ताझ्रप्रेसिडेंट और प्रमोद गुप्ताझ्रसेक्रेटरी के साथ स्थानीय दुकानदारों, स्वास्थ्य और सिविल इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और सफाई कर्मचारी शामिल हुए। अभियान के दौरान रात 11 बजे से पहले सूखी सफाई और फिर हाई-प्रेशर जेट मशीनों की मदद से सड़कों, नालियों व फुटपाथों की गीली सफाई की गई। एनडीएमसी की 14 सदस्यीय टीम ने सफाई सैनिकों व निरीक्षकों के साथ मिलकर इस कार्य को पूर्ण किया । चहल ने कहा कि रात्रिकालीन सफाई अभियान में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए परिषद द्वारा मैकेनिकल रोड स्वीपर, जेट स्प्रेयर जैसी आधुनिक सफाई मशीनें खरीदी जा रही हैं, ताकि इस मॉडल को अन्य प्रमुख बाजारों और परिषद की आवासीय कॉलोनियों में भी शीघ्रता से लागू किया जा सके।

**सफाई पर जोर**

- मैकेनिकल रोड स्वीपर, जेट स्प्रेयर जैसी आधुनिक सफाई मशीनें खरीदी जा रही हैं : चहल

## पहलगाम की अमर हुतात्माओं की स्मृति में हुआ पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के आस्था कुंज पार्क में रविवार सुबह पहलगाम हमले की दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।विहिप के प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा, "हमारा संकल्प है कि जब तक आतंकवाद का समूल नाश नहीं होगा, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे।" उन्होंने यह भी बताया कि पहलगाम हमले के बाद से आत्म शांति हेतु यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।बंसल ने हमले की क्रूरता का उल्लेख करते हुए कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर निर्दोष लोगों को निशाना बनाया। उन्होंने सभी भारतीयों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की अपील की।

## पुलिस ने छह बांगलादेशी महिलाओं को किया गिरफ्तार

**काबू**

- सूचना मिली थी कि मंडावली इलाके के धीरज ब्लॉक क्षेत्र में कुछ अवैध बांग्लादेशी नागरिक रह रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पूर्वी जिला पुलिस द्वारा अवैध रूप से भारत में रहे रही छह बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। ये सभी महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में छुपकर रह रही थीं ताकि उनकी पहचान न हो सके। पुलिस ने इन सभी को एफआरआरओ के समक्ष पेश किया। गिरफ्तार की गई महिलाओं की पहचान मीम अख्तर (23), मीना बेगम (35), शेख मुन्नी (36),



पायल शेख (25), सोनिया अख्तर (36) और तानिया खान (34) के रूप में हुई है। पूर्वी जिले के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि मंडावली थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मंडावली इलाके के धीरज ब्लॉक क्षेत्र में कुछ अवैध बांग्लादेशी नागरिक रह रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध बांग्लादेशी महिला को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने पांच और महिलाओं की जानकारी दी जो पहाड़गंज इलाके में रह रही थीं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पकड़ी गई महिला की निशानदेही पर पांच अन्य महिलाओं को गिरफ्तार किया। डीसीपी के अनुसार जांच में इन सभी के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए और ये सभी पिछले एक-दो वर्षों से भारत में अवैध रूप से रह रही थीं।



# सीएम ने एफएमडीए के पूर्व चीफ इंजीनियर को किया निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को फरीदाबाद में मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी की मीटिंग में नगर निगम के पूर्व चीफ इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया। बीके कर्दम ने अमृत योजना के ठेकेदार बृज गोपाल को बिना काम के एडवांस पेमेंट की थी। इस मामले में बीके कर्दम को चार्जशीट भी किया गया था। मुख्यमंत्री सैनी ने मीटिंग में शिकायत सुनने के बाद उन्हें सस्पेंड करने के आदेश दिए। साथ ही पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के भी आदेश दिए। अभी बीके कर्दम हिसार में नगर निगम के चीफ इंजीनियर के पद पर तैनात थे। कुछ महीने पहले शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने ओल्ड फरीदाबाद में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की थी। इस दौरान उन्हें चल रहे विकास कार्यों में कई प्रकार की अनियमितताएं देखने को




मिलीं। कई स्थानों पर काम को अधूरा छोडकर बंद कर दिया गया था, जबकि कुछ जगहों पर कार्य सही तरीके से नहीं किया जा रहा था। इस समीक्षा के दौरान बीके कर्दम की लापरवाही सामने आई। इसके बाद विभाग ने उन्हें 11 फरवरी 2025 को चार्जशीट जारी की। उन्हें 15 दिनों के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया था। गौरतलब है कि 1 दिसंबर 2020 को बीके कर्दम ने करनाल नगर निगम से ट्रांसफर होकर फरीदाबाद नगर निगम का कार्यभार

## जल आपूर्ति योजना के लिए 154 करोड़ का बजट निर्धारित किया

जल आपूर्ति योजना के लिए 154 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। सीवरेज सिस्टम, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज और मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्टर पर बाकी का बजट उपयोग किया जाएगा। हर साल एफएमडीए अपना वार्षिक बजट तैयार करता है और सीएम की अध्यक्षता में होने वाली अथॉरिटी मीटिंग में इसे मंजूरी के लिए प्रस्तुत करता है। पिछले साल लगभग 1500 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया था। इस बार के बजट में यह राशि 51.13 प्रतिशत घटकर 733 करोड़ रुपए पर आ गई है।

संभाला था। 2020 में नगर निगम में हुए 50 करोड़ रुपए के घोटाले की जांच कर रहे चीफ इंजीनियर ठाकुर लाल शर्मा का ट्रांसफर कर दिया गया था और उनकी जगह बिजेंद्र कुमार कर्दम को नियुक्त किया गया था। अप्रैल 2025 में बीके कर्दम का हिसार ट्रांसफर हो गया था। मुख्यमंत्री सैनी हेलिकॉप्टर से सेक्टर 12 स्थित हेलीपैड पर पहुंचे थे। यहां से शाम उन्होंने लघु सचिवालय में एफएमडीए की मीटिंग में शामिल हुए। एफएमडीए ने इस बार 733 करोड़ रुपए का बजट किया, जिसमें से 460 करोड़ रुपए सीधे तौर पर शहर के विकास कार्यों पर खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के छोटे भाई हरि सिंह का निधन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल के छोटे भाई हरि सिंह का रविवार को 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। हरि सिंह ने भिवानी में अपने पैतृक गांव गोलागढ़ में अंतिम सांस ली। हरि सिंह की मौत हार्ट अटैक आने की वजह से हुई है। शाम को ही गोलागढ़ में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। पोते अनिरुद्ध चौधरी ने उन्हें कंधा दिया और तीन बेटों ने एक साथ उन्हें मुखग्नि दी। पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल प्रदेश के चार बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। बंसीलाल आठ भाई-बहन थे। इनमें हरि सिंह सातवें नंबर के थे। हरि सिंह चार बच्चों के पिता थे। हरि सिंह गांव में रहकर खेती बाड़ी करते थे। हरि सिंह के गांव के ही सरपंच प्रतिनिधि संदीप का कहना है कि शनिवार को हरि सिंह बिल्कुल ठीक थे, लेकिन आज सुबह उन्हें हार्ट अटैक आ गया।

# संतो के संदेशों को जन-जन तक पहुंचा रही है भाजपा: मोहन लाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार सनातन धर्म के सम्मान और हरियाणा के विकास के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। हमारी सरकार में लगातार संतो-महापुरुषों की जयंतियों को सरकारी स्तर पर मनाकर उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। श्री बड़ौली ने कहा कि नायब सरकार हरियाणा एक, हरियाणवीं एक के मंत्र पर चलते हुए हर वर्ग का ख्याल रख रही है। श्री बड़ौली रविवार को कैथल स्थित सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस पावन अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने सूर्य कवि पंडित लक्ष्मीचन्द लाइब्रेरी एवं कोचिंग सेंटर का

**सनातन धर्म**

**भगवान परशुराम सनातन धर्म, शौर्य, तप और न्याय परंपरा के प्रेरणास्रोत : पंडित मोहन लाल बड़ौली**

उद्घाटन भी किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शस्त्र एवं शास्त्र के ज्ञाता, धर्म एवं कर्म के प्रतीक भगवान परशुराम का जीवन हमें न्याय और सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण किसी समाज, जाति के नहीं, बल्कि सर्वसमाज के होते हैं।
उन्होंने कहा कि ब्राह्मण का मुख्य काम समाज में नैतिकता और भारतीय संस्कृति के उच्च आदर्शों को स्थापित करना है। श्री बड़ौली ने कहा कि भगवान परशुराम सनातन धर्म, शौर्य, तप और न्याय परंपरा के प्रेरणास्रोत हैं।

## न्यूज फ्लैश

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाए नारनौल जिला के ऐतिहासिक स्थल

**चण्डीगढ़:** मुंबई के जीओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में चल रहे विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव-2025) में नारनौल की ऐतिहासिक इमारतें फिल्म निमार्ताओं को आकर्षित कर रही हैं। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा द्वारा लगाई गई पैवेलियन में न केवल राज्य के एतिहासिक स्थलों को दिखाया जा रहा है बल्कि हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत भी दिखाई जा रही है। सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक नीरज कुमार ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग के मार्गदर्शन में यह पवेलियन लगाया गया है। इसका मुख्य मकसद फिल्मकारों को हरियाणा में फिल्म बनाने के लिए आकर्षित करना है। इस पैवेलियन में नारनौल शहर के ऐतिहासिक स्थान विशेष रुप से छाए हुए हैं। इनमें जल महल, महेंद्रगढ़ का किला, राय बाल मुकुंद का छत्ता, ढोसी हिल्स की वीडियो लगातार प्रदर्शित की जा रही हैं जो बॉलीवुड और हॉलीवुड की प्रसिद्ध कंपनियों को लुभा रही है। इस कार्यक्रम में दुनिया के 130 देशों से कला, संस्कृति, मीडिया, फिल्म और टेक्नोलॉजी से जुड़ी प्रमुख कंपनियां और दिग्गज हस्तियां शामिल हुई हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा फिल्म एवं मनोरंजन नीति-2022 के तहत सब्सिडी देने का प्रावधान भी किया गया है। इसमें चयनित फिल्मों को 50 लाख रुपये से लेकर 2 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है।
इस नीति का मुख्य उद्देश्य न केवल राज्य की लोक संस्कृति को संरक्षित करना और बढ़ावा देना है, बल्कि सिनेमा के माध्यम से लोगों को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करना भी है। साथ ही, इस पहल का उद्देश्य राज्य में रोजगार के अवसर पैदा करना है।
फिल्म नीति के निर्माण के बाद, हरियाणा ने बॉलीवुड के अलावा अन्य भाषाओं में फिल्म बनाने वाले निमार्ताओं को सिंगल-विंडो शूटिंग अनुमतियों और सब्सिडी प्रोत्साहनों के माध्यम से आकर्षित करना शुरू कर दिया है।

### फतेहाबाद में नशा तस्कर मां-बेटी गिरफ्तार, पति व लडका पहले ही जेल में

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने रविवार को 25 लाख रुपये कीमत की 17 किलो 760 ग्राम चरस सहित मां-बेटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान चरणजीत कौर पत्नी अवतार सिंह व उसकी मां हरपाल कौर पत्नी जोगिन्द्र सिंह निवासी बाबा बुटा शाह बस्ती टोहाना के रूप में हुई है। दोनों महिलाओं के खिलाफ थाना शहर टोहाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। महिला हरपाल कौर का पति जोगिन्द्र सिंह व लड़का कुलदीप सिंह भी नशा तस्करी का काम करता है जोगिन्द्र व उसका लडका कुलदीप नशा तस्करी मे जेल मे बंद है। डीएसपी टोहाना उमेद सिंह ने बताया कि एसपी सिद्धांत जैन के निदेर्शानुसार जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत टोहाना पुलिस को सूचना मिली कि बाबा बूटा शाह बस्ती टोहाना में एक महिला हरपाल कौर और उसकी लडकी चरणजीत कौर नशा तस्करी का काम करती है। आज भी मां-बेटी काफी मात्रा में नशा लेकर बेचने के लिए लाई हुई है। इस पर पुलिस टीम ने मां-बेटी को पकडने की योजना बनाई और उनके घर पर रेड की। पुलिस ने मौके से हरपाल कौर और उसकी लडकी चरणजीत दोनों को काबू किया और मकान की तलाशी ली तो कमरे में चारपाई के नीचे छिपाकर रखी गई 17 किलो 760 ग्राम चरस बरामद हुई। बरामद हुई चरस की कीमत करीब 25 लाख रुपये है। पकड़ी गई दोनो महिला आरोपी के खिलाफ थाना शहर टोहाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।


# इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बनाई जा रही है जंगल सफारी: राव

**पर्यावरण सरंक्षण**

**अरावली पर्वत श्रृंखला हरियाणा सहित चार राज्यों के 1.15 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में है फैली**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि बढ़ते प्रदूषण के कारण पर्यावरण सरंक्षण एक वैश्विक चिंता का विषय बनता जा रहा है। पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिए हमें प्रकृति व वन्य जीव सरंक्षण के प्रति संवेदनशील होना होगा। निजी क्षेत्र के साथ-साथ कई नए युवा



स्टार्टअप भी प्रकृति व वन्यजीव सरंक्षण में गरी रूचि दिखा रहे हैं, जो कि सरकारी प्रयासों के साथ-साथ एक सराहनीय पहल है। मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों अपने "मन की बात" कार्यक्रम में वन्य जीवों को बचाने का देशवासियों का आह्वान किया था। इसी कड़ी में हरियाणा वन विभाग अरावली क्षेत्र में जंगल सफारी व ग्रीन वाल प्रोजेक्ट वन जीवों को बचाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि जंगल सफारी परियोजना पहले पर्यटन विभाग द्वारा तैयार की जानी थी परंतु अब मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इसकी जिम्मेदारी वन एवं वन्य जीव विभाग को सौंपी है। विभाग तेजी से कार्य कर रहा है। मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी 7 व 8 जून को जामनगर( गुजरात) के वनतारा परियोजना का दौरा करेंगे। उनके साथ वे स्वयं भी जाएंगे। उन्होंने कहा कि अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के तहत हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली सहित चार राज्यों में 1.15 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि का सुधार बहु-राज्य सहयोग का एक अनुकरणीय मॉडल प्रदर्शित करना है। वनों की स्वदेशी प्रजातियों के साथ वनरोपण, जैव विविधता संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य में सुधार और भूजल पुनर्भरण को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना भी है।

## धनाना अलादादपुर का नाम अब शिव नगरी हुआ

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत जिले की गोहाना तहसील स्थित गांव धनाना अलादादपुर अब शिव नगरी धनाना के नाम से जाना जाएगा। इस ऐतिहासिक निर्णय से गांव में उत्सव का माहौल है और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने इस नाम परिवर्तनके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त किया है। हरियाणा सरकार की ओर से धनाना अलादादपुर को शिवनगरी और मोहम्दाबाद का नाम प्रेम सुख नगर कर दिए जाने की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सैनी को आभार व्यक्त किया है। रविवार को धनाना गांव के प्रमुख लोग भाजपा जिलामीडिया सह प्रभारी डॉ. राममेहर राठी, कथूरा ब्लाक समिति के वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश कुमार, आरएसएस सदस्य राजेंद्र शर्मा, रमेश शर्मा, नीरज शर्मा, पूजारी राजेश, बलबीर शास्त्री, दीपक शास्त्री, लछमन खनगवाल, बलजीत, मोनू सैनी, अनिरुद्ध और रवि गांव केप्राचीन सिद्धपीठ शिव मंदिर में एकत्र हुए और हर्ष व्यक्त किया, मिठाई बांटी। का केंद्र रहा है। बना। अब जब गांव को शिव नगरी धनाना के नाम से मान्यता मिली है, तो ग्रामीण इसे अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का सम्मान मानते हैं।

# नारनौल में नीट परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नारनौल।** प्रशासन द्वारा किए गए पुख्ता प्रबंध के चलते जिला महेंद्रगढ़ में नीट (यूजी) परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई। उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने रविवार को सभी आठ परीक्षा केंद्रों पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद रही। उपायुक्त ने बताया कि मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित इस नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट)

**प्रवेश परीक्षा**

**प्रदेश भर में कुल 162 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 60,687 परीक्षार्थी शामिल होंगे**

प्रवेश परीक्षा के लिए जिला में कुल आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारी तथा ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। जिला में कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली है। नीट परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी की गई सभी गाइडलाइन को अधिकारियों ने फॉलो किया है। पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। इसके अलावा अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा, एसडीएम महेंद्रगढ़ अनिल यादव, एसडीएम नारनौल रमित यादव तथा नगराधीश मंजीत कुमार भी दिनभर निरीक्षण करते रहे।

## मृतक के नाम भेज दिया गेहूं भीगने का नोटिस

**जींद।** जींद की मार्केट कमेटी का अजीबो-गरीब कारनामा सामने आया है। मार्केट कमेटी सचिव ने मंडी की उस फर्म के प्रोपराइटर के नाम नोटिस जारी कर दिया, जिसकी कई माह पहले मौत हो चुकी है और वह गेहूं खरीद का काम भी बंद कर चुका है। मृतक के बेटे ने जब इस बारे में सचिव को बताया तो उसे धमकी देते हुए कहा कि वह उसे दुकानदारी करनी सीखा देगा। मंडी निवासी प्रेमचंद गोयल ने रविवार को बताया कि उनकी नई अनाज मंडी में जय ज्वाला जी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से 217 नंबर दुकान है। इस दुकान के प्रोपराइटर उसके पिता रामधारी मल गोयल हैं।

# बढ़ते जल संकट को लेकर हस्तक्षेप करे केंद्र : सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार से हरियाणा में बढ़ते जल संकट को लेकर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। साथ ही भाखड़ा बांध से हरियाणा को मिलने वाले जल में हो रही कटौती पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। सांसद ने सुझाव दिया है कि हरियाणा को मिलने वाले जल हिस्से में न्यूनतम 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए, ताकि राज्य की बढ़ती जनसंख्या, सिंचाई योग्य भूमि और औद्योगिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल को पत्र लिखकर प्रदेश में बढ़ रहे जल संकट को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि पानी देने में पंजाब मनमानी कर रहा है जबकि हरियाणा में जल संकट काफी गंभीर बना हुआ है। इस जल संकट को लेकर केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा है कि जल समझौते के अनुसार भाखड़ा बांध से हरियाणा को पानी दिलाया जाए। कुमारी सैलजा ने पत्र में लिखा है कि भाखड़ा बांध के तहत हरियाणा को 9500 क्यूसेक जल मिलने का अधिकार है, लेकिन पंजाब सरकार की ओर से निरंतर इसमें कटौती की जा रही

**मांग**

**इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई की जाए और हरियाणा के जल अधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए**

है, जिससे सिरसा सहित प्रदेश के विभिन्न कृषि क्षेत्रों में सिंचाई और पेयजल की स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई है। सांसद सैलजा ने इस बात पर बल दिया कि हरियाणा देश के अन्न उत्पादन और औद्योगिक विकास में अहम भूमिका निभाता है, और ऐसे में जल की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करना अति आवश्यक है। सांसद कुमारी सैलजा ने यह भी मांग की कि भाखड़ा नांगल बांध में गाद की सफाई की परियोजना को शीघ्र प्रारंभ किया जाए ताकि इसकी भंडारण क्षमता में वृद्धि हो सके। कुमारी सैलजा ने यह भी सुझाव दिया कि हरियाणा को मिलने वाले जल हिस्से में न्यूनतम 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए, ताकि राज्य की बढ़ती जनसंख्या, सिंचाई योग्य भूमि और औद्योगिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। सांसद ने केंद्रीय मंत्री से अपील की है कि इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई की जाए और हरियाणा के जल अधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# कुपोषण-एनीमिया के खात्मे के लिए किया टास्क फोर्स का गठन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में महिलाओं व बच्चों में कुपोषण और एनीमिया को खत्म करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कार्यक्रमों की निगरानी और समन्वय के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इस कार्य बल में स्वास्थ्य,आयुष, शिक्षा तथा महिला एवं बाल विकास विभागों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सभी हस्तक्षेपों का प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए हर पखवाड़े टास्क फोर्स की बैठक होगी यह निर्णय आज मुख्य

**समन्वय**

**बागवानी और आयुष विभाग पौधे, बीज उपलब्ध करवाने के साथ तकनीकी सहायता भी प्रदान करेंगे**

सचिव श्री अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में पोषण अभियान के तहत राज्य अभिसरण (कन्वर्जेंस) समिति की छठी बैठक में लिया गया। बैठक के बाद महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल ने बताया कि पोषण 2.0 के तहत जमीनी स्तर पर निगरानी पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसमें गांव स्तर पर पोषण पंचायतों की स्थापना भी शामिल है। गांव स्तर पर हस्तक्षेप को मजबूत करने के लिए ग्राम पंचायतों के तहत 10-15 महिलाओं की उप-समितियां बनाई जा रही हैं। इन उप-समितियों की हर महीने बैठक होगी। ये एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आईसीडीएस) की निगरानी करेंगी, भोजन की गुणवत्ता का सोशल ऑडिट करेंगी, आंगनवाड़ी केंद्रों में मौके पर जाकर जाँच करेंगी और गाँव के स्वास्थ्य कार्यक्रमों में भाग लेंगी। इसके अलावा, राष्ट्रीय सुपोषित पंचायत अभियान के तहत, प्रदेश में समन्वित प्रयासों से कुपोषण को कम करने के लिए ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित किया जाएगा। आहार विविधता को बेहतर बनाने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों, पंचायती भूमि और सामुदायिक स्थानों पर पोषण वाटिकाएं (पोषण उद्यान) बनाने की योजना बनाई गई है। बागवानी और आयुष विभाग पौधे, बीज (औषधीय पौधों सहित) उपलब्ध करवाने के साथ-साथ तकनीकी सहायता भी प्रदान करेंगे। बागवानी विभाग द्वारा सड़क किनारे फलों के पौधे भी लगाए जाएंगे।

# पानी पर गंदी राजनीति कर रही पंजाब सरकार: प्रोमिला पूनिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री प्रोमिला पूनिया ने आरोप लगाया है कि पंजाब की भगवंत मान सरकार पानी के मसले पर ओच्छी व गंदी राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि भाखड़ा के पानी पर हरियाणा का भी हक है और यह उसे हर हाल में मिलेगा। प्रोमिला पूनिया ने रविवार को कहा कि पानी की राजनीति करने वालों को मुंह की खानी पड़ती है। जिस तरह दिल्ली में केजरीवाल सरकार को जनता ने जवाब दिया उसी तरह पंजाब में भी आम आदमी पार्टी का हाल होगा।



भाजपा नेत्री ने कहा कि आज तक के इतिहास में पीने के पानी को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ है। यह निम्न स्तर की राजनीति है, क्योंकि चुनाव आ गए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा का पानी रोकने का कोई हक नहीं है क्योंकि भाखड़ा बांध का एरिया केंद्र सरकार के अंतर्गत आता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा अपने हिस्से का पानी न किसी को देगा और ना किसी किसी ले रहा है बस अपने हिस्से का पानी ले रहा है।प्रोमिला पूनिया ने कहा कि मान सरकार भाखड़ा के पानी को लेकर जिस प्रकार की तुच्छ राजनीति कर रही है, उसके कारण पंजाब व हरियाणा के बीच भाईचारा खराब हो सकता है। हरियाणा में सदैव पंजाब को बड़ा भाई माना है। इसलिए अब बड़े भाई की जिम्मेदारी बनती है।

# सैनी और मान नूराकुश्ती बंद करें, मिलीभगत छोड़-जनहित के बारे में सोचें: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा प्रदेश भयंकर जल संकट से त्राहिमाम है। भाखड़ा का पानी 8,500 क्यूसेक से घटाकर 4,000 क्यूसेक कर दिया गया है। पूरे हरियाणा में पेयजल की भयंकर किल्लत है। 215 जलघर पूरी तरह सूख चुके हैं और 10 जिलों, मुख्यतः कैथल, कुरुक्षेत्र, जींद, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, दादरी, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ में गंभीर जल संकट है। भीषण गर्मी में गाँव के तालाब भी लगभग सूख गए हैं और मवेशी प्यासे मरने की कगार पर खड़े हैं। पूरे प्रदेश में टैंकर माफिया हावी है और 1,000 रुपया प्रति टैंकर के हिसाब से वसूली हो रही है। 15 मई से पहले कपास की फसल-नरमा की बिजाई होनी चाहिए। विशेषतया हरियाणा के कॉटन बाउल, सिरसा,



हिसार व फतेहाबाद, जहाँ 5 लाख हेक्टेयर नरमा की बुआई होती है, वह गंभीर संकट में है। हरियाणा में उत्पन्न भयंकर जल संकट के बीच पंजाब व हरियाणा के मुख्यमंत्री, भगवंत मान व नायब सैनी केवल बयानबाजी और एक दूसरे को लव लैटर लिखने में व्यस्त हैं, या फिर चंडीगढ़ में दोनों इकट्ठे होकर फोटो खिंचवाते या गलबईयाँ करते नजर आते हैं।पंजाब के मुख्यमंत्री, भगवंत मान के सिर पर सत्ता का नशा चढ़कर बोल रहा है, तो नायब सैनी केंद्रीय भाजपा सरकार, खासतौर से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी व बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर से हरियाणा का हक दिलवाने की बजाय कभी सर्वदलीय बैठक का स्वांग रचते हैं,

**मांग**

**प्रधानमंत्री संविधान की धारा 257 में पंजाब को आदेश जारी करें - हरियाणा का पानी दिलवाएं:**

तो कभी अदालत का दरवाजा खटखटाने के बहाने ढूंढते हैं। बदनीयत साफ है - एक दूसरे से नूराकुश्ती करते जाओ और राजनीति चमकाते जाओ। केंद्र की भाजपा सरकार का रवैया तो और चौंकाने वाला है। मोदी सरकार गर्मी में रजाई ओढ़कर ऐसे सोई पड़ी है, जैसे उसका पंजाब या हरियाणा से कोई वास्ता ही न हो। BBMB (भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड) केंद्र सरकार की परियोजना है। BBMB के बोर्ड का गठन देश के बिजली मंत्रालय द्वारा किया जाता है, जिसके मंत्री मनोहर लाल खट्टर हैं। BBMB पर सीधा नियंत्रण भी बिजली मंत्रालय का है। भाखड़ा-नंगल डैम भी पूरी तरह से BBMB व बिजली मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन है। बोर्ड ही पंजाब और हरियाणा के हिस्से का पानी छोड़ने का निर्णय करता है। पर इन सबके बीच भारत सरकार का बिजली मंत्रालय, केंद्रीय बिजली मंत्री, मनोहर लाल खट्टर व मोदी सरकार गायब हो गए हैं। पंजाब सरकार ने भाखड़ा-नंगल डैम पर पुलिस लगाकर वह सारा सिस्टम जहाँ से डैम में से रैगुलेटर गेट्स से पानी छोड़ा जाता है, उन पर ताला लगा दिया व पंजाब पुलिस ने चाबी अपने कब्जे में ले ली।

# पंजाबी कविता मानवीय भावनाओं को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यमः प्रो. एन.एस. कौशल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में पंजाबी साहित्य सभा, पंजाबी विभाग, और हरियाणा केंद्रीय पंजाबी लेखक सभा के संयुक्त तत्वावधान में 03 मई को विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉन्ज में हरियाणवी पंजाबी कवियां दे अंग संग कवि दरबार का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर नरविंदर सिंह कौशल पूर्व, डीन, भाषा एवं कला संकाय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने कहा कि पंजाबी कविता मानवीय भावनाओं को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। ऐसे कवि दरबारों के माध्यम से नई पीढ़ी में भाषा और संस्कृति के प्रति रुचि पैदा होती है। यह मंच पंजाबी साहित्य की सेवा करने वाले कवियों को नई प्रेरणा प्रदान करता है ।



कार्यक्रम की शुरूआत में पंजाबी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचने वाले सभी अतिथियों, कवियों का स्वागत करते हुए कहा कि लेखकों की नई पीढ़ी को आगे लाकर हरियाणा का पंजाबी साहित्य विश्व के पंजाबी साहित्य के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा। सुदर्शन गासो, अध्यक्ष, हरियाणा केंद्रीय पंजाबी लेखक सभा ने स्वागत भाषण देते हुए हरियाणा में साहित्यिक क्षेत्र में पंजाबी की स्थापना की बात करते हुए कहा कि हम सदैव पंजाबी साहित्य और लेखकों की सेवा के लिए तत्पर रहे है। इसके बाद हरियाणा पंजाबी साहित्य की तीन पुस्तकें मिट्टी बोल पई, बाल नाटक संग्रह, मनजीत कौर अम्बालवी, बैठा सोढ़ी पातिसाहु, महाकाव्य, गुरदयाल सिंह निमर और अन्तर युद्ध, काव्य संग्रह, डॉ. बलवान औजला आदि पंजाबी साहित्य क्षेत्र की नई पुस्तको का विमोचन किया गया।

पुस्तक विमोचन के बाद कवि दरबार के युवा कवि गुरदत्त सिंह ने जुझारवादी क्रांतिकारी स्वर में अपनी कविता पढ़ी। बलजीत सिंह ने भारतीय रुढ़िवादी वर्ग परंपरा

**विमोचन**

**कवि दरबार में पंजाबी साहित्य क्षेत्र की नई पुस्तकों का हुआ विमोचन**

और हाशिये पर पड़े लोगों की त्रासदी को धीमे स्वर में कविता के माध्यम से व्यक्त किया। कवि डॉ. बलवान औजला ने पुआधि भाषा में अपनी काव्यात्मक कविता के माध्यम से अपनी पुआधि संस्कृति के लुप्त होते रंग के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। सूबेदार निशान सिंह राठौड़ ने शिक्षा के प्रति सरकार की खराब नीतियों को प्रस्तुत किया तथा कविता के माध्यम से आज के समाज में हो रहे बदलावों पर प्रकाश डाला। कवि तरलोचन मीर ने खुली कविता कतल के माध्यम से मनुष्य के आंतरिक प्रेम और बाहरी विकास को अलग-अलग करके पैदा हुए अंतर को व्यक्त किया। कवयित्री गुरप्रीत कौर अम्बाला ने तरन्नुम में अपना रोमांटिक गीत प्रस्तुत किया। डॉ. तिलक राज ने प्रेम दर्शन को काव्य का विषय बनाया और काव्य के माध्यम से धार्मिक आडंबरों पर निशाना साधा। गुरप्रीत कौर गिल ने रहस्यमयी कविता सुनाते हुए पाखंडवाद पर प्रहार किया। निर्मल कोमल ने फर्क होता है कविता के माध्यम से यथार्थ और झूठ के मध्य पैदा हुए अंतर पर प्रकाश डाला। गुरचरण सिंह जोगी अपनी कविता के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को नए तरीके से प्रस्तुत करते हुए आधुनिक समय में देश पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को अपनी कविता के माध्यम से व्यक्त किया। देविंदर बीबीपुरिया ने अपनी गजल के माध्यम से रिश्तों के टूटने को मुख्य विषय के रूप में प्रस्तुत किया। मंजीत कौर अम्बालवी ने युद्धों के भारी बोझ से बाहर आकर बहुत ही शालीनता के अंदाज में शांति की बात की।

# जनगणना देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने का महत्वपूर्ण मध्यम : लाली शर्मा

**जाति जनगणना**

**लाली शर्मा ने कहा राहुल गांधी सड़क से लेकर संसद तक जाति जनगणना के मुखर समर्थक रहे हैं ।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : भारत एक विविधताओं से भरा हुआ देश है जहां विभिन्न भाषाएं , संस्कृतियां और जातियां मौजूद हैं ।जनगणना हमारे देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने को महत्वपूर्ण मध्यम है ।कांग्रेस के वृष्ठ नेता लाली शर्मा ने कहा राहुल गांधी सड़क से लेकर संसद तक जाति जनगणना के मुखर समर्थक रहे हैं । उन्होंने कई बार सार्वजनिक मंचों, प्रेस कॉन्फ्रेंस और संसद में इस मुद्दे को उठाया है ।शर्मा ने कहा कि जाति आधारित जनगणना न केवल सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है बल्कि यह आर्थिक और राजनीतिक



रूप से पिछड़े वर्गों को उनका हक दिलाने का भी माध्यम है। देश की जनसंख्या का जाति के आधार पर विवरण इकट्ठा करना भारत में अंतिम बार संपूर्ण जाति आधारित जनगणना 1931 में हुई थी उसके बाद से केवल अनुसूचित जाति एससी और अनुसूचित जनजाति (रळ)की जानकारी ही नियमित जनगणना में दी जाती है लेकिन अन्य जातियों के आंकड़े उपलब्ध नहीं होते। इससे सरकार को सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए प्रभावी योजनाएं बनाने में मदद मिलती है। सही आंकड़े होने पर आरक्षण और अन्य लाभों का नयायसंगत वितरण किया जा सकता है जातिगत आंकड़े यह है दशार्ते हैं कि किन वर्गों को अभी भी मुख्य धारा में लाने की जरूरत है ।राजनीतिक दलों को भी इससे सही प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है । उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का कहना है कि अगर हमें वंचित वर्गों को सशक्त बनाना है तो हमें यह जानना जरूरी है कि समाज में उनकी संख्या कितनी है। उनका प्रसिद्ध नारा है जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी ।इसके माध्यम से वह यह संदेश देते हैं कि संसाधनों और अवसरों का वितरण जनसंख्या के अनुसार होना चाहिए। जनगणना से यह है स्पष्ट होगा कि कौन से समुदाय नौकरियों ,शिक्षा और संसाधनों में कितना प्रतिनिधित्व रखते हैं ।इससे असमानता को ठीक करने में मदद मिलेगी । उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जाति जनगणना को सामाजिक समानता की दिशा में एक अनिवार्य कदम मानती हैं।

# फिटनेस हमारे जीवन का अभिन्न अंगः प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने फिट इंडिया - रविवार को साइकिल अभियान के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिठाता विभाग की ओर से सभी शिक्षण विभागों के स्वयंसेवकों के लिए आयोजित साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । यह साइकिल यात्रा कुलपति निवास से यूनिवर्सिटी मार्केट होते हुए छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय पर जाकर सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि फिटनेस हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। मानसिक और शारीरिक फिटनेस ही हमारी असली संपत्ति है। इस तरह की पहल देखना



वाकई अच्छा है, जहां लोग साइकिल चलाने के लिए एक साथ आ रहे हैं और आम तौर पर बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। मुझे खुशी है कि फिट इंडिया ऐसा कर रहा है और मुझे उम्मीद है कि यह आगे भी बढ़ता रहेगा।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति ने सैकड़ों लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. दिनेश राणा, प्रो. अमित लूदरी, प्रो. सुशीला चौहान, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. चन्द्रकांत, प्रो. दीपक राय बब्बर, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. राजरतन, डॉ. सुखविन्द्र सिंह, डॉ. पूजा, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला सहित शिक्षक, विद्यार्थी मौजूद थे।

# राजलू गढ़ी निवासी योगेंद्र का एटीएम कार्ड बदलकर खाते से १९ हजार निकाले

**गन्नौर**
जीटी रोड स्थित एक बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गए व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर ठग १९ हजार रुपये निकाल ले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत बडी थाना पुलिस को दी। शिकायत में राजलू गढ़ी निवासी योगेंद्र ने बताया कि उसने ३ मई को जीटी रोडभारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से ८ हजार रुपये निकाले थे। इस दौरान एटीएम पर दो लड़के खड़े थे। उन्होंने बातों में उलझा कर उसका एटीएम बदल लिया और उसके खाते से दो बार में १९ हजार रुपये निकाल लिए। जब वह घर पहुंचा तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ ठगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस एटीएम व आस-पास लगे सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाल रही है।

# दूसरों का कल्याण चाहने वालों की पूजा हमेशा सफल होती है : राजेंद्र पुरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,** : रविवार की जग ज्योति दरबार में अग्नि तपस्या के उपरांत श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि जो मानव सभी प्राणियों व जीवों में भगवान का स्वरूप देखे व बिना भेदभाव दूसरों के कल्याण की बात करते हुए पूजन में लीन रहे वही सच्चा इंसान है। उन्होंने कहा कि अगर हर इंसान दूसरों का हित चाहकर कर्म करे तो देश तथा विश्व का कल्याण होगा व समाज विकसित होकर खुशहाल बनेगा। दूसरों का कल्याण चाहने वालों की पूजा एवं तपस्या हमेशा सफल होती है। अग्नि तपस्या के उपरांत श्रद्धालुओं संग संकीर्तन करते हुए महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि कलयुग में भगवान राम का नाम जपने मात्र से प्राणी का कल्याण होता है।

इस अवसर पर जगदीश सिंह, कुलवंत सिंह, जगतार, रवींद्र सैनी, संजय शर्मा, राजीव कुमार, सुजाता अरोड़ा, कौशल्या, राज कुमारी, अजय राठी एवं विजय राठी इत्यादि भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### किसी भी समाज का वास्तविक विकास महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारितः डॉ. ममता सचदेवा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** :
किसी भी समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है जब उस समाज की महिलाओं को सशक्त किया जाए और उन्हें समान अधिकार मिले। जब तक महिलाएं समाज में बराबरी का दर्जा नहीं प्राप्त करती, तब तक वह समाज अपने पूर्ण रूप में विकसित नहीं हो सकता। यह विचार सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना को चरितार्थ करते हुए भारत विकास परिषद्, मैत्रेयी शाखा, कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में, शाखा अध्यक्षा डॉ. ममता सचदेवा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित परिचयात्मक बैठक एवं सेवा कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान हवन, पौधारोपण, पक्षियों हेतु जल पात्रों की स्थापना, तथा पाठ्य सामग्री वितरण जैसे सेवा कार्य संपन्न किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व अध्यक्ष श्री पवन गुप्ता, डॉ. रमेश ढांडा, तथा प्रांतीय दायित्वधारी श्री रमेश गुलाटी के मार्गदर्शन में वैदिक परंपरा के अनुरूप हवन से हुआ, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ।

डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सदियों से नारी सशक्तिकरण के विषय में जागरूकता रही है। नारी के अस्तित्व में ऐसी शक्ति है, जो समाज को हर रूप में प्रभावित करती है।

उन्होंने सामाजिक सहभागिता एवं नेतृत्व क्षमता पर भी अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि रत्न चंद सरदाना ने अपने वक्तव्य में संगठनात्मक एकता, सेवाभाव एवं सहयोग की भावना पर विशेष बल दिया।विशिष्ट अतिथि अतुल गोयल ने भारत विकास परिषद् की स्थापना, उद्देश्यों तथा उसकी विभिन्न गतिविधियों और नियमावली पर विस्तार से प्रकाश डाला। शाखा सचिव डॉ. नीलम ढांडा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ. अनीता भटनागर और सह-संयोजिका डॉ. मीनाक्षी सुहाग के सतत प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल करते हुए पौधारोपण किया गया तथा पक्षियों के लिए जलपात्र स्थापित किए गए ।कार्यक्रम के समापन पर वित्त सचिव डॉ. सलोनी पी. दीवान ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

राष्ट्रगान के साथ यह प्रेरणादायक आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मैत्रेयी महिला शाखा की सदस्य डॉ. अंजू चावला, डॉ. सुनीता दलाल, डॉ. अनीता दुआ, डॉ. सुनीता सिरोहा, डॉ. सुमन मेहन्दिया, डॉ. मेघा, डॉ. श्वेता आदि मौजूद थे।

# जिला पुलिस की कामयाबी, नशीला पदार्थ रखने की दो महिला आरोपी काबू




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने की दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में एंटी नारकोटिक सैल ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में गांधीनगर वासीयान दो महिलाओं को काबू करके उनके कब्जे से 14 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 3 मई 2025 को एंटी नारकोटिक सैल के सहायक उप निरीक्षक सुखबीर सिंह, पवन कुमार, मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार, नवीन कुमार, ईएसआई जगपाल व महिला सिपाही शिवानी तथा रश्मि की टीम एंटी नारकोटिक सैल में मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांधीनगर वासी दो महिलाएं चूरापोस्त बेचने का काम करती हैं। महिलाएं यूपी व दिल्ली से सस्ते दामों में चूरापोस्त खरीदकर हरियाणा में महंगे दामों में बेचती है। आज भी दोनों महिलाएं यूपी से चूरापोस्त खरीदकर अम्बाला से बस द्वारा पीपली आयेंगी। अगर पीपली बस अड्डे के पास निगरानी की जाये तो दोनों महिलाओं के पास से भारी मात्रा मी चूरापोस्त बरामद हो सकता है।

# स्वास्थ्य बीमा से रहता पूरा परिवार तनावमुक्त : कपिल कौशिक

**स्वास्थ्य बीमा**

**स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है, और इस धन की रक्षा करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है, और इस धन की रक्षा करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इस विचार को साकार करते हुए, आज एक निजी होटल में आयोजित विशेष जागरूकता गोष्ठी ने स्वास्थ्य बीमा के महत्व को रेखांकित किया। इस गोष्ठी का मुख्य विषय था "स्वास्थ्य, आपकी सुरक्षा बीमा से बने मजबूत"। इस कार्यक्रम में इंश्योरेंस सेक्टर के प्रख्यात विशेषज्ञ कपिल कौशिक और प्रसिद्ध स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. संजय शर्मा ने अपने विचार साझा



किए। दोनों वक्ताओं ने अपनी जीवन यात्रा और अनुभवों से यह समझाया कि कैसे हेल्थ इंश्योरेंस किसी भी कठिन परिस्थिति में हमें सुरक्षा और सहारा देता है। कपिल कौशिक ने सरल और प्रभावशाली तरीके से कहा कि आज के समय में बीमा सिर्फ एक कागजी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक अदृश्य सुरक्षा कवच है जो हमें अनिश्चित भविष्य से बचाता है और हमारे परिवार को भी संकट से बचाता है। डॉ. संजय शर्मा ने बहुत ही दिल छूने वाले शब्दों में कहा स्वास्थ्य एक ऐसा अमूल्य रत्न है, जिसे हम तब तक महत्व नहीं देते, जब तक वह हमसे दूर नहीं हो जाता। अस्पतालों के गलियारों में इलाज की प्रतीक्षा करते हुए न सिर्फ शरीर टूटता है, बल्कि हमारे सपने भी चूर हो जाते हैं। परंतु, एक सही समय पर लिया गया बीमा किसी परिवार के आंसुओं को मुस्कान में बदल सकता है। हेल्थ इंश्योरेंस केवल इलाज का साधन नहीं है, यह हमारे अपनों की खुशी और सुरक्षा का सबसे बड़ा प्रहरी है।

गोष्ठी के दौरान कई श्रोताओं ने अपनी व्यक्तिगत कठिनाइयों और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को साझा किया। विशेषज्ञों ने उनके सवालों का समाधान किया और उन्हें यह विश्वास दिलाया कि सही निर्णय लेने से उनका भविष्य सुरक्षित हो सकता है।

कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी से एक महत्वपूर्ण अपील कीः "बीमा केवल एक वित्तीय उत्पाद नहीं है, यह आपके अपनों के भविष्य का एक वचन है। इसे अपनाकर आप न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि समाज की भी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। जागरूक बनें, सुरक्षित बनें।"

यह गोष्ठी न केवल जानकारी का स्रोत बनी, बल्कि यह एक स्थायी संदेश छोड़ गई कि "स्वास्थ्य और सुरक्षा के बीच एक सेतु है और वह सेतु है बीमा।" इस अवसर पर वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक, ,स्टार हेल्थ एरिया मैनेजर , दीवाकर सूद, दीपक गुप्ता, जगदीश चौहान, देवेंद्र लालर, बलबीर सिंह, रमन हांडा, दिवाकर गोयल,पार्थ कौशिक,सचिन सिन्हा, हुकम सिंह, पंकज, विकास, रजनीश, सुरेश शर्मा, मुकेश शर्मा, कपिल मित्तल, जिम्मी , सुरेश पाल, गुरमीत सिंह , वीरेन्द्र कुमार जीरबड़ी , राजेश सैनी इत्यादि मौजूद रहे।

# नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया जन्मदिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,**: नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया की 307 वीं जयंती पर अहलूवालिया वालिया समाज की गणमान्य व्यक्तियों ने माल्यार्पण कर उनका जन्म दिवस मनाया।

इस अवसर पर आहलूवालिया सभा के प्रधान नरेंद्र वालिया ने कहा बाबा जस्सा सिंह अहलूवालिया जी की जयंती 3 मई एक प्रेरणादायक दिन है इस दिन को स्वर्णिम दिन के तौर पर हमें मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वजों का जन्मदिन मनाना बीते दिनों की स्मृतियों का दिन होता है साथ ही उनके द्वारा समाज को दिए योगदान की कृतज्ञता



प्रकट करने का अवसर होता है। उनके दिए संस्कार हमें राष्ट्र व समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने को लेकर प्रेरित करते है। इस अवसर पर अहलूवालिया सभा के संरक्षक राजेंद्र वालिया,वीरेंद्र वालिया, प्रदीप बलिया, सुरेंद्र वालिया, प्रवीण बलिया, विजेंद्र वालिया, प्रदीप रोशा, अनिरुद्ध वालिया, सतीश वालिया, जगदीश वालिया, सुभाष वालिया, धनंजय रोशा, सतपाल वालिया, रणधीर वालिया, वीरेंद्र वालिया, गौरव वालिया, माधव वालिया, राधव वालिया ने माल्यार्पण कर बाबा जस्सा सिंह के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प किया।

# खरीद एजेंसियों ने खरीदा 5 लाख 56 हजार 361 एमटी गेहूं:नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,** : उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विभिन्न खरीद केन्द्रों और मंडियों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा 5 लाख 56 हजार 361 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। इन खरीद केन्द्रों से 95 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा किया गया है।

उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि गेहूं के सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा 3 लाख 24 हजार 092 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है। इसके अलावा हैफेड ने 201274 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 8 हजार 987 एमटी, प्राइवेट एजेंसियों द्वारा 22008 एमटी गेहूं खरीदा है।



उन्होंने कहा कि खादय आपूर्ति द्वारा 92 प्रतिशत, हैफेड द्वारा 98 प्रतिशत, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 100 प्रतिशत और निजी एजेंसियों द्वारा 100 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया है।

उन्होंने कहा कि इस जिले में अब तक 5 लाख 56 हजार 361 एमटी गेहूं खरीदा है, इसमें से 20 हजार 288 एमटी एफसीआई को डिलीवर किया गया है।

# भारतीय खेल प्राधिकरण ने फिट इंडिया साइकिल रैली का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** :भारतीय खेल प्राधिकरण ने फिट इंडिया साइकिल रैली का किया आयोजन ।कुरुक्षेत्र मे भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा फिट इंडिया साइकिल रैली का आयोजन करवाया गया` कार्यक्रम का शुभारंभ राधा कृष्ण सनातन धर्म कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर दीपक सैनी, पूजा मॉडर्न स्कूल के चेयरमैन श्री विकास दीप संधू, मनोज पीटीआई मुनीश धीमान अग्रसेन स्कूल विकास और मनप्रीत कौर पूजा मॉडर्न स्कूल। भारतीय खेल प्रशिक्षण के सहायक निदेशक श्री बाबु राम



रावल, जिला खेल अधिकारी श्री मनोज कुमार,डीपीआरओ श्री नरेंद्र सिंह, पूर्व जिला खेल अधिकारी श्री यशवीर सिंह, पूर्व हॉकी चीफ कोच श्री गुरविंदर सिंह, हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर साइकिलिंग श्री कुलदीप सिंह, द्वारा युवाओ को झंडी दिखाकर रवाना किया गया` 100 से ज्यादा प्रतिभागियो ने इसमे भाग लिया कार्यक्रम का उद्धेश्य फिटनेस व पर्यावरण संरक्षण का है` फिट इंडिया एक पहल है जिसका उद्देश्य भारतीयों को शारीरिक रूप से सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

## संपादकीय

# वैश्विक शांति में आतंकवाद एक बड़ा अवरोध

**समग्र** रूप से वैश्विक स्तर पर देखें तो आतंकवाद कई देशों के लिए बड़ा नासूर बन चुका है। भारत में पहलगाम घटना को लिया जाए तो निर्दोष 27 भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या इसका एक बड़ा उदाहरण है वैश्विक परिपेक्ष में देखें तो वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद बहुत बड़ा अवरोध और बड़ी रुकावट है इसका स्थाई समाधान निकाला जाना चाहिए अन्यथा मानवता कराहने लगेगी और ऐसे ही निर्दोष मासूम नागरिकों की हत्या होती रहेगी इनके विरुद्ध कडे से कड़ा कदम उठाकर इनकी जड़े ही खत्म कर देनी चाहिए और आतंकवादियों को चुन चुन कर मारा जाना चाहिए। इसराइल हमास युद्ध किसकी एक बड़ी कड़ी है और अब भारत सरकार भी पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के साथ उनके पालनहारों को भी खत्म करने में लगी हुई है।

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है।


# जातिगत जनगणना के हैं बहुआयाम

**प्रमोद भार्गव**

> "ज्यादातर मुसलमान जाति के आधार पर जनगणना को नकारते हुए जनगणना प्रारूप में केवल धर्म और लिंग दर्ज करते हैं। जाति का खाना अकसर खाली छोड़ दिया जाता है अथवा उसमें मुसलमान लिख कर कर्त्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है। जबकि एम एजाज अली के मुताबिक मुसलमान भी चार श्रेणियों में विभाजित हैं। उच्च वर्ग में सैयद, शेख, पठान, अब्दुल्ला, मिर्जा, मुगल, अशरफ जातियां सुमार हैं। पिछड़े वर्ग में कुंजड़ा, जुलाहा, धुनिया, दर्जी, रंगरेज, डफाली, नाई, पमारिया आदि शामिल हैं। पठारी क्षेत्रों में रहने वाले मुस्लिम आदिवासी जनजातियों की श्रेणी में आते हैं। अनुसूचित जातियों के समतुल्य धोबी, नट, बंजारा, बक्खो, हलालखोर, कलंदर, मदारी, डोम, मेहतर, मोची, पासी, खटीक, जोगी, फकीर आदि हैं। मुस्लिमों में ये ऐसी प्रमुख जातियां हैं"

आखिकार केंद्र सरकार ने जाति आधारित जनगणना को हरी झंडी देकर एक अच्छी पहल की है। इस गणना में धार्मिक और आर्थिक आंकड़े तो लिए ही जाएंगे, गरीबी और अमीरी के आंकड़े भी स्पष्ट तौर से रेखांकित हो जाएंगे। विभिन्न धर्मों के धर्मावलंबियों की संख्या भी सुनिश्चित हो जाएगी। हालांकि एक समय जातीय आधार पर जनगणना का विरोध कांग्रेस समेत अनेक राजनैतिक दल इसलिए कर रहे थे कि इससे जातिवाद और मजबूत होगा, जबकि एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र में जाति तोड़ने के उपाय होने चाहिए। लेकिन राहुल गांधी ने जातीय जनगणना के पैरोकार बनकर ऐसे हालात पैदा कर दिए कि भाजपा नेतृत्व वाली राजग सरकार को यह निर्णय लेना पड़ा। हालांकि भाजपा ने जातीय गिनती का कभी स्पश्ट रूप में विरोध नहीं किया। अलबत्ता देश की हकीकत यह है कि जाति तोड़ने के जितने भी सनातन उपाय किए गये हैं, वे असफल ही रहे हैं। विनायक दमोदर सावरकर ने तो हिन्दुओं का जातिगत ढांचा नष्ट करने का संकल्प भी लिया था, लेकिन वे विफल रहे।

गणना की इस प्रणाली से कई अहं और नए पहलू सामने आएंगे। बृहत्तर हिन्दू समाज (हिन्दू, जैन, बौद्ध, सिख) में जिस जातीय संरचना को ब्राह्मणवादी व्यवस्था का दुष्चक्र माना जाता है, हकीकत में यह व्यवस्था कितनी पुख्ता है, इसका खुलासा होगा। मुस्लिम समाज में भी जातिप्रथा पर पर्दा डला हुआ है। आभिजात्य मुस्लिम वर्ग यही स्थिति बहाल रखना चाहता है, जिससे सरकारी योजनाओं के जो लाभ हैं वे पूर्व से ही संपन्न लोगों को मिलते रहें। जबकि मुसलमानों की सौ से अधिक जातियां हैं, परंतु इनकी जनगणना का आधार धर्म और लिंग है। अल्पसंख्यक समुदाओं में से एक पारसियों की घटती आबादी की स्थिति भी जातीय गणना से साफ होगी। क्योंकि हाल ही में इस समुदाय को प्रजनन सहायता योजना चलाकर जनसंख्या वृद्धि दर बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। पिछड़ों की समृद्ध जातियां, जाति आधारित जनगणना कराए जाने पर इसलिए दबाव डालती चली आ रही थीं, जिसमें पिछड़ों को उनकी जातीय प्रतिशत के हिसाब से आरक्षण सुविधा का लाभ मिले। आर्थिक और शैक्षिक आंकड़े सामने आने पर



आरक्षण की सुविधा से यदि धनी पिछड़ों को अलग किया जाता है तो इन आंकड़ों की महत्ता सार्थक होगी। नरेंद्र मोदी जबसे प्रधानमंत्री बने हैं, तब से भाजपा नेतृत्व प्रत्येक विपरीत स्थिति को अपने लाभ में परिवर्तित करने में सफल रहा है। मुद्दों को भुनाने में भाजपा भाषणों से लेकर जमीनी रणनीति की बिसात कुछ इस तरह से बिछाती है कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल औंधे मुंह गिरते है। बावजूद 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को चार सौ पार रोकने में जातीय जनगणना और संविधान बदलने के मुद्दे विपक्ष को काम आए। इसी का परिणाम रहा कि उप्र में भाजपा की सीटें 62 से घटकर 33 रह गईं। इसी के चलते भाजपा स्पश्ट बहुमत के आंकड़े से दो सीटें पीछे रह गई। पिछड़ने के इस कारण में उप्र के पिछड़ों की नाराजी दिखाई दी। अतएव भाजपा और संघ असमंजस की स्थिति से उबरे और जातीय आधारित जनगणना कराने का अहम निर्णय ले लिया। आखिर में भाजपा इसका श्रेय ले लेगी। वैसे भी इस समय भाजपा प्रमुख रूप से पिछड़ों की ही पार्टी दिखाई दे रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी वर्ग से आते हैं। जातिवार जनगणना और उससे वर्तमान आरक्षण पद्धति में परिवर्तन की उम्मीद को लेकर पिछड़े तबके के अलंबदार लालू-मुलायम-शरद का जोर था कि पिछड़ी जातियों की गिनती अनुसूचित जाति व जनजातियों की तरह कराई जाए। क्योंकि आरक्षण के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 16 की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह पहल जरूरी थी। लेकिन आरक्षण किसी भी जाति के समग्र उत्थान का मूल कभी नहीं बन सकता। क्योंकि आरक्षण के सामाजिक सरोकार केवल संसाधनों के बंटवारे और उपलब्ध अवसरों में भागीदारी से जुड़े हैं। इस आरक्षण की मांग शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार और अब ग्रामीण अकुशल बेरोजगारों के लिए सरकारी योजनाओं में हिस्सेदारी से जुड़ गई हैं। परंतु जब तक सरकार समावेशी आर्थिक नीतियों को अमल में लाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक नहीं पहुंचती तब तक पिछड़ी या निम्न जाति अथवा आय के स्तर पर पिछले छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार नहीं आ सकता। लेकिन यहां सवाल उठता है कि पूंजीवाद की पोषक सरकारें समावेशी आर्थिक विकास की पक्षधर क्यों होगी ? वैसे भी हमारा संविधान उस साठ फीसदी गरीब आबादी की वकालात नहीं करता, जिसे दो जून की रोटी भी वक्त पर नसीब नहीं होती। क्योंकि यही वह संविधान है जो प्रत्येक देशवासी को भोजन का अधिकार तो देता है लेकिन भूमि के व्यावसायिक अधिग्रहण को जायज ठहराया है। साधारण नमक और कंपनियों को पानी का अधिकार देकर बुनियादी हकों की समस्याएं खड़ी करता है। बाघ और चीता अभ्यारण्य बनाकर ग्रामीणों की नींद उड़ाता है। मुस्लिम धर्म के पैरोकार यह दुहाई देते हैं कि इस्लाम में जातिप्रथा की कोई गुंजाइश नहीं है।

इसलिए ज्यादातर मुसलमान जाति के आधार पर जनगणना को नकारते हुए जनगणना प्रारूप में केवल धर्म और लिंग दर्ज करते हैं। जाति का खाना अकसर खाली छोड़ दिया जाता है अथवा उसमें मुसलमान लिख कर कर्त्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है। जबकि एम एजाज अली के मुताबिक मुसलमान भी चार श्रेणियों में विभाजित हैं। उच्च वर्ग में सैयद, शेख, पठान, अब्दुल्ला, मिर्जा, मुगल, अशरफ जातियां सुमार हैं। पिछड़े वर्ग में कुंजड़ा, जुलाहा, धुनिया, दर्जी, रंगरेज, डफाली, नाई, पमारिया आदि शामिल हैं। पठारी क्षेत्रों में रहने वाले मुस्लिम आदिवासी जनजातियों की श्रेणी में आते हैं। अनुसूचित जातियों के समतुल्य धोबी, नट, बंजारा, बक्खो, हलालखोर, कलंदर, मदारी, डोम, मेहतर, मोची, पासी, खटीक, जोगी, फकीर आदि हैं। मुस्लिमों में ये ऐसी प्रमुख जातियां हैं, जो पूरे देश में लगभग इन्हीं नामों से जानी जाती हैं। इसके अलावा देश के राज्यों में ऐसी कई जातियां हैं जो क्षेत्रीयता के दायरे में हैं। जैसे बंगाल में मण्डल, विश्वास, चौधरी, राएन, हालदार, सिकदर आदि। यही जातीयां बंगाल में मुस्लिमों में बहुसंख्यक हैं। इसी तरह दक्षिण भारत में मरक्का, राऊथर, लब्बई, मालाबारी, पुस्लर, बोरेवाल, गारदीय, बहना, छप्परबंद आदि। उत्तर-पूर्वी भारत के असम, नागालैंड, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि में विभिन्न उपजातियों के क्षेत्रीय मुसलमान हैं। राजस्थान में सरहदी, फीलबान, बक्सेवाले आदि हैं। गुजरात में संगतराश, छीपा जैसी अनेक नामों से जानी जाने वाली बिरादरियां हैं। जम्मू-कश्मीर में ढोलकवाल, गुडवाल, बकरवाल, गोरखन, वेदा (मून) मरासी, डुबडुबा, हैंगी आदि जातियां हैं। इसी प्रकार पंजाब में राइनों और खटीकों की भरमार है। इतनी प्रत्यक्ष जातियां होने के बावजूद मुसलमानों को लेकर यह भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि ये जातीय दुष्चक्र की गुंजलक में नहीं जकड़े हैं। दरअसल जाति-विच्छेद पर आवरण कुलीन मुस्लिमों की कुटिल चालाकी है। इनका मकसद विभिन्न मुस्लिम जातियों को एक सूत्र में बांधना कतई नहीं है। गोया, ये इस छद्म आवरण की ओट में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं पर एकाधिकार रखना चाहते हैं। जिससे इनका और इनकी पीढ़ियों को लाभ मिलता रहे। सलिए धर्म आधारित मुस्लिम जनगणना में जाति का खाना भी अब सुनिष्चित होगा।

## कविता

### कामनाओं, आकांक्षाओं से मुक्त

नदिया, पहाड़ और झरने
सदैव एक से होते हैं
ना बाढ़ से परेशान
ना सुखे से हलाकान,
पहाड़ चट्टान सदृश्य कठोर
नदियों में निर्बाध प्लावन
झरनों में स्निग्धता,
परिस्थितियों भी
मौसम की तरह है
कभी सावन, कभी
भादो,कभी आषाढ़
कभी भयानक सूखा
कभी भयानक बाढ़,
हे मनुष्य,
जीवन तो जीवन है
तेरा मेरा नहीं सबका है,
क्यों ना हम निस्पृह रहें,
इन पेड़ों और पत्तियों
टहनियों की तरह
ना बारिश से परेशान
ना पतझड़ से हैरान।
सुख और आनंद
दुख और अवसाद
चाहत का अतिरेक
स्पृहा का मोहपाश
मोह के मायाजाल
का अदृश्य स्वरूप

संजीव
---------

## बड़ी खबर आ रही है.. कुछ बड़ा होने वाला है

**डॉ प्रदीप उपाध्याय**

**उन्होंने** कहा कि- मैं चर्चा को यहीं रोक रहा हूँ. इस वक्त की बड़ी खबर आ रही है.जल्दी ही कुछ बड़ा होने वाला है. तब उनकी भावभंगिमा और बात सुन कर विपक्षी दल के प्रवक्ता की भांति मुझे हंसी आ गई. मैं गला फाड़ कर चिल्लाने ही वाला था कि तत्क्षण मेरी हंसी को आम जन की प्रतिक्रिया अनुभूत कर वे सत्ता पक्ष के प्रवक्ता की मानिंद बोल पड़े - मेरी बात पर यह क्या !आप व्यंग्यात्मक हंसी हंस रहे हैं ! वाकई इस बार बड़ी खबर ही सुनाने जा रहा हूँ.अभी बड़ी खबरों का ही दौर-दार है.मैं जानता हूँ कि जो बड़ी खबर बताने जा रहा हूँ वह आपके मनमाफिक नहीं होगी क्योंकि आप अपने मन की बात सुनना चाहते हैं लेकिन हम उनके मन की बात सुनाते हैं. मैं फिर मुस्करा दिया और उनकी ओर देखने लगा वे फिर बोल उठे- जानता हूँ कि मन ही मन आपका मन गाली देने का हो रहा होगा और कह भी रहे होंगे कि बहुत बड़े वाले हो जो बात बात पर कहते रहते हो कि बड़ी खबर आ रही है ,पहले भी तो कितनी ही बार बड़ी खबरें सुना चुके हो, दिखा भी चुके हो ! लेकिन करें भी तो क्या करें.हमें तो हरेक खबर को बड़ी खबर बनाना पड़ती है.यदि हम ही कहने लगें कि एक छोटी खबर आ रही है तो क्या आप लोग उस पर जरा भी कान धरोगे !नहीं न !आप लोगों को भी तो बड़ी खबरें ही चाहिए. छोटी-मोटी से कहाँ आप लोगों का दिमाग भराता है.अब वे पूरी तरह से उपदेश की मुद्रा में आ गए थे.

मैं प्रश्नवाचक चिन्ह लगाए उनकी ओर देखने लगा तो उन्होंने अपनी बात आगे जारी रखते हुए कहा - आप लोगों को लगता होगा कि पहाड़ सी खबर होगी ,हर बार आपकी अपेक्षा,उम्मीद और आशा भी तो यही रहती होगी कि कोई बड़ी खबर सुनने को मिलेगी.हमारी नजर में तो हर खबर बड़ी होती है लेकिन एक आप लोग हो जिन्हें सभी खबर तुच्छ सी लगती है.आपकी नजर उसी खबर पर टिकी हुई है जिसमें कहा गया था कि कुछ बड़ा होने वाला है.अब इस बड़ा होने वाली बात भर से आप उम्मीद से हो जाओ तो भला हम क्या कर सकते हैं !और आप खबर के पहाड़ को जब खुदता देखते हो तब आपकी उत्सुकता,आपकी उत्कंठा देख हमारा उत्साह और बढ़ जाता है.हम उत्सवी माहौल में आ जाते हैं. हमें कभी खिसियाहट नहीं होती लेकिन आप लोगों की झुंझलाहट हमारे आनंद की पराकाष्ठा होती है जब आप फड़फड़ाते हो, हड़बड़ाते हो और बड़बड़ाते हो कि खोदा पहाड़ और चुहिया भी नहीं निकली तब हम कोई दूसरी बड़ी खबर लेकर आ उपस्थित हो जाते हैं. मैं किसी ओर को सुनने के लिए आगे बढ़ने ही वाला था कि वे फिर दहाड़ते हुए से बोल पड़े- अब बड़े फैसले का वक्त आ गया है.बड़ा फैसला बस होने ही वाला है. इंतजार की घड़ियां खत्म समझो ! और मैं खुदे हुए पहाड़ों में चुहिया खोजने में जुट गया.

## विचार

# देश के दुश्मन दो नहीं, अब तीन हैं

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**भारत** के संवेदनशील भूगोल और जटिल समाजशास्त्र ने उसे हमेशा दोतरफा संघर्ष की जमीन बना रखा है—एक तरफ सीमाओं के पार के शत्रु, और दूसरी तरफ सीमाओं के भीतर के विचारात्मक विष। पर अब वह समय आ गया है जब यह द्विध्रुवीय युद्ध त्रिध्रुवीय हो चुका है। अब लड़ाई सिर्फ.पाकिस्तान और चीन से नहीं, उस ह्यआधे मोर्चेह्न से भी है जो देश की एकता को अंदर से खोखला कर रहा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले, भारत-पाक तनाव और उसी दौरान पंजाब-हरियाणा के बीच नंगल बांध को लेकर उपजा ताजा विवाद इस बात के साक्ष्य हैं कि देश बाहरी नहीं, अब आंतरिक साजिशों से ज्यादा असुरक्षित है।

**पहलगाम की त्रासदीः आतंक की खुली चुनौती**

20 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक निर्दोष हिंदू पर्यटक की आतंकियों द्वारा हत्या देश के जख्मों को फिर से हरा कर गई। यह हमला उस सोच की उपज है जो साजिशों की फसल को धर्म की खाद देकर उगाती है। आतंकवाद अब केवल सैन्य हमला नहीं रहा, यह एक मनोवैज्ञानिक युद्ध है जो डर, असुरक्षा और अस्थिरता फैलाने के लिए रचा गया है। मोदी सरकार के सुरक्षा दृष्टिकोण को लेकर भले ही आलोचना हो रही हो, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि आतंकवाद के विरुद्ध वर्तमान नीति, जो संयम और प्रतिशोध दोनों को संतुलित करती है, एक रणनीतिक सोच का हिस्सा है। सवाल यह नहीं है कि हमला क्यों हुआ, सवाल यह है कि उसके बाद भीतर के मोर्चे क्यों सक्रिय हो गए?

**बांध पर तालाः जब पानी भी राजनीति का मोहरा बना**

घटना के कुछ ही दिन बाद, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हरियाणा के हिस्से के पानी को रोकने का आदेश देते हुए नंगल बांध के नियंत्रण कक्ष पर पुलिस बल तैनात कर ताला जड़वा दिया। यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं था, बल्कि भारत की संघीय भावना के मुंह पर तमाचा था। जब एक राज्य संकट की घड़ी में दूसरे राज्य से युद्ध छेड़ता है, तब वह भारत की संवैधानिक आत्मा को घायल करता है। पानी पर राजनीति कोई नई बात नहीं, पर जब यह विवाद राष्ट्रीय सुरक्षा और एकता के साए में हो, तब उसका रंग देशद्रोह के करीब लगने लगता है।

**आधा मोर्चाः वैचारिक देशद्रोह का नया नाम**

भारत के पहले सीडीएस जनरल विपिन रावत ने अपने समय में ढाई मोर्चे के युद्ध की बात कही थी – पाकिस्तान, चीन और देश के भीतर सक्रिय एक वैचारिक मोर्चा। यह ह्यआधा मोर्चाह्न किसी बंदूक या मिसाइल से नहीं लड़ता, यह कलम, कैमरा, कोर्ट, और कभी-कभी सत्ता के मंचों से देश की बुनियाद को हिला देने की चालें चलता है। भगवंत मान जैसे मुख्यमंत्रियों या अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं की राजनीति जब बार-बार भारत की अस्मिता के विरुद्ध खड़ी दिखे, तब यह संदेह बनता नहीं, प्रमाण बन जाता है कि यह 'आधा मोर्चा' देश के भीतर से ही भारतविरोधी ताकतों को ऑक्सीजन दे रहा है।

**पानी से ज्यादा भरोसा लीक हो रहा है**

यह सवाल नहीं रह गया कि पंजाब हरियाणा को पानी देगा या नहीं। असल सवाल यह है कि क्या संकट की घड़ी में भारत का एक राज्य दूसरे के साथ इस हद तक टकरा सकता है? क्या यह वो भारत है जिसे आजाद भारत के शिल्पियों ने अपने स्वप्नों में देखा था? या यह वो भारत है जहाँ नदियों से ज्यादा राजनीति बह रही है? नंगल डैम का ताला भारत की संघीय राजनीति का सिंबल बन चुका है – एक ऐसा सिंबल जिसमें विश्वास रिस रहा है, और उस रिसाव से भारत के लोकतांत्रिक ताने-बाने में दरारें उभर रही हैं।

आज देश दो तरफ से फंसा है – एक तरफ आतंक का हमला, दूसरी तरफ अंदरूनी साजिशों की उफान। ऐसे समय में जनता की नजरें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर उठती हैं। यह राजनीतिक नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक विश्वास है कि जब देश बिखरने लगे, तब मोदी जैसे नेतृत्वकर्ता उसे फिर से जोड़ सकते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# ये हैं कौन, कहाँ से आते हैं और इन्हें भेजता कौन है ?

**तनवीर जाफरी**

भीष्म साहनी द्वारा लिखित लोकप्रिय उपन्यास 'तमस' का प्रकाशन 1973 में हुआ था। साहित्य जगत में यह उपन्यास बहुत ही लोकप्रिय हुआ था। इसे 1975 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी नवाजा गया। प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता गोविंद निहलानी ने 1986 में इसी तमस उपन्यास पर आधारित एक दूरदर्शन धारावाहिक तथा एक फि ल्म भी बनाई। इस में भारत पाक विभाजन के समय की कई दर्दनाक घटनाओं का वर्णन किया गया है। इसी में यह भी दिखाया गया था कि किस तरह साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये कोई मुसलमान ही किसी मस्जिद में सूअर का मांस फेंक देता है और कोई हिन्दू मंदिरों में गौमांस फेंककर साम्प्रदायिक तनाव के वातावरण में पेट्रोल छिड़कने जैसे काम करता है। गोया यह एक पुरानी व सधी हुई रणनीति है जोकि विघटनकारी मानसिकता रखने वाले राजनीतिज्ञों द्वारा साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये और उसके बाद उसका राजनैतिक लाभ उठाने के लिये अमल में लाई जाती है। तो क्या 1947 जैसी साम्प्रदायिक मानसिकता रखने वाले षड़यंत्रकारी राजनीतिज्ञों द्वारा देश की स्वतंत्रता के लगभग आठ दशक बाद आज भी उसी तरह का घिनौना खेल खेला जा रहा है ? क्या आज भी देश के विभिन्न इलाकों में उसी तरह की शक्तियां सक्रिय हैं जो वेश बदलकर या लुका छुपी कर साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने व दंगे भड़काने में अहम किरदार निभा रही हैं। गत कई वर्षों से इसतरह की खबरों की सोशल मीडिया व अखबारों में बाढ़ सी आई हुई है। जबकि इतने गंभीर विषय पर देश का स्वयंभू मुख्यधारा का मीडिया खामोश रहता है। मिसाल के तौर पर हमारे देश में गौकशी या गौमांस का मुद्दा बेहद संवेदनशील मुद्दा है। उत्तर प्रदेश व अन्य कई राज्यों में गौ तस्करी या गोहत्या के मामाले सामने आये। कई मामलों में आरोपियों को पीट पीट कर मार डाला गया। कई का पुलिस एनकाउंटर किया गया। जाहिर है ऐसे मामलों में मुसलमान ही प्रायः निशाना बनते रहे हैं। परन्तु जब पुलिस उत्तर प्रदेश के बिजनौर में राहुल, सचिन और बृजपाल को कार में दो क्विंटल गोमांस के साथ गिरफ़्तार करती है तो इसे किस नजरिये से देखा जाना चाहिये ?

# कब तक हमारी पीढ़ियाँ झुकती रहेंगी?"

**प्रियंका सौरभ**

**इतिहास** केवल अतीत का आईना नहीं होता, वह आने वाली पीढ़ियों की दृष्टि का आधार भी होता है। पर अफसोस, भारत के वर्तमान शैक्षणिक ढाँचे में यह आईना धुंधला कर दिया गया है। मुगल दरबारों की चमक, विदेशी आक्रांताओं की वीरता और गुलामी के प्रतीकों को जिस तरह से भारतीय इतिहास के केन्द्र में रखा गया है, वह न केवल बौद्धिक अन्याय है बल्कि सांस्कृतिक आत्महीनता का भी बीज है। आखिर कब तक हमारे बच्चों पर मुगल शासकों का बोझ लादा जाएगा? कब तक हमारी नई पीढ़ी औरंगजेब, बाबर, और खिलजी की तलवारों को आदर्श समझेगी, और अपने महान पूर्वजों की गाथाओं से अनजान रहेगी? यह प्रश्न केवल शिक्षा व्यवस्था का नहीं है, यह हमारी आत्मा और पहचान का प्रश्न है।

**चाणक्यः रणनीति और राष्ट्र का मस्तिष्क**

चाणक्य, जिन्हें कौटिल्य या विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है, कोई साधारण राजपुरुष नहीं थे। वे राजनीति, अर्थशास्त्र और कूटनीति के मनीषी थे। ह्यअर्थशास्त्रह्न जैसा ग्रंथ लिखने वाला यह विचारक, केवल एक राजा का गुरु नहीं था, वह सम्राटों को राष्ट्रधर्म का बोध कराने वाला मार्गदर्शक था। पर क्या हमारे पाठ्यक्रम में चाणक्य के सिद्धांतों को वह स्थान मिला है, जो वह वास्तव में करते हैं? किसी भी राष्ट्र की नीतिगत समझ अपने विचारशील नेताओं के दर्शन से बनती है। चाणक्य के सिद्धांत आज भी शासन, कूटनीति और प्रशासन के क्षेत्र में प्रासंगिक हैं। लेकिन जब इतिहास की किताबों में चाणक्य के नाम पर केवल 2-3 पंक्तियाँ मिलती हैं, तब समझ आता है कि ज्ञान के सूर्य को कितनी कृत्रिम छायाओं में ढक दिया गया है।

**चित्रगुप्तः धर्म और कर्म के प्राचीन लेखाकार**

चित्रगुप्त – एक ऐसा नाम, जो केवल धार्मिक आस्थाओं तक सीमित कर दिया गया है, परन्तु उनका महत्व एक अत्यंत उच्च कोटि के सामाजिक व्यवस्थापक का था। वे कर्म का लेखा-जोखा रखने वाले देवता माने जाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### रेस्टोरेंट कर्मचारी और उसके दोस्त को पीटा, कर रहे थे गंदे इशारे टीम एक्शन इंडिया

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के मुगल कैनाल स्थित एक रेस्टोरेंट में युवक और युवतियों को गंदे इशारे करने से रोकना रेस्टोरेंट के कर्मचारी और उसके साथी को महंगा पड़ गया। युवकों ने दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी और फिर अपने दोस्तों को बुलाकर भी दोनों को पिटवाया।

पीड़ित ने चाकू से हमला करने के भी आरोप लगाए हैं, जिसका एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

करनाल के पालम कॉलोनी, शिवा मंदिर के पास रहने वाले राकेश ने सेक्टर-13 चौकी में शिकायत दी कि वह और उसका दोस्त लक्की शनिवार को रोजाना की तरह अपने काम पर थे। करीब ढाई बजे के आसपास रेस्टोरेंट में पहले से दो लड़कियां और पांच लड़के खाना खा रहे थे और वे आपस में गंदे इशारे कर रहे थे। राकेश ने उन्हें टोका कि यह फैमिली जगह है, घर नहीं, आप यहां ऐसा बर्ताव न करें। इसके बाद युवकों ने राकेश और लक्की पर हमला कर दिया और बाहर से 15 अन्य लडकों को बुलाकर बुरी तरह पीटा। राकेश का आरोप है कि सभी आरोपी युवकों ने आते ही न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि उनके साथ जमकर मारपीट भी की। इस दौरान एक युवक ने चाकू से हमला किया। जाते-जाते सभी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए बोले कि आज तो छोड़ दिया, भविष्य में नहीं छोड़ेंगे। राकेश ने यह भी बताया कि वह आरोपियों को पहचानता नहीं।

सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहा है कि कुछ युवक दो युवकों को पीटते हुए नजर आ रहे हैं। पहले सफेद टी शर्ट में एक युवक दूसरे युवक को बुरी तरह से पीटता हुआ दिख रहा है, इसी बीच एक लाल टी शर्ट वाला युवक भी उसी के साथ मारपीट करता है। पीड़ित युवक काउंटर की तरफ चला जाता है।

सफेद टी शर्ट वाला युवक पास की टेबल पर पड़े चाकू को उठाता है और युवक पर हमला करने लगता है। जबकि चार-पांच युवक दूसरे युवक को पीट रहे है और बाहर निकल रहे है। फिर काउंटर के पीछे से सफेद टी शर्ट वाला युवक आता है और वह दूसरे युवक के साथ भी मारपीट करने लगता है और वहां से भाग जाता है। घटना की जानकारी मिलते ही सेक्टर-13 चौकी से एसआई अशोक और हेड कॉन्स्टेबल बलजीत मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को अस्पताल भेजा गया, जहां राकेश और लक्की का मेडिकल करवाया। मेडिकल के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-13 चौकी में की है।

जांच अधिकारी एसआई अशोक ने बताया कि राकेश की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### हंड्रेड न्यूट्रिशन टीम ने गनौर रॉयल टीम को ७२ रनों से पराजित कर ट्राफी पर किया कब्जा

**गनौर**



यूनिक क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा, गनौर में खेले गए वंडर सीमेंट कप के फाइनल मैच में हंड्रेड न्यूट्रिशन टीम ने गनौर रॉयल टीम को ७२ रनों से हराया, टॉस जीतकर गनौर रॉयल के कैप्टेन विन्नी ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया , हंड्रेड न्यूट्रिशन की टीम बल्लेबाजी करते हुए १४६ रन पर टीम ऑल आउट हो गई। इसी लक्ष्य का पीछा करने उतरी गनौर रॉयल की पूरी टीम ७४ रन पर ऑल आउट हो गई। रणदीप पहल ने अपनी टीम के लिए चार विकेट लिए , बैट्समैन ऑफ द सीरीज पंकज वर्मा, बेस्ट बॉलर विन्नी और मैं न ऑफ द सीरीज रणदीप पहल रहे । दीपक गोयल , सुरेश मास्टर व सोहित पहल ने खिलाड़ियों व विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर संदीप ग्रोवर,दीप धनखड़,विजय पहल, संजय राजपूत , सतीश जांगड़ा, रणदीप राजपूत आदि मौजूद रहे।

# संविधान और सिस्टम के खिलाफ भगवंत मान का फैसला : धनखड़

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी रोकने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। यह फैसला संविधान और सिस्टम के खिलाफ है।

यह फैसला दिल्ली की हार की निराशा में लिया गया फैसला है। बहादुरगढ़ में यूपीएससी परीक्षा पास करने वाले आदित्य विक्रम अग्रवाल और अभिलाष सुन्दरम सहित प्रदेश के अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देने उपरांत पत्रकारों से रूबरू होते हुए यह बात कही।

राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि हरियाणा हांगे का है और अगर हरियाणा का बच्चा फोकस



कर लेता है तो वो ओलम्पिक में मैडल, सीमा पर अपने पराक्रम से शौर्य चक्र और देश की सबसे बड़ी परीक्षा पास कर आईएएस भी बन जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने प्रदेश में पढ़ाई का माहौल बनाया है, जिसके कारण प्रदेश के युवा लगातार यूपीएससी जैसी बड़ी परिक्षाओं में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंजू जून, साहिल देशवाल, मुस्कान गुप्ता, हिमांशु कादियान सहित प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है

भाजपा राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर भी जमकर निशाना साधा । उन्होंने कहा कि हरियाणा के हिस्से का पानी रोककर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान संविधान और सिस्टम के खिलाफ काम कर रहे हैं।

श्री धनखड़ ने कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है और छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाने की परम्परा का प्रदेश है। उन्होंने कहा कि आज दसों गुरू भगवंत मान को उनके दुर्भाग्यपूर्ण फैसले के लिए कोस रहे होंगे। धनखड़ ने कहा कि दिल्ली की हार की निराशा में हरियाणा का पानी रोकने का फैसला भगवंत मान ने किया है जो गलत है

उन्होंने कहा कि हरियाणा के साथ साथ दिल्ली का पानी भी प्रभावित हुआ है जिसके कारण लोगों के साथ पशुओं के पीने के पानी का संकट भी खड़ा हो रहा है।

श्री धनखड़ ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को राजनीति नहीं, मानवता के हित को आगे रखकर फैसला लेना चाहिए।

## जी डी गोयंका स्कूल में सामुदायिक सेवा गतिविधि का आयोजन



**राई/टीम एक्शन इंडिया**

खेवड़ा स्थित जी डी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत में सामुदायिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें कक्षा छठी से आठवीं के छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और बस चालकों को नकद निकासी फॉर्म भरने में मदद की। छात्रों ने कहा कि हम अपना समय और प्रयास देकर अपने समुदायों को मजबूत कर सकते हैं। व्यक्तिगत विकास और सामुदायिक कल्याण के लिए स्वयंसेवी कार्य और सामुदायिक सेवा आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष योगेश जिंदल, प्रधानाचार्या नीरा मुद्गल और उप प्रधानाचार्या निधि जैन ने भी संबोधित किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थी दूसरों और अपने समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं ।

अध्यक्ष योगेश जिंदल ने कहा कि स्कूल में सामुदायिक सेवा गतिविधि का आयोजन, एक सकारात्मक प्रभाव डालने का एक अच्छा तरीका है।

यह छात्रों को अपने समुदा ,संस्थान के लिए कुछ अच्छा करने का अवसर देता है और उन्हें दूसरों की मदद करने के महत्व के बारे में सिखाता है।

## हरियाणा में पेयजल संकट से टैंकर माफिया हावी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने पेयजल संकट पर सरकार को घेरते हुए कहा है कि प्रदेश में जल संकट के कारण टैंकर माफिया हावी हो गया है। एक-एक दिन बीत रहा है कि हरियाणा व पंजाब के मुख्यमंत्री केवल बयानबाजी व पत्र लिखने में लगे हुए हैं और केन्द्र सरकार इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर रही है।

रविवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि पंजाब की ओर से कम पानी दिए जाने के कारण कैथल, कुरुक्षेत्र, जींद रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ में गंभीर जल संकट है।

## हिमाचल के कांगड़ा से चली माता ज्वाला की भक्ति में शक्ति यात्रा मे बन रहा है भक्तिमय माहौलः डॉ राय

**राई /टीम एक्शन इंडिया**

भक्ति में शक्ति यात्रा हिमाचल के कांगड़ा स्थित माता ज्वाला जी से ज्योत मुरथल स्थित श्री राम कृष्ण साधना केंद्र पहुंची।

भक्ति शक्ति यात्रा का पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता की ज्योति के दर्शन किए व पुष्प अर्पित किए। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। यात्रा में सामाजिक समरसता मंच, नाथ संप्रदाय सहित अनेकों सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक संगठनों ने हिस्सा लिया। इस भक्ति शक्ति



यात्रा में संयोजक डॉ योगी अनूप नाथ ने ज्वाला मंदिर से यात्रा की शुभकामनाएं दीं। संत दयानंद सरस्वती ने बताया कि ज्योत ज्वाला जी हिमाचल के कांगड़ा से चलकर पंजाब , उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान से होती हुई ११ मई को यात्रा संयोजक डॉ योगी अनूप नाथ के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के घूरेल में पशुपति नाथ मंदिर पहुंचेगी। जिला संघचालक डॉ मनोज राय ने संबोधित करते हुए कहा कि यात्रा को लेकर माता के भक्तों में काफी उत्साह है।

यात्रा से माहौल भक्ति में बन रहा है । मुरथल साधना केंद्र में पहुंचने पर भक्तों में काफी उत्साह था ।

उन्होंने माता के दर्शन कर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। इस मौके पर ज्ञानचंद, राजेंद्र जी, संजय, आनंद, सुरेंद्र, दीपक, मनीष, जिला संघचालक डॉ मनोज राय, प्रहलाद, अजय, नंदकिशोर, विजेंद्र आदि मौजूद थे।

## गुरुग्राम में नीट के लिए 6462 ने दी परीक्षा

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**

जिला प्रशासन ने रविवार को आयोजित एनटीए-नीट परीक्षा को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) नई दिल्ली की ओर से आयोजित परीक्षा के लिए जिला में कुल 18 केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर 6672 परीक्षार्थियों को देनी थी परीक्षा, 210 रहे अनुपस्थित

परीक्षा को नकल रहित बनाने के लिए प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किए हुए थे। वहीं हर केंद्र पर महिला व पुरुष पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया गया था। परीक्षार्थियों को गहन जांच के बाद ही परीक्षा केंद्रों में जाने दिया गया। जिला में परीक्षा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए थे।

परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं जैसे बिजली, पेयजल, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता बारे भी उचित प्रबंध किए गए थे। जिला में परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त श्रम आयुक्त (एनसीआर) कुशल कटारिया ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी व जैमर सिस्टम भी लगाए गए थे ताकि परीक्षा केन्द्रों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा सके। इसके लिए लघु सचिवालय में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया।

## महाराजा जस्सा सिंह रामगढिया ने किया था दिल्ली फतेह : अंग्रेज

**टीम एक्शन इंडिया**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आज सिक्ख कौम के महान योद्धा महाराजा जस्सा सिंह रामगढि?ा का 302वां जन्मदिवस गुरु द्वारा श्री गुरुनानक दरबार नानकसर करनाल में बड़ी श्रद्धा, प्रेम व उत्साह के साथ रामगढि?ा वैलफेयर एसोसिएशन की तरफ से मनाया गया। इस मौके पर श्री गुरुग्रंथ साहिब अखंड पाठ के भोग डाले गए और संत गुरमीत सिंह जी नानकसर करनाल वालों ने अपने मनोहर कीर्तन से संगतों को निहाल किया।



इस अवसर पर एडवोकेट अंग्रेज सिंह पन्नु ने एतिहासिक विचारों से महाराजा जस्सा सिंह रामगढि?ा के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराजा जस्सा सिंह रामगढि?ा बहुत ही शूरवीर योद्धा व कुशल प्रशासक थे। जहां महाराजा जस्सा सिंह रामगढि?ा ने मुस्लिम शासकों से अमृतसर के रामरोणी के किले को बचाया व अपने सिक्ख भाइयों की मौके पर मदद कर इतिहासिक फै सला लिया वहीं पर मुगल फौज के दांत भी खट्टे किए। उन्होंने कहा कि महाराजा जस्सा सिंह रामगढि?ा ने बड़े घल्लू-घारे (नरसंहार) जो कि अब्दाली ने सिक्ख कौम के उपर किया था, उसमें बड़ी बहादुरी से उसका मुकाबला किया। इसके साथ ही उन्होंने सिक्ख जरनैल बाबा जस्सा सिंह आहलूवालिया व बाबा बघेल सिंह के साथ मिलकर खालसा फौज को नेतृत्व किया और दिल्ली के लाल किले पर सिक्ख राज की स्थापना की।

जिस मुगलीया तख्त पर बैठकर जहांगीर व औरंगजेब ने सिक्ख गुरुओं को शहीद करने के हुक्म दिए थे, महाराजा जस्सा सिंह रामगढि?ा ने वह तख्त उखाड़ कर श्री दरबार साहिब अमृतसर की परिक्रमा में लाकर रख दिए, जो आज भी इस बात का प्रतीक है कि सिक्ख अपने गुरु के प्रति श्रद्धावान हैं। जिस किसी ने सिक्ख गुरुओं की और आँख उठाकर देखा, सिक्खों ने उसे माफ नहीं किया।

## रक्तदान महादान है इसलिए समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए : डॉ मनोज

**टीम एक्शन इंडिया**

**गनौर**

रोटरी क्लब ऑफ गनौर सेंट्रल व भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में ८६ यूनिट रक्त युवाओं ने रक्तदान किया । कैम्प का शुभारंभ करते हुए जैन गर्ल्स कॉलेज गनौर के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने भी रक्तदान किया और युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए । डॉ मनोज ने कहा कि किसी दुर्घटना



में घायल युवक की जान बचाने में हमारे द्वारा दिया गया रक्त काम आता है । इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए । रक्तदान शिविर में रोटरी सेंट्रल के प्रधान अमित त्यागी , नवनियुक्त प्रधान पवन जिंदल, सचिव संजीव डाबरा व भारत विकास परिषद सावरकर की प्रधान मंजु शर्मा, प्रीतम आहूजा, मोनिका गुजराल, पूनम सिंघल, गुलशन , अशोक वर्मा, युद्धवीर, राजेश शर्मा , जितेंद्र तूर ने सेवा कार्य किया ।

## हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के छोटे भाई का निधन

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल के छोटे भाई हरि सिंह का रविवार को 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। हरि सिंह ने भिवानी में अपने पैतृक गांव गोलागढ़ में अंतिम सांस ली। हरि सिंह की मौत हार्ट अटैक आने की वजह से हुई है। शाम को ही गोलागढ़ में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। पोते अनिरुद्ध चौधरी ने उन्हें कंधा दिया और तीन बेटों ने एक साथ उन्हें मुखग्नि दी। पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल प्रदेश के चार बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। बंसीलाल आठ भाई-बहन थे।

## काम्यकेश्वर तीर्थ में श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कमोदा स्थित ऐतिहासिक काम्यकेश्वर तीर्थ में शुक्ल पक्ष की रविवारीय सप्तमी पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डुबकी लगाई। तीर्थ में स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने दूध, दही, गंगाजल आदि चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की। तीर्थ पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ब्राह्मणों ने विश्व शांति यज्ञ किया। यज्ञ के उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ। उसमें साधु-महात्माओं और ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। शुक्ला सप्तमी के पावन अवसर पर श्री जयराम आश्रम के परमाध्यक्ष श्री ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज के प्रतिनिधि के तौर पर सत्यवान ब्रह्मचारी ने श्री



कामयकेश्वर महादेव मंदिर कमोदा में भ्रम महुर्त में शिव अभिषेक करके शुक्ला सप्तमी मेले व भंडारे का शुभारंभ किया। ब्लाक समिति के पूर्व चेयरमैन देवी दयाल शर्मा घराडसी, चौधरी जोगिंदर मास्टर, चौधरी वकील सिंह व रामपाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति डाली। सत्यवान ब्रह्मचारी ने कहा कि महाभारत कालीन काम्यकेश्वर तीर्थ पर शुक्ल पक्ष रविवारीय सप्तमी के दिन पूजन का विशेष महत्व है। पुराण में वर्णित है कि शुक्ल पक्ष की रविवारीय सप्तमी के दिन स्नान करने के लिए पाडवों ने काफी लंबा इतजार किया फिर भी उनको इस दिन स्नान करने का सौभाग्य नहीं मिला। इस पवित्र सरोवर में स्नान करने से असाध्य रोगों से मुक्ति व संतान प्राप्ति होती है। मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, तालाब के नवीनीकरण से लेकर नया भवन बनाया जा रहा है, जिससे आने वाले दिनों में मंदिर की शोभा बढ़ेगी और श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा होगा। ग्रामीण सुमिंद्र शास्त्री, सुखदेव शर्मा, भगवत दयाल शर्मा ने बताया कि इस स्थान पर मात्र प्रवेश से ही मनुष्य मोक्ष की प्राप्ति कर पुण्य का भागी बनता है। वनवास के दौरान पाडव आठ वर्ष 11 मास तक इसी धरा पर रहे।

## दादा-पत्नी ने नरवाल को किया सैल्यूट बहन बोली-कहता था-तिरंगे में लिपटकर आउंगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में रविवार को पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में दादा, माता-पिता, पत्नी और बहन पहुंचे। दादा हवा सिंह और पत्नी हिमांशी ने विनय की फोटो को सैल्यूट किया।

रस्म पगड़ी में विनय की पत्नी हिमांशी भावुक हो गई। इस दौरान उन्हें ससुर राजेश दिलासा देते नजर आए। बीती 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले में आतंकियों ने शादी के 7वें दिन लेफ्टिनेंट नरवाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। श्रद्धांजलि सभा में सीएम नायब



सैनी की पत्नी सुमन सैनी भी पहुंची। उन्होंने विनय की फोटो पर फूल चढ़ाने के बाद परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हिमांशी के सिर पर हाथ रखा। इसके बाद जब वह सभा को संबोधित करने लगी तो भावुक हो गईं।

इस दौरान बहन सृष्टि भाई विनय को याद करते हुए भावुक हो गईं। सृष्टि ने कहा कि जब वह छोटे थे तो बहुत बार एलओसी कारगिल मूवी देखते थे। यह मूवी उसकी फेवरेट मूवी थी। भाई मुझे कहते थे कि सृष्टि तेरा भाई भी एक दिन ऐसे ही तिरंगे में लिपटा हुआ आएगा। मैं उन्हें बहुत डांटती थी। गोद में खिलाने वाले को कंधा देना पड़ा

बहन सृष्टि नरवाल ने कहा कि आज यहां पहुंचे लोगों से पता चलता है कि आप लोग विनय से कितना प्यार करते हैं। पिछले 12-13 दिनों से हमारे घर पर बहुत लोगों का आना-जाना हो रहा है, जिससे परिवार को खूब हौसला मिल रहा है। विनय लेफ्टिनेंट होने से पहले वह मेरा बड़ा भाई रहा है। सृष्टि ने कहा-डिअर विनय, मेरे भैया, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि जिस भाई ने पैदा होते ही मुझे अपनी गोद में खिलाया, मैं उसकी जिंदगी की अंतिम यात्रा में उसे कंधा दूंगी। जिसने आग के नजदीक न जाने दिया, उसे अग्नि दी

सृष्टि ने कहा कि जिस भाई ने मुझे पटाखों के शोर से हमेशा बचाकर रखा। उसी भाई की शहादत की अंतिम सलामी की गूंज आज तक मेरे कानों में गूंज रही है। जिस भाई ने कभी मुझे आग के नजदीक तक नहीं आने दिया। उसी भाई को मैंने अपने हाथों से अग्नि दी। जो भाई मुझे कभी रोता हुआ नहीं देख सकता था, जिसे मुझे रोते देखकर उसे रोना आ जाता था। आज मैं रो रही हूं तो वह है ही नहीं मेरे आसपास, मुझे चुप कराने के लिए।

सृष्टि ने कहा कि सच बोलूं तो अभी तक यकीन नहीं हो रहा, जो हमारे साथ हो गया। कैसे हुआ, क्यों हुआ, शायद परमात्मा की यही मर्जी थी। जब तक मैं रहूंगी, विनय रहेगा।

## 66.94 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।**

बीती शाम जिला पुलिस की एन्टीनारकोटिक सेल की टीम द्वारा सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता मे गुप्त सुचना के आधार पर घरौंडा से आरोपी महबूब उर्फ बुबा पुत्र नूर हसन निवासी गांव मुंडी गढ़ी को गिरफतार किया गया। आरोपी के कब्जे से 66.94 ग्राम स्मैक बरामद की गई।

इस मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना घरौंडा में मामला दर्ज किया गया। आज आरोपी अदालत में पेश किया गया।

आरोपी से गहनता से पूछताछ के लिए इस संबंध मे अग्रिम



अनुसंधान जारी है।

## न्यूज फ्लैश

### नारायण सेवा संस्थान ने दिल्ली के 350 से ज्यादा दिव्यांगों को दी आत्मविश्वासपूर्ण आत्मनिर्भर जिंदगी



**नई दिल्ली।** नारायण सेवा संस्थान का नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर रोहिणी में आयोजित हुआ। शिविर में दिल्ली के 350 से ज्यादा दिव्यांगों को अपर-लोवर व मल्टीपल कृत्रिम अंग और कैलिपर्स लगाए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह और विशिष्ट अतिथि उप कांति मेहता,प्रवीण कोहली, राजिंदर कुमार कोहली, अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, निदेशक वंदना अग्रवाल, संरक्षक सत्यभूषण जैन, मुंबई अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने शिरकत की। मुख्य अतिथि रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों को सशक्त ही नहीं कर रहा बल्कि उनके खोये हुए आत्मविश्वास और निराशा को दूर करने का काम कर रहा है। यह समाज के लिए उपयोगी कार्य है। ऐसी सोच और भावना से ही विश्व एक परिवार का सपना साकार हो सकेगा। उन्होंने संस्थान को हर तरह से मदद का भरोसा दिया। साथ ही संस्थान के संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल की वर्षों की सेवा साधना की प्रशंसा की। वहीं शिविर से लाभान्वित होकर अपने पैरों पर चलते हुए नई जिंदगी शुरू करने वाले दिव्यांग जनों को शुभकामनाएं दी। शिविर की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर हुई। 15 समाज सेवीयों को नारायण सेवा का सर्वोच्च अवार्ड दिया गया।अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा दिव्यांगजनों को उनके घरों के पास ही मदद पहुँचाने के लिए 16 फरवरी को दिल्ली में कैंप लगाया था। जिसमें 500 से ज्यादा रोगी आये उनमें से 351 दिव्यांगों को नारायण लिंब व केलिपर्स के लिए चयनित किया। जिन्हें आज नई जिंदगी का उपहार मिल रहा हैं। समारोह में कृत्रिम अंग पहनकर दिव्यांगों ने परेड की। दिव्यांगों को संस्थान डॉक्टर्स ने चलने की ट्रेनिंग देने के साथ लिम्ब के रखरखाव की जानकारी भी दी। उन्होंने शिविर की रिपोर्ट बताते हुए कहा दिल्ली में संस्थान एक साथ बड़ी संख्या में दिव्यांगों को जर्मन टेक्नोलॉजी के नारायण लिम्ब पहनकर घरों को विदा हुए। जो वर्षों पहले किसी दुर्घटना में ये सभी अपने हाथ -पैर गंवाने से चलने -फिरने में असमर्थ हो चुके थे । जिसके चलते इनकी जिंदगी रुक सी गई थी। संस्थान की 80 जन टीम ने सेवाएं दी। निदेशक वंदना अग्रवाल ने अतिथियों का धन्यवाद अर्पित किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने विजिट किया, रोगियों से उनकी आप बीती सुनी और डॉक्टर से फिटमेंट की प्रक्रिया जानी। लाभान्वित दिव्यांगों को ट्रेनिंग दी गई, बेटबॉल और फुटबाल भी खेल खेले। एनटीपीसी जीई पावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड,नीरू बंसल,अनुराग गर्ग,अंजू क्वात्रा, डॉ. सिया गोयल, डॉ. देवेश गोयल,श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स लिमिटेड, अनिल दीक्षित और नवीन दीक्षित और अश्विनी दीक्षित,ओम प्रकाश चावला, दिलावर सिंह, लोकेश यादव, जगबीर सिंह शास्त्री, श्रीधर प्रसाद कांडपाल,भारत ढाल एम-एस आर्ट हाउसिंग फाइनेंस इंडिया लिमिटेड आदि नाम सेवा सम्मान के लिए उल्लेखनीय है।

# नागरिक अस्पताल में काफी दिनों से नहीं है कैल्शियम की गोली

## अस्पताल आने वाले मरीजों को नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श के साथ दवा कराई जाती है उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। शहर के नागरिक** अस्पताल में इस समय कैल्शियम की टेबलेट का संकट खड़ा हो गया है। कई दिनों से यह दवा अस्पताल के स्टॉक में नहीं है। इसकी वजह से यहां पर आने वाले मरीज बाहर से महंगे दामों पर दवा खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। उनको सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। दवा खरीदने के लिए अधिक जेब खर्च ढीली करनी पड़ रही है। नागरिक अस्पताल आने वाले मरीजों को नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श के साथ ही दवा उपलब्ध कराई जाती है। इस समय मरीजों को अस्पताल से दवा मिलना ही मुश्किल हो रही है। सरकारी अस्पताल में कैल्शियम की दवा नहीं होने के कारण मरीजों मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में काफी दिनों से कैल्शियम की गोली समाप्त हो गई है। यह गोली अधिकतर मरीजों को दी जाती है।




चिकित्सक मरीजों को पर्ची पर कैल्शियम की गोली लिख देते है जब वह दवा काउंटर पर जाते है तो उन्हें मायूसी हाथ लगती है। इससे मजबूरी में मरीज बाहर के मेडिकल स्टोरों से दवा ले रहे हैं। मरीजों का कहना है अस्पताल में यह दवा नि:शुल्क मिलती है। बाजार से खरीदने पर करीब 60-70 रुपये खर्च हो जाते हैं। इसकी वजह से बहुत दिक्कतें आ रही है।

**इनको दी जाती है कैल्शियम**

बता दें कि कैल्शियम की जरूरत लगभग सभी मरीजों को पड़ती है। अगर शरीर में कैल्शियम नहीं होगा तो शरीर में तमाम तरह के रोग उत्पन्न हो जाते है। हड्डी रोग के मामलों में अधिकतर कैल्शियम की जरूरत होती है। हड्डी टूटने के बाद जुड़ने में कैल्शियम का अहम भूमिका होती है। गर्भवती महिलाओं को कैल्शियम दी जाती है। छोटे बच्चों को अगर दांत निकलने में दिक्कत होती है तो कैल्शियम दी जाती है। इसलिए इस गोली बहुत ही कारगार है।

**मरीज बोले-बाहर से खरीद रहे महंगी दवा**

मरीज संदीप, भाग्यश्वेरी मोनिका, राजेश, पिंकी, भारती, रानी आदि ने कहा कि नागरिक अस्पताल में काफी दिनों से कैल्शियम की गोली नहीं है। उनको सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। चिकित्सक पर्ची पर कैल्शियम की गोली लिख देते है जब वह दवा काउंटर पर जाते है तो उन्हें मायूसी हाथ लगती है। इससे मजबूरी में बाहर के मेडिकल स्टोरों से दवा ले रहे हैं।

**अस्पताल में दर्द की ट्यूब भी काफी दिन से खत्म**

शहर के नागरिक अस्पताल में दर्द की ट्यूब भी काफी दिनों से खत्म होने के चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत सड़क दुर्घटना में घायल मरीज व बुजुर्गों को उठानी पड़ रही हैं। इसके अलावा घुटनों, पैर, कमर, जोड़ों के दर्द वालू मरीजों को परेशानी हो रहीं हैं।

यह मरीज भी काफी दिनों से नागरिक अस्पताल में दर्द की ट्यूब लेने के लिए चक्कर काट रहें हैं। मरीजों को बाहर मेडिकल स्टोर पर दर्द की ट्यूब महंगे दाम पर लेने को मजबूर हैं।

# हमला करने मामले में हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी काबू



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**सीआईए वन पुलिस टीम रिफाइनरी टाउनशिप गेट नंबर** दो के सामने किराना दुकान संचालक पर पिस्तौल से जानलेवा हमला करने मामले में आरोपियों को हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी को शनिवार को यूपी की सहारनपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी की पहचान निशांत निवासी रानीला दयालपुर सहारनपुर यूपी के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि सीआईए वन पुलिस टीम ने जानलेवा हमले की उक्त वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी मनीष उर्फ बिहारी निवासी कुताना व शुभम निवासी सरफाबाद माजरा करनाल को वारदात के महज एक सप्ताह बाद ही गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने जानलेवा हमले की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ था आरोपी मनीष ने किराना संचालक के साथ हुई मामूली कहासुनी की रंजिश रख फुफेरे भाई शुभम के साथ मिलकर जानलेवा हमला करने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी मनीष ने वारदात में प्रयुक्त देसी पिस्तौल निशांत पुत्र धर्मेंद्र निवासी रानीला दयालपुर सहारनपुर यूपी से 6500 रूपए में खरीदकर लाने बारे स्वीकारा था। दोनों आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त देसी पिस्तौल व बाइक बरामद कर पुलिस टीम ने आरोपी मनीष व शुभम को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद असला सप्लायर आरोपी निशांत की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी निशांत चोरी के मामले में यूपी की सहारनपुर जेल में बंद था। शनिवार को पुलिस टीम आरोपी को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी निशांत ने पूछताछ में आरोपी मनीष को देसी पिस्तौल बेचने बारे स्वीकारा। आरोपी निशांत ने अवैध देसी पिस्तौल बेचकर हासिल की नगदी खर्च कर दी।

# मई माह का राशन वितरण हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**ब्रह्मलीन स्वामी श्री विशुद्धानंद** जी महाराज की प्रेरणा से मई माह का राशन वितरण जनसेवा दल के कार्यालय में संपन्न हुआ। समारोह में मंच से स्वामी ब्रह्मऋषि जी ने कहा कि सभी को सदैव प्रभु नाम स्मरण करना चाहिए ताकि लोक परलोक में सत्संग से हमारी आत्मा अछूती न रहे। वहीं समाजसेवी युधिष्ठिर शर्मा ने कहा कि जनसेवा दल द्वारा समाज को समर्पित कार्यों की अनूठी प्रणाली अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने बताया कि प्रति वर्ष जनसेवादल द्वारा होने वाले लावारिस शवों का अन्तिम संस्कार व उनकी सामूहिक अस्थियों के फूल मां गंगा के चरणों में समर्पित कर बहुत पुण्य कार्य करने वाली यह नगर में यह एकमात्र संस्था हैं। राशन वितरण समारोह में आज समाजसेवी अमित डुडेजा मुख्य अतिथि रहे। प्रधान श्री कृष्ण मनचंदा ने सभी का सम्मान किया। महासचिव चमन गुलाटी ने कहा कि जनसेवादल 10 मई 300 लावारिस लोगों की अस्थियां लेकर हरिद्वार गंगा जी को समर्पित करने पानीपत से सायं 3 बजे प्रस्थान करेगा। इससे पूर्व 5 मई को सायं सात बजे से श्री देवी मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

**प्रभु नाम स्मरण**

**समारोह में मंच से स्वामी ब्रह्मऋषि जी ने कहा कि सभी को सदैव प्रभु नाम स्मरण करना चाहिए**

# देश को भगवान परशुराम के फरसे की जरूरत: नवीन जयहिन्द



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत (कमाल हुसैन )**

**जिला पानीपत व पानीपत ग्रामीण** में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव में नवीन जयहिन्द पहुंचे। जयहिन्द ने सभी को रविवार 11 मई 11 बजे गांव पहरावर(रोहतक) की जमीन पर मनाए जाने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव का न्योता दिया। जिसमें स्पेशल खीर का प्रसाद व भंडारा किया जाएगा। साथ ही एक ढोल भी रखा जाएगा जिसमें कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लिखकर आए और उस ढोल में डाल सकता है। हम उन सभी समस्याओं को सीएम साहब तक जरूर पहुंचाएंगे, ताकि आपकी समस्या का समाधान हो सके। जयहिन्द का कहना है कि सुनने में आ रहा है मुख्यमंत्री भी रोहतक में राज्यस्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव मना रहे है, तो जयहिन्द ने अपील की मुख्यमंत्री गांव पहरावर(रोहतक) में जन्मोत्सव मनाए और पहरावर की जमीन पर गौड़ ब्राह्मण संस्था के चुनाव करवाने की व जमीन पर डेवलपमेंट के लिए 21 करोड़ रुपए की ग्रांट जारी करने की घोषणा करके जाए। अगर वे ऐसा करते है तो हम उनको काजूबादामकिशमिश की खीर खिलाएंगे। इसके इलावा दूसरे सामाजिक समस्याओं व मुद्दों पर भी बात करे। क्योंकि भगवान परशुराम न्याय के देवता है। ओर अब तो प्रदेश के मुख्यमंत्री भी मंच से न्याय के लिए फरसा उठाने की बात कह चुके है। जयहिन्द ने कहा कि अब बयानों से नहीं बदले से बात बनेगी और देश के सभी लोग चाहते है कि पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाए। मोदी जी जितना जल्दी हो सके आरझार करें। साथ ही जयहिन्द ने देश के सभी सांसदों, विधायकों, मुख्यमंत्रियों व प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि वे हमारे देश के सैनिकों का हौसला बढ़ाने के लिए बोर्डर पर उनके साथ जाए। पहलगाम में जो निर्दोष लोग मारे गए है उनके लिए और सेना की मजबूती व साथ के लिए हम सभी फरसाधारी 11 मई 11 बजे पहरावर धाम(रोहतक) में मनाए जाने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव में एकत्रित होंगे। जयहिन्द ने कहा कि हम फरसा लेकर बोर्डर पर भी जाने को तैयार है, चाहे हमें वहां सैनिकों को रोटी देने का ही काम क्यों न करना पड़े। साथ ही जयहिन्द ने लोगो से भी अपील की सब अपनी सेना का हौसला बढ़ाएं।

# समिति की बैठक मे रोजगार मूलक विषय पढ़ाने का प्रस्ताव पारित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**भारतीय शिक्षा संस्थान** समालखा की प्रबंधकर्णी समिति के अधीन संस्कृत शिक्षा प्रचारक समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई। समिति के नवनियुक्त प्रधान मास्टर प्रेम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक मे संस्थान एवं स्कूल की उन्नति के लिए कई योजनाएं निर्धारित की गई, जिसमें एनईपी 2020 के अनुसार रोजगार मूलक विषय जो पढ़ाए जा रहे हैं



उनको और नई - नई विधाओं के साथ जोड़ने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। इससे पहले निवर्तमान अधिकारियों का पुराने अधिकारियों ने शॉल ऊढाकर सम्मान किया। बैठक मे प्रधान प्रेम सिंह,महामंत्री सत्यनारायण शर्मा,कोषाध्यक्ष जय भगवान गर्ग,मंत्री साहब सिंह राणा एवं सहकोषाध्यक्ष सुभाष देशवाल, शिक्षाविद लाभ सिंह कादयान, दयालु अरोड़ा डॉ विजय वेदालंकार सोनीपत, डा० अर्चना आर्या सोनीपत, डॉ चांदकौर मान पानीपत, सतवीर शास्त्री, राजवीर शास्त्री आटा, रवि प्रकाश आर्य पूर्व प्रधान, माडू रामनारायण, डॉ देवेंद्र मल्होत्रा, डा० गुरूदत्त अनेजा, राजवीर राठी,धर्मेंद्र गाहल्याण पावटी, इंद्रलाल कुमार, हरिदास शास्त्री मैम्बर जुनायल कोर्ट पानीपत, सुरेश कुमार शास्त्री प्राचार्य, बिजेन्द्र शास्त्री प्राध्यापक, मीना कुमारी मुख्याध्यापिका आदि समिति के सदस्य उपस्थित रहे

**निर्धारित**

**मास्टर प्रेम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई संस्थान एवं स्कूल की उन्नति के लिए कई योजनाएं निर्धारित की गई**

# कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल का जन्म दिवस आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**

**कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल** के 5 मई को जन्म दिवस के अवसर पर स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शुगर मील के एमडी मनदीप को नोडल अधिकारी बनाया गया है । कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल इस प्रतियोगिता का 5 मई को शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ होने से पूर्व रक्तदान शिविर व पौधारोपण का कार्यक्रम होगा। उपायुक्त डाक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जिले की 178 ग्राम पंचायतों की भागीदारी रहेगी। इस भव्य अयोजन में खो-खो व कबड्डडी की प्रतिस्पधाएं होंगी। इनमें विजेताओं को 4 लाख रुपए के ईनाम दिए जाएंगे। प्रथम विजेता को 51 हजार रुपए, द्वितीय स्थान पर रहने वाले को 31 हजार व तृतीय स्थान पर रहने वाले को 21 हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। कार्यक्रम में महिला टीमें भी भागेदारी करेंगे, महिला कि विजेता टीमों को भी पुरूष टीमों तर्ज पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा उपायुक्त ने बताया कि शिवाजी स्टेडियम में प्रतियोगिताओं में भाग लेने वालों का स्टेडियम में पंजीकरण किया जा रहा, दर्जनों महिला व पुरूष की टीमों ने पंजीकरण करवाया है,उपायुक्त ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए रात्रि 8-9 बजे तक दोनों स्पधाओं के मैच किए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि गांव स्तर पर भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भागीदारी कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

# झज्जर में 1920 ने दी नीट-यूजी की परीक्षा

**झज्जर। जिला झज्जर में** रविवार को आयोजित की गई नीट ( यूजी) परीक्षा सभी आधा दर्जन परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके और नकल रहित संपन्न हुई। परीक्षा नकल रहित व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो, ज़िला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया। इसके लिए स्वयं डीसी प्रदीप दहिया ने कमान संभाली और ज़िला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों को डीसी प्रदीप कुमार के साथ औचक निरीक्षण किए। उन्होंने परीक्षा शुरू होने से पूर्व परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजन की नियमानुसार व्यवस्थाएँ देखी, सीसीटीवी के अलावा अन्य जरूरी व्यवस्था देखी, साथ ही परीक्षा केंद्र अधीक्षक व स्टाफ से भी पूछताछ की।

# नशीला पदार्थ भंडार की दो महिला आरोपियों को काबू किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला पुलिस ने** नशीला पदार्थ भंडार की दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस अधीक्षक नट अग्रवाल के निर्देश- निर्देश में एंटी नारकोटिक सैल ने गांधीनगर वासियान में नशीला पदार्थ रखने का आरोप लगाया, दो महिलाओं को आस्तिक बनाकर उनके व्यवसाय से 14 लाख चुरापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 3 मई 2025 को एंटी नारकोटिक सैल के सहायक उप निरीक्षक सुखबीर सिंह, पवन कुमार, मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार, नवीन कुमार, ई कमांडर जगपाल




और महिला सिपाही शिवानी और रश्मि की टीम एंटी नारकोटिक सैल में मौजूद था। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली गांधीनगर निवासी दो महिलाएं चुरापोस्ट प्लॅान का काम होता है। उत्तर प्रदेश और दिल्ली से अन्यत्र महिलाएं चुरापोस्ट खरीदकर, हरियाणा में राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की महिलाएं बेचती हैं। आज भी दोनों महिलाएं यूपी से चुरापोस्ट खरीदकर अंबाला से बस पीपल आएंगी। अगर पीपली बस के पास से निगरानी की जाए तो दोनों महिलाओं के पास से भारी मात्रा में चुरापोस्त बरामद हो सकता है। अवसर पर राजपत्रित अधिकारी मनोज मेहता एटीओ स्कूटर को बुलाया गया। कुछ देर बाद पुलिस टीम को पीपली बस के पास से दो महिलाएं अंबाला की तरफ से दिखाई दीं। महिला पुलिस की सहायता से पुलिस टीम ने दो महिलाओं को अपना फिजियोलॉजी बताकर उनका पता लगाने की जगह पर उन्होंने पता गांधीनगर थानेदार को बताया। महिला पुलिस के सामने राजपत्रित अधिकारी उनके कब्जे से 14 लाख चुरापोस्ट बरामद किए गए। महिला थानेदार के खिलाफ थाने में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

# राष्ट्र हित के लिए जरूरी है एक देश एक चुनाव : रोजी मलिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एक देश एक चुनाव** में आम जनमानस की सहमति बनाने के विषय को लेकर विचार-विमर्श हेतु भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को एक देश-एक चुनाव कुरुक्षेत्र विभाग, जिसमें करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल व पानीपत जिला आते हैं कि प्रभारी रोजी मलिक का मार्गदर्शन मिला। कुरुक्षेत्र विभाग प्रभारी रोजी मलिक ने उपस्थित सभी को कहा कि एक देश एक चुनाव से होने वाले लाभ की आप सभी को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि इससे न केवल राजकोष की बचत होगी, अपितु इससे कालेधन पर लगाम भी




लगेगी उन्होंने कहा कि अकसर चुनाव के दौरान विकास कार्यों में रूकावट आ जाती है, क्योंकि चुनाव के समय राज्यों में आचार संहिता लागू हो जाती है और यह परिणाम जारी होने तक लागू रहती है। ऐसे में इससे विकास परियोजनाओं में देरी होती है। एक देश-एक चुनाव से ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय देशभर में फोर्स से लेकर विभिन्न सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगती है। इससे उनके सरकारी काम में भी व्यवधान होता है। ऐसे में साल में एक ही बार में इस तरह की आवश्यकता पड़ेगी और इससे संसाधनों में बचत होगी। उन्होंने बताया कि पहले भी वर्ष 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव एक साथ हो चुके हैं। हालांकि, इसके बाद यह परंपरा कायम नहीं रह सकी। अब फिर एक देश और एक चुनाव की मांग जोर पकड़ती जा चुकी है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, कुरुक्षेत्र विभाग संयोजक डा. राजबीर आर्य, सह संयोजक अजीत चहल ने भी अपने विचार रखे। बैठक में सांसद प्रतिनिधि कविन्द्र राणा, पूर्व जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रभारी डा.अशोक कुमार, आईटी प्रमुख विकास कश्यप, कार्यालय इंचार्ज मदन गुर्जर, अलका चौधरी, मीनू चावला, अनिल मदान सहित करनाल जिला के सभी मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री मौजूद रहे।

# जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**जिले में एनटीए द्वारा** आयोजित की गई राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। अभ्यर्थियों में परीक्षा को लेकर उत्साह व उमंग था। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी समय से पूर्व ही पहुंचना प्रारंभ हो गए थे। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर किरण सिंह ने बताया कि उन्होंने सभी सातों सेंटरों का दौरा किया। डॉक्टर किरण सिंह ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर समय पर परीक्षा प्रारंभ हुई। हर केंद्र



पर सभी तरह की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। परीक्षा प्रारंभ होने से पहले ही अभ्यर्थी अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए थे। सभी सेंट्रो पर बिजली, पानी और शौचालय की व्यवस्था की गई थी। पुलिस के व्यापक प्रबंध किए गए थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने परीक्षा प्रारंभ होने से पहले तीन सेंटरों पर जाकर स्थिति का जायजा लिया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दूसरे सेंट्रो पर भी जाकर निरीक्षण किया गया। सभी सेंट्रो पर सभी सुविधाएं दुरुस्त मिली।

# आज होगा सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ : पूर्व सांसद संजय भाटिया

**शुभारंभ**

▶▶ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** गांव व शहर के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए केंद्रीय मंत्री एवं करनाल लोकसभा सांसद मनोहर लाल के 71वें जन्मदिन पर सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ पानीपत से किया जा रहा है। इसको भव्य रूप प्रदान करने एवं इसकी तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से पूर्व सांसद संजय भाटिया का बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को मार्गदर्शन मिला।
संजय भाटिया ने बताया कि 5 मई से 11 मई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में करनाल व पानीपत जिला के गांव व शहरों से कबड्डी व खो-खो की टीमों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में इसकी शुरूआत 5 मई को पानीपत के माडल टाउन स्थित स्टेडियम से होगी और प्रतियोगिता के दूसरे चरण में इसके मैच करनाल के कर्ण स्टेडियम में होंगे। प्रतियोगिता का समापन 11 मई को करनाल के कर्ण स्टेडियम में होगा।
उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता टीमों को प्रथम पुरस्कार में नकद 51000 रुपए, द्वितीय स्थान में रहने वाली टीम को 31000 रूपए एवं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को 21000 रुपए नकद एवं सभी टीमों के खिलाडि?ों को मैडल शील्ड व टी-शर्टस भी दी जाएंगी।
संजय भाटिया ने बताया कि 5 मई को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर करनाल के सनातन धर्म मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है, जो कि सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इसी दिन सुबह 7 बजे अनाथाश्रम करनाल में हवन-यज्ञ के अतिरिक्त 8 बजे सुबह कृष्ण गौशाला में भी हवन किया जाएगा।
बैठक को विधायक जगमोहन आनंद, जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, मेयर रेनू बाला गुप्ता, प्रतिनिधि कविन्द्र राणा, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने भी सम्बोधित किया।

# एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर जिला स्तरीय बैठक का किया गया आयोजन



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
लोकनिर्माण विभाग के विश्राम गृह परिसर में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। पूर्व अध्यक्षा हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड एवं एक राष्ट्र एक चुनाव विभाग प्रभारी मलिक रोजी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रही। बैठक को पूर्व सांसद संजय भाटिया, कुरूक्षेत्र विभाग सह संयोजक अजीत चहल, डॉ राजबीर आर्य, रोशन लाल माहला ने भी इस बैठक को संबोधित किया। एक राष्ट्र एक चुनाव के जिला संयोजक ईश कुमार राणा ने पानीपत पहुंचने पर सभी अतिथियों का स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए विभाग प्रभारी मलिक रोजी ने कहा कि लोकतंत आधुनिक युग की सबसे बेहतर शासन व्यवस्था है और भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता हैं। लोकतंत्र में बहुमत दल की सरकार बनाई जाती है बहुमत प्राप्त करने के लिए जनमत प्राप्त करना अनिवार्य है और जनमत प्राप्त करने का सबसे बेहतर तरीका चुनाव ही है। भारत में अनेक लोकतांत्रिक संस्थाएं है जिनके चुनाव समय समय पर करवाना अनिवार्य है इन संस्थाओं में लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव के अलावा ग्राम पंचायत, ब्लॉक समिति, जिला परिषद् और नगर पालिका, नगर निगम के चुनाव करवाए जाते है।
लेकिन बढ़ती जनसंख्या और महंगाई के कारण चुनाव करवाना जहां महंगी प्रक्रिया हो गया है वहीं प्रत्येक चुनाव के लिए मतदान की तिथि से पूर्व आचार संहिता लागू कर दी जाती है

## न्यूज फ्लैश

### स्टेपनी बदल रहे ड्राइवर को कार ने कुचला, मौके पर हुई मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गांव शामगढ़ के पास एक पिकअप ड्राइवर को टायर ने टक्कर मार दी। ड्राइवर पिकअप गाड़ी की स्टेपनी बदल रहा था। हादसा इतना भयानक था कि चालक दोनों वाहनों के बीच में दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।
हादसा देखकर मौके पर लोग जमा हो गए और गाड़ी का ड्राइवर भी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के मॉच्युरी हाउस में भिजवा दिया। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।
घटना में जान गंवाने वाले शख्स की पहचान नारायणगढ़ के पजलासा गांव निवासी 40 वर्षीय संदीप के रूप में हुई है। वह शनिवार को अपने भतीजे के साथ पिकअप गाड़ी में सवार होकर किसी काम से निकला था। रास्ते में गाड़ी का टायर खराब हो गया। संदीप ने गाड़ी को डिवाइडर के पास साइड में खड़ा किया और स्टेपनी बदलने लगा। तभी पीछे से तेज रफ्तार स्विफ्ट कार आई और पिकअप को टक्कर मार दी। संदीप पिकअप और कार के बीच बुरी तरह फंस गया और वहीं दम तोड़ दिया।
हादसे के वक्त संदीप का भतीजा भी उसके साथ था, लेकिन वह किसी जरूरी काम के लिए कुछ दूरी पर गया हुआ था। संदीप के भतीजे ने बताया कि वह जैसे ही मौके पर लौटा तो वह मंजर देख सन्न रह गया। उसने बताया कि चाचा संदीप के दो बच्चे हैं और पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस हादसे में स्विफ्ट कार का चालक भी घायल हो गया है। हादसे के बाद उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।
मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी एसआई जसविंद्र ने बताया कि पिकअप का टायर पंचर हो गया था। ड्राइवर संदीप डिवाइडर के पास गाड़ी को खड़ा कर स्टेपनी बदल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

### रेस्टोरेंट कर्मचारी और उसके दोस्त को पीटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के मुगल कैनाल स्थित एक रेस्टोरेंट में युवक और युवतियों को गंदे इशारे करने से रोकना रेस्टोरेंट के कर्मचारी और उसके साथी को महंगा पड़ गया। युवकों ने दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी और फिर अपने दोस्तों को बुलाकर भी दोनों को पिटवाया। पीड़ित ने चाकू से हमला करने के भी आरोप लगाए हैं, जिसका एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। करनाल के पालम कॉलोनी, शिवा मंदिर के पास रहने वाले राकेश ने सेक्टर-13 चौकी में शिकायत दी कि वह और उसका दोस्त लक्की शनिवार को रोजाना की तरह अपने काम पर थे। करीब ढाई बजे के आसपास रेस्टोरेंट में पहले से दो लड़कियां और पांच लडके खाना खा रहे थे और वे आपस में गंदे इशारे कर रहे थे। राकेश ने उन्हें टोका कि यह फैमिली जगह है, घर नहीं, आप यहां ऐसा बर्ताव न करें। इसके बाद युवकों ने राकेश और लक्की पर हमला कर दिया और बाहर से 15 अन्य लडकों को बुलाकर बुरी तरह पीटा। राकेश का आरोप है कि सभी आरोपी युवकों ने आते ही न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि उनके साथ जमकर मारपीट भी की। इस दौरान एक युवक ने चाकू से हमला किया। जाते-जाते सभी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए बोले कि आज तो छोड़ दिया, भविष्य में नहीं छोड़ेंगे। राकेश ने यह भी बताया कि वह आरोपियों को पहचानता नहीं। सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहा है कि कुछ युवक दो युवकों को पीटते हुए नजर आ रहे हैं। पहले सफेद टी शर्ट में एक युवक दूसरे युवक को बुरी तरह से पीटता हुआ दिख रहा है, इसी बीच एक लाल टी शर्ट वाला युवक भी उसी के साथ मारपीट करता है।

# शिक्षा मंत्री ने कथा स्थल का किया निरीक्षण



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
अखिल भारतीय श्री राम.नाम जागरण मंच एवं बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत के सभी पदाधिकारी, पंडित निर्मल शास्त्री के नेतृत्व में सेक्टर 13-17 के हुडा मैदान में आगामी 17 से 19 मई तक आयोजित श्री हनुमंत कथा अमृत महोत्सव की तैयारियों में जुटे हुए हैं। वहीं पंडित निर्मल शास्त्री व्यक्तिगत रूप से व मीडिया के माध्यम से नगर के प्रबुद्ध नागरिकों को कथा का न्यौता भी दे रहे हैं तथा कथा स्थल पर तैयारियों का जायजा भी ले रहे हैं। वहीं क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने भी आज कथा स्थल का निरीक्षण किया। यहां पर मीडिया के साथ बातचीत में मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि यह उनके व उनके क्षेत्र के लिए ही नहीं बल्कि पूरे पानीपत जिला के लिए खुशी की बात है कि विश्व प्रसिद्ध एवं सनातन धर्म का ध्वज लेकर चलने वाले युवा संत पूज्य बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज पानीपत पधार रहे हैं। मंत्री ढांडा ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा करके व उसे आगे बढ़ाकर ही वर्ष 2047 तक भारत विश्व गुरू बन सकता है। युवाओं को अपने देश व धर्म की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। मंत्री ढांडा ने कहा कि वह खुद इस कथा में शामिल होंगे और हवन यज्ञ में आहुति डाल महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। उन्होंने प्रदेश वासियों से अपील की कि वह न केवल स्वयं और परिवार सहित बल्कि मित्रगणों के साथ कथा का श्रवण करें तथा बाबा जी का आशीर्वाद लें। इस दौरान बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत के अध्यक्ष सतीश गौतम, महासचिव सुरेश काबरा, राजीव जैन, बबलू शर्मा सिवाह , पंडित हरिओमशास्त्री , अविनाश ठाकुर, राजू श्रीवास्तव, अवदेश श्रीवास्तव, राजीव परुथी, अंकुर शर्मा, सुमित भारद्वाज सिवाह, दीपक शर्मा, राजेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# आधे घंटे बंद रहा बायोमैट्रिक मशीन का सर्वर, विद्यार्थियों को उठानी पड़ी परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर रविवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। वहीं राजकीय महाविद्यालय में बायोमैट्रिक मशीन का सर्वर डाउन होने के चलते विद्यार्थियों को शांतिपूर्वक संपन्न हुई। आधे घंटे बाद मशीन का सर्वर ठीक होने के बाद विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया।
नीट की परीक्षा के लिए महेंद्रगढ़ में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन परीक्षा केंद्रों में 1250 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के लिए जिला प्रशासन की ओर से



सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश के लिए कई बार चेकिंग प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से पांच बजे निर्धारित किया गया था।
परीक्षार्थियों को सुबह 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक केंद्र में प्रवेश दिया गया।

# दुकान पर जा रहे बुजुर्ग को बेसहारा गोवंश ने उठा कर पटका, सिर फटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**
शहर के नगरपालिका रोड पर अपनी दुकान जा रहे बुजुर्ग को बेसहारा गोवंश ने अचानक उठा कर बुरी तरह से पटक दिया। इस हमले से बुजुर्ग के सिर फट गया और उनके हाथ व पैर में चोटें आई हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।
अशोक नगर के रहने वाले रमेश खन्ना शनिवार को नगरपालिका रोड स्थित अपनी दुकान पर जा रहे थे। जब वह दुकान के पास पहुंचे तो वहां शांत खड़े एक गोवंश ने उन्हें अचानक उठा कर जमीन पर पटक दिया। जिससे रमेश खन्ना हवा में उछल कर सीधे नीचे गिरे। इस हमले के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आस-पड़ोस के लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल ले कर पहुंचे। इस हादसे में रमेश खन्ना का सिर फट गया और उन्हें आठ टांके आए।-प्रधानावास चौक पर भी दुकानदार को मारी टक्कर
गन्नौर गांव के प्रधानवास चौक स्थित लाजू दी हट्टी दुकान के संचालक विकास अपनी दुकान के बाहर खड़े थे। इस दौरान एक गोवंश ने अचानक उन पर भी हमला कर दिया। गोवंश ने उन्हें उठा कर दुकान के स्लैब पर पटक दिया। जिससे उनकी छाती, हाथ व पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।

# समाज सेवा संगठन ने सनोली रोड प्रजापति धर्मशाला पर लगाया वाटर कूलर: प्रवीण जैन



**पानीपत , ( कमाल? हुसैन )**
समाज सेवा संगठन की ओर आज 4 मई रविवार को प्रजापत धर्मशाला सनौली रोड पर 39 वे वाटर कूलर का शुभारंभ मुख अतिथि समाज सेवी विभु बत्रा ने किया । विभु बत्रा ने कहा गर्मी के मौसम में समाज सेवा संगठन वाटर कूलर लगाकर बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है हम सबको संगठन का सहयोग करना चाहिए । संगठन अध्यक्ष प्रवीन जैन ने बताया सनौली रोड पर संजय चौक से मंडी तक पीने के पानी का कोई इंतजाम नही था। और सनौली रोड पर हर समय राहगीरों रेहड़ी रिक्शा वालों का आना जाना लगा रहता हैं गर्मी बहुत ज्यादा है उनको ठंडा पानी मिलेगा और रोड पर रेहड़ी रिक्शा वाले व स्कूल के बच्चे वहा से गुजरते हैं व सामने दरगाह है हर वक्त राहगीर वहा से गुजरते रहते हैं उनको भी ठंडा पानी मिलेगा जैन ने बताया एक चार दिन पहले हमारे पास धर्मशाला के प्रधान का फोन आया था यहां वाटर कूलर की सख्त जरूरत है वहां जाकर देखा आस पास में ठंडे पानी की कोई व्यवस्था नहीं है उसको देखते हुए आज वाटर कूलर लगाया। समाज सेवा संगठन ने ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर का अभियान चलाया था जिसके तहत पानीपत में 39 वाटर कूलर लगाए जा चुके है। यहां की जरूरत को देखते हुए वाटर कूलर लगाया । शास्त्रों में वर्णन है नर सेवा ही नारायण सेवा है है। देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान त्यागने के लिए अभिमान की राह पर चल रहा है संगठन और आगे जहा भी ठंडे पानी की जरूरत होगी बिजली पानी का कनकसेन होगा 9812863034 पर संपर्क करें संगठन की कोशिश होगी वहा पर वाटर कूलर लगाया जा सके समाज सेवा संगठन का काम समाज की सेवा करना है भूखे को खाना प्यासे को पानी जय

# अल्फा सिटी में टूटी सडकों का विरोध, निवासियों ने प्रदर्शन कर की नारेबाजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले की अल्फा सिटी में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर लोगों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। रविवार को अल्फा रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्य सडकों पर उतर आए और मंडलायुक्त के निवास के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। गुस्साए लोगों ने कहा कि वो कई बार बिल्डर और अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन नतीजा शून्य रहा। अब न सुनवाई हो रही है और न ही समाधान। इसलिए मजबूरी में प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा है।
एसोसिएशन के पदाधिकारियों



का कहना है कि यह पहली बार नहीं है, जब लोगों ने आवाज उठाई हो। पिछले 7-8 सालों में वे 10-12 बार प्रदर्शन कर चुके हैं। हर बार उन्हें आश्वासन तो मिलते हैं, लेकिन जमीनी हालात जस के तस बने हुए हैं। न सडकों की मरम्मत हुई और न सीवरेज का समाधान।
अल्फा सिटी निवासी मुस्कान, नीलम और रचना ने कहा कि सडकें यहां मूलभूत सुविधा होनी चाहिए, लेकिन हालत यह है कि जगह-जगह गड्ढे हैं। ऐसी सडक पर चलना जान जोखिम में डालने जैसा है। बच्चों को स्कूल भेजना हो या खुद ऑफिस जाना, हर वक्त डर बना रहता है कि कहीं हादसा न हो जाए।
प्रदर्शनकारियों ने तंज कसते हुए नारे लगाए कि सडकें क्षतिग्रस्त हैं, सरकार कहीं व्यस्त है और बिल्डर पैसा खाकर मस्त हैं। उन्होंने कहा कि जनता से करोड़ों रुपए लेकर कॉलोनियां काटी जाती हैं, लेकिन न सडक मिलती है, न सुरक्षा और न साफ-सफाई।

# कुत्ते को बचाने के चक्कर में पलटी कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में कुत्ते को बचाने के चक्कर में एक कार बेकाबू होकर पलट गई। अचानक से ब्रेक लगाने पर संतुलन बिगड? से कार तीन-चार बार पलटी खाते हुए सडक किनारे लगे खंबे से जा टकराई। कार का फ्रंट ग्लास, बैक विंडो और बोनट बूरी तरह से टूट गए। गनीमत रही की चालक को मामूली चोटें ही आई।
हादसा शास्त्री नगर इलाके में बीती रात 11 बजे हुआ। एक्सीडेंट इतना भयानक था कि कार के एयरबैग खुल गए और टायर भी फट गए। राहगीर विकास, राहुल, विवेक और अन्य ने बताया कि कार के खंबे से टकराने पर



धमाका हुआ और वे कार चालक की सहायता के लिए भागे। चालक को कार से बाहर निकाला गया। हैरानी की बात थी की इतने खतरनाक एक्सीडेंट के बाद भी चालक को मामूली चोटें आई थी, लेकिन वह काफी घबरा गया था और डर के मारे वहां से चला गया।
ड्राइवर कौन है और कहां का है, इसको लेकर कोई जानकारी नहीं है।

# जो कृष्ण का भजन करते हैं, कृष्ण उनका भजन करते हैं:प्रभु जी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : इस्कॉन के गुरु महाराज गोपाल कृष्ण गोस्वामी जी के अति प्रिय शिष्य इस्कॉन मंदिर द्वारका, दिल्ली के प्रचारक अमल कृष्ण प्रभु जी के साथ आये उनके आश्रय के 175 भक्तों ने कुरुक्षेत्र के विभिन्न तीर्थ स्थलों व मंदिरों में कथा श्रवण व संकीर्तन कर महामंत्र हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे की मधुर धुन पर भाव विह्वल हो कर निरंतर घंटों नृत्य कर सनातन धर्म का प्रचार किया । शुक्रवार सुबह गीताज्ञान संस्थानम् के सैमिनार हाल में कथाव्यास अमल कृष्ण



प्रभु जी ने कुरुक्षेत्र महात्म्य कथा में उपस्थित भक्तों को सृष्टि की उत्पत्ति और कुरुक्षेत्र के उद्भव एवं आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया । उन्होंने बताया कि श्रीमद् भगवद् गीता में कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र इसलिए कहा गया है क्योंकि यहां पर धर्म की खेती होती है । उन्होंने कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर, सन्निहित सरोवर, गीता उपदेश स्थली ज्योतिसर, भीष्म कुंड नरकातारी, श्री व्यास गौड़ीय मठ, श्री कृष्ण अर्जुन मंदिर सहित कई अन्य प्राचीन तीर्थों व मंदिरों के इतिहास व महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया । उसके पश्चात सभी भक्तों द्वारा पवित्र ब्रह्म सरोवर में स्नान के बाद प्रभु जी ने आरती स्थल व रथ के निकट महामंत्र संकीर्तन किया । संकीर्तन पर नृत्य करते हुए इस्कॉन के भक्तों ने वहां उपस्थित अन्य सभी पर्यटकों को भी मुग्ध होकर कर लगातार घंटों झूम-झूमकर नृत्य करने के लिये प्रेरित कर दिया ।
सायंकालीन सत्र में अमल कृष्ण प्रभु जी ने ज्योतिसर तीर्थ पर वटवृक्ष के नीचे बैठकर इस तीर्थ व श्रीमद् भगवद् गीता का महत्व बताते हुए भक्तों को संकीर्तन व गीता श्लोकोच्चारण करवाया । रात्रि में सभी भक्तों ने महाभारत पर आधारित लाइट एंड साउंड शो का आनंद लिया । शनिवार प्रातः कालीन सभा में प्रभु जी ने सभी भक्तों को बिरला मंदिर में 6:30 से 9:30 बजे तक कथा रसामृतपान व संकीर्तन करवाया । दोपहर को गीता ज्ञान संस्थानम् के सभागार में प्रभु जी ने सूर्य ग्रहण के समय कुरुक्षेत्र में द्वारकाधीश श्री कृष्ण व ब्रजवासियों के मिलन का सुंदर प्रसंग सुनाया । सायं कालीन सभा में सभी भक्तों ने प्रभु जी के सान्निध्य में सन्निहित सरोवर, भीष्म कुंड नरकातारी व ज्योतिसर में इस्कॉन के श्री कृष्ण अर्जुन मंदिर में कथा एवं संकीर्तन का झूम झूम कर आनंद उठाया ।

# युवक ने खून से लिखा पीएम को पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की मौत और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर युवाओं में आक्रोश है। रविवार को अंबेडकर चौक पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ ब्रिगेड के सदस्य आकाश सिरसवाल ने अपने खून से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम लेटर लिखा। आकाश ने लेटर में आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की मांग की और करनाल विधायक जगमोहन आनंद को लेटर सौंपकर इसे प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि सरकार निर्णायक प्रहार जरूर



करेगी।
आकाश सिरसवाल ने कहा कि पाकिस्तान ने बार-बार देश के सैनिकों को निशाना बनाया है, अब समय आ गया है कि उसे करारा जवाब मिले। उन्होंने कहा कि पूरा भारत अब पाकिस्तान के खात्मे के लिए तैयार है। आकाश ने कहा कि देश का युवा पाकिस्तान की जड़ों में तेजाब डालने का काम करेगा।
आतंकवाद का जड़ से सफाया होना चाहिए। लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के साथ जो हुआ, वह बेहद निंदनीय है। मेरी प्रधानमंत्री से विनती है कि आतंकवाद को खत्म करने का निर्णायक फैसला लिया जाए।

# यमुना को बचाने के लिए किराड़ी, द्वारका और रोहिणी में ड्रेन-जलाशय होंगे दुरुस्त



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** डीडीए ने यमुना नदी के प्रदूषण, जलभराव और भूजल प्रदूषण की समस्याओं से निपटने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। इसके तहत किराड़ी ट्रंक ड्रेन, द्वारका में स्टॉर्म वाटर चैनल नंबर 2 और 5, द्वारका सेक्टर 8 में स्टॉर्म वाटर ड्रेन और रानी खेड़ा से रोहिणी सेक्टर 40 तक स्टॉर्म वाटर ड्रेन को दुरुस्त किया जाएगा। इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 145 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस परियोजना के तहत ड्रेनों की मरम्मत, रखरखाव के साथ जलाशयों का निर्माण भी किया जाएगा। ये जलाशय वर्षा जल संचयन और पार्कों की सिंचाई जरूरतों को पूरा करने में सहायक होंगे। किराड़ी में ट्रंक ड्रेन सुधार करने से जलभराव की समस्या कम होगी, जबकि द्वारका और रोहिणी में स्टॉर्म वाटर ड्रेन की मरम्मत से मानसून के दौरान जल निकासी में सुधार होगा। जलाशयों के निर्माण से भूजल स्तर को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। डीडीए के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में कुल 22 ट्रंक ड्रेन, 65 स्टॉर्म वाटर ड्रेन, और 10 स्टॉर्म वाटर चैनल हैं, जो शहर की जल निकासी व्यवस्था का आधार हैं। इनमें से 12 ड्रेन (8 ट्रंक ड्रेन और 4 स्टॉर्म वाटर ड्रेन) की हालत बेहद खराब है। इन ड्रेनों में गाद का जमाव, क्षतिग्रस्त हुई लाइनें और अपर्याप्त रखरखाव प्रमुख समस्याएं हैं। खराब ड्रेनों के कारण अशोधित मलजल और औद्योगिक कचरा सीधे यमुना में प्रवाहित हो रहा है, जिससे नदी की सेहत पर गंभीर असर पड़ रहा है।

**नदी में ऑक्सीजन की कमी हो रही है**

डीडीए के मुताबिक, दिल्ली में यमुना के 22 किलोमीटर के हिस्से में 22 प्रमुख ड्रेन से हरदिन करीब 3,296 मिलियन लीटर अशोधित मलजल नदी में डाला जाता है, जिससे नदी में ऑक्सीजन की कमी हो रही है, जिसके कारण जलीय जीवन करीब समाप्त होने की कगार पर है। खराब ड्रेनों से यमुना में फॉस्फेट और सर्फेक्टेंट जैसे प्रदूषक भी पहुंच रहे हैं, जो विषाक्त फोम (फ्रॉथ) का कारण बनते हैं। यह फोम खासकर कालिंदी कुंज और ओखला बैराज के पास सर्दियों में दिखाई देता है, जो नदी की पारिस्थितिकी और आसपास के निवासियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है।

**यमुना के किनारे पहले से चल रहीं सभी परियोजनाएं होंगी एकीकृत**

यमुना नदी के किनारे पहले से चल रही परियोजनाओं को एकीकृत कर रिवरफ्रंट योजना में समाहित किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) से नदी के किनारे पहले से चल रही सभी 11 परियोजनाओं को एकीकृत रिवरफ्रंट में समाहित करने को कहा है। बताया जा रहा है कि सरकार एक ही योजना के तहत रिवरफ्रंट तैयार करेगी। इसी योजना में अन्य विकास की गतिविधियां भी शामिल होंगी। यह प्रस्तावित रिवरफ्रंट लगभग 22 किलोमीटर लंबा होगा। यह उत्तरी दिल्ली के पल्ला से लेकर दक्षिण में ओखला तक फैला होगा। साथ ही डीडीए के स्वामित्व वाले 1,500 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को कवर करेगा। इस परियोजना का उद्देश्य यमुना के किनारों को न केवल स्वच्छ और सुंदर बनाना है, बल्कि इसे पर्यटन और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनाना भी है। दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी तट पर प्रमुख परियोजनाओं में कालिंदी अविरल (निजामुद्दीन ब्रिज से डीएनडी फ्लाईवे), कालिंदी बायोडायवर्सिटी पार्क (डीएनडी फ्लाईवे से कालिंदी बाईपास), यमुना वाटिका (पुराना रेलवे ब्रिज से आईटीओ बैराज), वासुदेव घाट (वजीराबाद बैराज से पुराना रेलवे ब्रिज), और इकोटूरिज्म क्षेत्र (गीता कॉलोनी ब्रिज से आईटीओ बैराज) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, न्यू इंडिया गार्डन और निजामुद्दीन ब्रिज के बीच एक नया रिवरफ्रंट खंड भी प्रस्तावित है। दिल्ली सरकार की हाल ही में हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक में इस परियोजना को गति देने का निर्णय लिया गया। बीते दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा था कि यह साबरमती रिवरफ्रंट की तरह समयबद्ध तरीके से पूरी होगी। दिल्ली सरकार का मानना है कि यह परियोजना न केवल यमुना को प्रदूषण से मुक्त करेगी, बल्कि दिल्लीवासियों को एक नया मनोरंजन और सांस्कृतिक स्थल भी प्रदान करेगी। साथ ही यमुना की पारिस्थितिकी संतुलन को बहाल करने के लिए जैव-विविधता को बढ़ावा देने, वेटलैंड्स और नदी किनारे बफर जोन बनाने की भी योजना है।

# दिल्ली को कितनी बसों की जरूरत, कहां फेल हुई थी केजरीवाल सरकार?



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली को** 11000 बसों की जरूरत है, लेकिन सिर्फ 7555 ही उपलब्ध हैं। बसों की कमी के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। हर रूट पर बसों का इंतजार करना पड़ता है। बसों का समय तय न होने से लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों की मांग है कि पर्याप्त बसें उपलब्ध कराई जाएं और टर्मिनल से बसों का समय भी तय किया जाए। बसों के रूट भी बदले जाएं, अगर रूट पर यात्री ज्यादा हैं तो उन रूट पर ज्यादा बसें उपलब्ध कराई जाएं। लोगों का कहना है कि भाजपा सरकार को इस समस्या से राहत देनी चाहिए, पिछली आप सरकार 10 साल तक सिर्फ घोषणाएं ही करती रही।

**सरकार के पास 7255 बसें उपलब्ध**

दिल्ली की स्थिति पर नजर डालें तो सरकार के पास इस समय 7255 बसें उपलब्ध हैं। पिछले चार महीनों में 900 बसें सड़कों से हटाई जा चुकी हैं। सरकार इस महीने 400 बसें सड़कों पर उतार पाई है। इनमें से करीब 300 नौ मीटर की छोटी बसें हैं। इन बसों से लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली है, क्योंकि भीड़भाड़ वाले इलाकों में छोटी बसें भी चलाई जा रही हैं।

# सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को मुआवजा मिलने में होगी दिक्कतें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। सड़क** दुर्घटना हो या कोई आपराधिक घटना, पीड़ित को न्याय और उचित मुआवजा दिलाने के लिए मेडिको लीगल सर्टिफिकेट (एमएलसी) सही तरीके से तैयार करना जरूरी है। एमएलसी में अगर जरूरी जानकारी सही तरीके से नहीं दी गई तो कानूनी पेचीदगियां बढ़ सकती हैं। पीड़ित परिवार और उनके रिश्तेदारों के लिए भी यह मुश्किल साबित हो सकता है।

**एक गलती पर कोर्ट के चक्कर लगाएंगे डॉक्टर**

एम्स ट्रॉमा सेंटर के फोरेंसिक विभाग के डॉक्टरों द्वारा किए गए एक अध्ययन से यह बात सामने आई है। इस अध्ययन के अनुसार मारपीट, दुर्घटना और आपराधिक घटनाओं के पीड़ितों को इमरजेंसी में पहली बार देखने वाले डॉक्टर कई मामलों में एमएलसी तैयार करने में गलती कर देते हैं। इससे कानूनी पेचीदगियां बढ़ जाती हैं और डॉक्टरों को कोर्ट के चक्कर भी अधिक लगाने पड़ते हैं। एम्स ट्रॉमा सेंटर के फोरेंसिक विभाग का यह अध्ययन जर्नल ऑफ फोरेंसिक एंड लीगल मेडिसिन में प्रकाशित हुआ है। डॉक्टरों ने इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों को हर 15 दिन में एमएलसी तैयार करने का प्रशिक्षण देने और राष्ट्रीय स्तर पर एमएलसी लिखने की गाइडलाइन तैयार करने की सिफारिश की है।

# संपत्ति के लिए पॉक्सो में फंसाया, कोर्ट ने आरोप झूठा पाया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** तीस हजारी कोर्ट ने संपत्ति विवाद को लेकर भतीजी के आरोपों को झूठा पाते हुए पॉक्सो मामले से दोनों चाचा समेत चार को बरी कर दिया है। भतीजी ने इस मामले में अपनी चाची और बुआ को भी आरोपी बताया था। हालांकि, अब कोर्ट में भतीजी की तरफ से लगाए गए आरोप झूठे साबित हुए हैं। किशोरी ने आरोप लगाया था कि दोनों चाचा ने उसके कपड़े उतारकर वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी दी थी। हालांकि, एफएसएल जांच में आरोपियों के मोबाइल से ऐसा कोई वीडियो नहीं मिला। दोनों पक्षों में संपत्ति को लेकर हुए समझौते के बाद पीड़िता की मां भी कोर्ट में अपने बयान से मुकर गई। इसके बाद कोर्ट ने चार साल तक चली सुनवाई के बाद सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष के वकील ने कहा कि ये पूरा मामला संपत्ति के विवाद और बदला लेने की नियत से जुड़ा है। वकील ने कहा कि ये मामला कानून के प्रावधानों का दुरुपयोग करने के अलावा और कुछ नहीं है।

# सिसोदिया-सत्येंद्र पर शिकंजा: क्लासरूम की लागत का आकलन करेगी एसीबी, दो हजार करोड़ के घोटाले का है मामला



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** एसीबी दिल्ली में हुए 12 हजार से अधिक क्लासरूम निर्माण में दो हजार करोड़ के घोटाले के मामले की तह तक जाएगी। इसके लिए क्लासरूम निर्माण की लागत का पता लगाया जाएगा। मामले में एसीबी की ओर से चीफ टेक्निकल एग्जामिनर (सीटीई) को पत्र लिखकर इंजीनियर मुहैया कराने को कहा है। यह लोग निर्माण लागत का आकलन करेंगे। तकनीकी जांच कर बताएंगे कि स्कूलों में कलासरूम बनाने में कितने रुपयों का घोटाला हुआ है। मामले में यह भी पता चला है कि सीटीई की जांच में घोटाले का पता चला था, लेकिन पूर्व में आम आदमी पार्टी की सरकार ने रिपोर्ट को दबा दिया था। 20 अप्रैल को एसीबी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ सरकारी स्कूलों में 12748 कक्षाओं के निर्माण में दो हजार करोड़ के घोटाले को लेकर केस दर्ज किया है। आरोप है कि इन दोनों नेताओं के मंत्री रहने के दौरान कक्षाओं के निर्माण के लिए अत्यधिक बढ़ी हुई दरों पर ठेके दिए गए। प्रत्येक कक्षा का निर्माण 24.86 लाख रुपये में किया गया, जो सामान्य लागत से करीब पांच गुना अधिक है। भाजपा के पूर्व दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता हरीश खुराना, विधायक कपिल मिश्रा और भाजपा के मीडिया कोऑर्डिनेटर नीलकांत बख्शी की ओर से एसीबी को सरकारी स्कूलों में 2,892 करोड़ रुपये की लागत से 12,748 कक्षाओं के निर्माण में भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें दी गई थी। घोटाले में दो पूर्व मंत्री के अलावा उनके दो पूर्व ओएसडी, दो चीफ इंजीनियर, बब्बर एंड बब्बर आर्किटेक्ट और कई ठेकेदार आरोपी बनाए जा सकते हैं।

# सफदरजंग अस्पताल में लू (हीट स्ट्रोक) की चपेट में आने वाले मरीजों के उपचार के लिए तैयारियां पूरी




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल ने लू (हीट स्ट्रोक) की चपेट में आने वाले मरीजों के उपचार के लिए तैयारियां पूरी कर ली है। इसके लिए डॉक्टरों से लेकर नर्सिंग स्टाफ सहित पैरामेडिकल कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। मरीजों के उपचार के लिए 62 बेड आरक्षित किए गए है। अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार मई-जून में हीट स्ट्रोक की चपेट में आने वाले मरीजों के उपचार के लिए अस्पताल पूरी तरह से तैयार है। मार्च 2025 में सभी डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए रिफ्रेशर कोर्स आयोजित किया। इसमें गर्मी संबंधित बीमारी के उपचार और प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। साथ ही हीटवेव को लेकर सभी स्वास्थ्यकर्मियों को जागरूक किया गया।

**डिजास्टर वार्ड भी किया आरक्षित**

अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि अभी फिलहाल हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए छह बेड पूरी तरह से तैयार है। बेड को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। सभी बेड पर वेंटिलेटर की व्यवस्था की गई है। मरीज के रक्तचाप, दिल की धड़कन, श्वसन दर सहित दूसरी चीजों की मॉनिटर से निगरानी होगी। मरीजों की संख्या बढ़ने पर वार्ड ए के छह बेड और डिजास्टर वार्ड के 50 बेड भी उपचार के लिए आरक्षित किए गए है। मरीज की देखरेख के लिए वार्ड में तीन बड़े कूलर और पंखों की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि मरीज के उपचार के दौरान बर्फ संबंधी दिक्कत से न जूझना पड़े उसके लिए तीन आइस लाइन्ड रेफ्रिजरेटर की व्यवस्था की गई है। इसमें पर्याप्त मात्रा में बर्फ का स्टॉक रखा जा सकेगा।

# दिल्ली भाजपा ने जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा** ने मंडल अध्यक्षों की निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्णता की ओर ले जाने के बाद रविवार को प्रदेश कार्यालय में संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन कर जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला को भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, प्रदेश सह प्रभारी डा. अल्का गुर्जर, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं प्रदेश के चुनाव अधिकारी डा. महेंद्र नागपाल ने सम्बोधित किया। कार्यशाला में संगठन पर्व के अंतर्गत नियुक्त प्रदेश भाजपा की चुनाव टोली के सदस्यों ने भाग लिया और जिलाध्यक्ष चुनाव करवाने की प्रक्रिया को समझा। इस अवसर पर शिव प्रकाश ने कहा की दिल्ली भाजपा ने संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए सभी 14 जिलों में 204 मंडल अध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण की है और शेष मंडल अध्यक्ष भी शीघ्र निर्वाचित होंगे।

# भावना हत्याकांड: डॉक्टर की हत्या का मुख्य आरोपी हिसार से गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** हरियाणा के हिसार में 24 अप्रैल को राजस्थान की डॉक्टर भावना यादव (25) की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस मामले में हिसार पुलिस ने आरोपी क्लर्क उदेश यादव (30) को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उदेश और भावना एक-दूसरे को साल 2018 से जानते थे और प्रेम संबंध में थे। लेकिन परिस्थितियों और पारिवारिक असहमति ने इस रिश्ते को एक भयावह मोड़ दे दिया। डॉक्टर भावना के हत्यारोपी उदेश को हिसार पुलिस ने किया गिरफ्तार डीएसपी तनुज शर्मा के अनुसार, आरोपी उदेश और भावना पहली बार एक शादी समारोह में मिले थे और तभी से दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग शुरू हुआ था। उदेश ने अपने परिवार के जरिए भावना के लिए रिश्ता भेजा था, लेकिन भावना की मां ने इसे ठुकरा दिया। भावना विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर 2023 में लौटी थी और परीक्षा की तैयारी कर रही थी। वहीं, उदेश 2021 में निक्की से शादी कर चुका था और उसका एक बेटा भी है। उदेश की मां और पत्नी ने आरोप लगाया है कि भावना एकतरफा प्रेम में पागल थी और शादी के लिए दबाव बना रही थी। निक्की के अनुसार भावना उसे कॉल कर उदेश की आवाज सुनने की विनती करती थी। वहीं, भावना की मां गायत्री यादव का दावा है कि उसकी बेटी को साजिश के तहत जलाकर मारा गया है। पोस्टमार्टम से पहले उन्होंने देखा कि भावना के शरीर के कुछ हिस्से बुरी तरह जल चुके थे, लेकिन सिर और पीठ सुरक्षित थे।

पेट पर धारदार हथियार से चोट के निशान भी मिले। घटना वाले दिन उदेश ने फोन पर बताया था कि भावना दीवार फांद कर क्वार्टर में घुस आई और खुद को आग लगा ली। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन सर्जरी के दौरान उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जयपुर ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। हनुमान बेनीवाल हिरासत में, रक भर्ती परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर छह दिन से बैठे थे धरने पर मां गायत्री का आरोप है कि यह कोई हादसा नहीं बल्कि एक सुनियोजित साजिश है। उन्होंने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि जिस तरह से उनकी बेटी तड़पी, आरोपी को भी वैसी ही सजा मिलनी चाहिए। पुलिस ने निक्की द्वारा सौंपी गई 60 पन्नों की चैट और बयानों के आधार पर जांच तेज कर दी है।

# दिल्ली को साफ और सुंदर बनाने के लिए नई पहल, चलेगा मेगा सफाई अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए दिल्ली में मेगा सफाई अभियान शुरू हो गया। इसके साथ ही दिल्ली में स्थानीय निकायों के साथ दिल्ली सरकार के विभिन्न विभाग, पीडब्ल्यूडी व अन्य विभाग भी इस अभियान का हिस्सा बनेंगे। इस दौरान जहां जगह-जगह श्रमदान होगा, वहीं जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के चेयरमैन केशव चंद्र खुद मंडी हाउस सर्किल पर सुबह आठ बजे से एक घंटे तक श्रमदान करेंगे। जबकि मेयर राजा इकबाल सिंह भी एमसीडी द्वारा शुरू किए जा रहे मेगा सफाई अभियान का नेतृत्व करेंगे।

एमसीडी अभियान के तहत पार्षद, आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशन, धार्मिक, सामाजिक और स्वैच्छिक संगठन भी इस अभियान का हिस्सा होंगे। मेयर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना और सीएम रेखा गुप्ता के आह्वान पर यह अभियान शुरू किया गया। इसके तहत दिल्ली की सभी सड़कें, फुटपाथ, गलियां, पार्क व अन्य सार्वजनिक स्थानों की सफाई की जाएगी। मेयर ने बताया कि दिल्ली के मेगा सफाई अभियान में पार्षद व सामाजिक संगठन भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि सभी पार्षदों से कहा गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, मार्केट एसोसिएशन, धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन व स्वयंसेवी संगठनों व एनजीओ के साथ मिलकर श्रमदान करें और इस मेगा सफाई अभियान को सफल बनाएं। मेयर ने बताया कि मेगा सफाई अभियान के तहत पार्षद सभी वार्डों में सफाई अभियान का नेतृत्व करेंगे जबकि जोनल चेयरमैन व डिप्टी चेयरमैन भी अलग-अलग वार्डों में सफाई अभियान का हिस्सा बनेंगे। मेयर ने बताया कि वे खुद भी इस मेगा सफाई अभियान के दौरान अधिकारियों के साथ विभिन्न वार्डों का दौरा करेंगे और खुद भी श्रमदान कर इस अभियान को सफल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि नियमित सफाई के दौरान जो क्षेत्र अस्वच्छ रह जाते हैं, उनकी भी विशेष सफाई की जाएगी।

एनडीएमसी चेयरमैन केशव चंद्रा ने कहा कि यह सिर्फ एक अभियान नहीं है बल्कि पूरे शहर में बदलाव लाने का प्रयास है। इसमें हर कर्मचारी और हर नागरिक का योगदान महत्वपूर्ण है। अगर सभी कर्मचारी हर दिन सिर्फ एक घंटा श्रमदान करें तो बदलाव दिखने लगेगा और प्रभावी भी। उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व नागरिक पहल पहली बार की जा रही है, जब प्रत्येक एनडीएमसी कर्मचारी नियमित कार्यालय का काम शुरू करने से पहले एक घंटे के फील्ड सफाई प्रयास में शामिल होगा।

**14 विभाग प्रमुखों को नोडल अधिकारी नामित**

उन्होंने बताया कि श्रमदान अभियान के कुशल कार्यान्वयन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए 14 विभाग प्रमुखों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिनमें से प्रत्येक एक स्वच्छता सर्किल के लिए जिम्मेदार है। ये अधिकारी सभी फील्ड गतिविधियों का समन्वय करेंगे, कर्मचारियों की तैनाती की निगरानी करेंगे, सफाई प्रयासों की निगरानी करेंगे और फील्ड में दैनिक रिपोर्टिंग और अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए 1,400 झाड़ू, कचरा संग्रहण और निपटान के लिए 600 किलोग्राम कचरा बैग, प्रतिभागियों की स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पांच हजार दस्ताने, स्वयंसेवकों और फील्ड कर्मचारियों के लिए 5,000 टोपी और 5,000 आईडी बैज के साथ-साथ प्रचार और जागरूकता सामग्री का उपयोग किया जाएगा।

**बंगाली मार्केट में शुरू हुई रात्रिकालीन सफाई**

खान मार्केट, जनपथ और सरोजनी नगर जैसी मार्केट के बाद एनडीएमसी ने शनिवार की रात से बंगाली मार्केट में भी रात्रिकालीन सफाई अभियान शुरू कर दिया है।

## न्यूज फ्लैश

### रिलैक्सो अब ब्लिंकिट, जेप्टो और स्विग्गी इंस्टामार्ट पर भी उपलब्ध

**नोएडा:** ग्राहकों की सुविधा को बढ़ाने और अपनी डिजिटल उपस्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड ने ब्लिंकिट, जेप्टो और स्विग्गी इंस्टामार्ट, जैसे भारत के प्रमुख क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर अपनी उपलब्धता की घोषणा की है। यह कदम रिलैक्सो के उस विजन के अनुरूप है, जिसके तहत वह अपने उत्पादों को देशभर के उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुलभ बनाना चाहता है।

इस मौके पर श्री नितिन दुआ, कार्यकारी उपाध्यक्ष, रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड ने कहा, "हम ब्लिंकिट, जेप्टो और स्विग्गी इंस्टामार्ट पर अपनी उपस्थिति की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं। यह क्विक-कॉमर्स सेगमेंट में हमारी पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। इस क्षेत्र में प्रवेश कर-के, हम उपभोक्ताओं को रिलैक्सो के भरोसेमंद और पसंदीदा उत्पादों तक अधिक सुलभता प्रदान करना चाहते हैं, ताकि उन्हें एक सहज और सुविधाजनक खरीदारी अनुभव मिल सके।"

अब ग्राहक अपने स्मार्टफोन पर कुछ ही टैप में फ्लाइट की स्टाइलिश चप्पलें, बहामास के ट्रेंडी फ्लिप-फ्लॉप्स और स्पार्क्स के आरामदायक जूते आसानी से मंगा सकते हैं। यह सेवा फिलहाल दिल्ली, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गुजरात समेत कई प्रमुख राज्यों में उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ताओं को खरीदारी में अधिक सुविधा और सहजता मिल रही है। यह पहल रिलैक्सो की ओम्नीचैनल रीटेल रणनीति का हिस्सा है, जो ग्राहकों को ब्रांड के फुटवियर तक पहुंच के लिए कई विकल्प प्रदान करती है।

रिलैक्सो के प्रमुख ब्रांड्स झ स्पार्क्स, फ्लाइट और बहामास झ पहले से ही अमेजन, फ्लिपकार्ट और मिंत्रा जैसे बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध हैं। इस नई पहल के साथ रिलैक्सो ने क्विक-कॉमर्स सेगमेंट में अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया है, जिससे ग्राहकों को उसके उत्पादों की तेज और सुविधाजनक डिलीवरी मिल सकेगी।

ब्लिंकिट, जेप्टो और स्विग्गी इंस्टामार्ट के साथ यह साझेदारी रिलैक्सो के उन निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जो बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए किए जा रहे । खासतौर पर शहरी क्षेत्रों में, जहां क्विक-कॉमर्स तेजी से बढ़ रहा है। यह पहल रिलैक्सो को एक भविष्य-प्रधान ब्रांड के रूप में और भी मजबूती देती है, जो आज के उपभोक्ताओं की तेज, सुविधाजनक और सुलभ खरीदारी की जरूरतों को पूरा करता है।

### एरो पेश करते हैं स्प्रिंग-समर 25 कलेक्शन: स्मार्ट, स्टाइलिश और बेहद आरामदायक

**नई दिल्ली** - अग्रणी मैन्सवियर ब्राण्ड एरो ने अपने नए स्प्रिंग -समर 2025 कलेक्शन का लॉन्च किया है। बेहतरीन फैब्रिक और आधुनिक डिजाइनों में तैयार किया गया यह नया कलेक्शन पुरुषों के फैशन को नया आयाम देगा। स्प्रिंग समर 2025 कलेक्शन उपभोक्ताओं को बहुमुखी, आधुनिक स्टाइल उपलब्ध कराने की एरो की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।एरो में हम हमेशा से इनोवेशन एवं भव्यता के साथ मैन्सवियर को नया आयाम देते रहे हैं। स्प्रिंग-समर 2025 कलेक्शन इसी दृष्टिकोण का प्रमाण है- जिसे उन आधुनिक पुरुषों के लिए डिजाइन किया गया है जो स्टाइल के साथ समझौता किए बिना आरामदायक महसूस करना चाहते हैं। तो इस सीजन एरो की ओर से ब्रीदेबल फैब्रिक, रिलेक्स फिट के साथ गर्मियों का लुत्फ उठाएं, दिन की धूप से लेकर शाम तक आरामदायक महसूस करें। स्प्रिंग समर 2025 के साथ हम इस सीजन पुरूषों को स्टाइल और आत्मविश्वास को अपनाने के लिए आमंत्रित करते हैं। एरो के सीईओ आनंद अय्यर ने कहा।

स्प्रिंग-समर 2025 कलेक्शन में स्टाइल्स की शानदार रेंज शामिल है, जिसे आज के पुरूषों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। हमारे नए कलेक्शन का विवरण कुछ इस प्रकार है, जो आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी है।एलीगेन्ट ऑल-डे शर्ट- आधुनिक 5-इन-1 फिनिश से बनी यह शर्ट दाग-धब्बों, यूवी किरणों से सुरक्षा देती है, इसकी देखभाल करना बेहद आसान है। इसका फैब्रिक दुर्गंध को नियन्त्रित करता है, ऐसे में इसे पहनने के बाद आप घण्टों तक ताजगी महसूस करते हैं। साथ ही यह टिकाउ भी है। कुल मिलाकर आप सुबह की मीटिंग से लेकर शाम की आउटिंग तक इसे पूरे आत्मविश्वास के साथ पहन सकते हैं।इटेलियन एलीगेन्स कलेक्शन- अमेरिकी हैरिटेज और यूरोपीय कारीगरी का बेहतरीन संयोजन है। इटली में डिजाइन किए गए ये पीस 2 प्लाई प्रीमियम यार्न से बने हैं जो टिकाउ होने के साथ-साथ लक्जरी अहसास देते हैं। मदर- ऑफ पर्ल बटन इसे खास लुक देते हैं।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' लोकतंत्र को स्थायित्व देने वाला कदम: अरुण सिंह

**समागम**

**-भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू बोले देश को चाहिए एकजुट लोकतांत्रिक सोच**



भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, विधायक मेघ श्याम सिंह ठाकुर और महापौर विनोद अग्रवाल एमएलसी ठाकुर ओम प्रकाश सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने की। कार्यक्रम को संबोधित

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

देश में चुनाव सुधार की दिशा में केंद्र सरकार की एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति को लेकर शनिवार को गोवर्धन के गुरु कृपा गार्डन, पुराना सौंख बाईपास रोड पर एक प्रबुद्धजन समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह, करते हुए अरुण सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव कोई राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में लिया गया दूरदर्शी निर्णय है। उन्होंने कहा कि बार बार होने वाले चुनावों से न केवल शासन प्रक्रिया बाधित होती है, बल्कि समय और संसाधनों की भी भारी बर्बादी होती है। इस प्रणाली से देश को स्थिर और विकासोन्मुख प्रशासन मिलेगा। विधायक मेघ श्याम सिंह ठाकुर ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों में सरकारी मशीनरी जैसे शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल बार-बार व्यस्त हो जाते हैं, जिससे विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा से नीति निर्माण और योजनाओं के क्रियान्वयन में निरंतरता बनी रहेगी। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि यह प्रणाली राजनीतिक स्थायित्व की दिशा में एक बड़ा सुधार है। इससे जनता को बार-बार मतदान की प्रक्रिया में शामिल होने की असुविधा नहीं होगी और सरकारें पूरे कार्यकाल तक विकास लक्ष्यों पर केंद्रित रह सकेंगी। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेंद्र राणा ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कारिंदा सिंह हीरा सिंह कुंतल पूर्व महापौर डॉ मुकेश आर्य बंधु पूर्व जिला अध्यक्ष डीपी गोयल पूर्व ब्लाक प्रमुख पन्नालाल गौतम संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी रामकिशन पाठक हरिओम शर्मा अंकुर अग्रवाल मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा विजय शर्मा यज्ञ दत्त कौशिक दीपक गोला नितिन चतुर्वेदी कपिल पटेल विनीत शर्मा अंकुर गुर्जर बृजेश अहेरिया हनुमान गुर्जर मंडल अध्यक्ष कान्हा शर्मा प्रकाश गौड़ करतार सिंह हाकिम सिंह टीटू जितेन्द्र वार्ष्णेय नितिन कौशिक लोकेश निषाद सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सेवा में समर्पित आयुष विश्वविद्यालय की जांबाज थैरेपिट सुनंदा जांगड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,:** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की महिला कर्मचारी सुनंदा जांगड़ा ने यह साबित कर दिया है कि नारी केवल संवेदना की प्रतीक नहीं,बल्कि साहस, समर्पण और सेवा का जीवंत उदाहरण भी है। विश्वविद्यालय के कौमारभृत्य विभाग में वर्ष 2022 से बतौर थैरेपिस्ट कार्यरत सुनंदा ने तीन महीने पहले एक हादसे में अपनी जान जोखिम में डालकर एक 16 वर्षीय किशोरी की जान बचाई। 5 फरवरी 2025 को दोपहर करीब 2:15 बजे जब सुनंदा 16 वर्षीय किशोरी को स्टीम थेरेपी देने की तैयारी कर रही थीं, तभी अचानक से मशीन में ब्लास्ट हो गया। कमरे में धुआं भर गया और स्थिति गंभीर हो गई,लेकिन अपनी सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए सुनंदा ने किशोरी को धक्का देकर बाहर निकाल दिया, जिससे किशोरी झुलसने से बच गई। हालांकि इस हादसे में सुनंदा खुद थर्ड डिग्री तक झुलस गई। सुनंदा का कहना है कि अगर कुछ सेकेंड की देरी हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। ब्लास्ट के कारण थेरेपी रूम पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। सुनंदा की हालत इतनी नाजुक थी कि उन्हें लगभग एक महीने तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा।

## गुरनाम सिंह सैनी लगातार चौथी बार बने सैनी समाज सभा के प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सैनी समाज सभा के चुनाव की कई दिनों से तैयारी चली हुई थी जिसमें दो पैनल चुनाव मैदान में उतरे हुए थे। एक पैनल गुरनाम सैनी का था दूसरा पैनल सुभाष सैनी का था। दोनों पैनल जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे थे। चुनाव लड़ रहे दोनों पैनलों के उम्मीदवारों ने पूछने पर बताया कि यह भाईचारे का चुनाव है। सभी मतदाता शांतिपूर्वक ढंग से अपने मतदान का प्रयोग कर रहे हैं। नवनिर्वाचित प्रधान बने गुरनाम सिंह सैनी द्वारा गतवर्षों में सैनी समाज सभा के विकास हेतु किए गए कार्यों को मध्य नजर रखते हुए मतदाताओं ने लगातार चौथी बार गुरनाम सिंह सैनी को सैनी समाज सभा का प्रधान चुना। प्रधान गुरनाम सिंह सैनी की जीत से उपस्थित जन समूह में अत्याधिक प्रसन्नता देखने को मिली। सत्यवान सजुमा वरिष्ठ उप प्रधान चुने गए, गुरमीत सिंह सैनी कलाल माजरा उप प्रधान, अवतार सिंह सैनी प्रतापगढ़ महासचिव, जयपाल सैनी कलाल माजरा सह सचिव व रामस्वरूप सैनी कोषाध्यक्ष चुने गए हैं।

## दहेज हत्या में आरोपित महिला मायके से गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

दो अप्रैल को गांव गिडोह में दहेज के लिए महिला की हत्या की घटना की रिपोर्ट थाना कोसीकला पर दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार थे।

कोसीकला पुलिस ने एक आरोपित महिला को उसके मायके गांव बठैन कला कोसीकला से गिरफ्तार कर लिया। घटना में मृतका के पिता द्वारा उसकी बेटी को ससुरालीजनों द्वारा दहेज के लालच में आकर फाँसी लगाकर हत्या कर देने के आरोप में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। घटना के बाद आरोपित महिला अपने मायके चली गई थी। मुखबिर की सूचना पर रविवार को आरोपित महिला को मायका ( घर से ) ग्राम बठैन कलां थाना कोसीकला मथुरा से गिरफ्तार किया गया।

## मैक्स पिकअप में 158 किलो गांजे को छोड कर भागे तस्करों तक पहुंची पुलिस



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सात मार्च को यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 97 पर एक मैक्स पिकअप से 158 किलो गांजा बरामद किया गया था। तस्कर गाडी को छोड कर भाग निकले थे। एएनटीएफ मेरठ यूनिट को तभी से फरार हुए मदक पदार्थ तस्करों की तलाश थी। थाना मांट पुलिस व एएनटीएफ मेरठ यूनिट ने एनडीपीएस एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। चैकिंग के दौरान सालासर वाटिका 4 निवारु रोड़ विष्णु विजय पुत्र स्व. सीताराम के मकान की दूसरी मंजिल थाना करधनी जनपद जयपुर राजस्थान से मुखबिर की सूचना के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के थाना मांट मथुरा में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि सात मार्च को एएनटीएफ मेरठ टीम द्वारा यमुनाएक्सप्रेस वे माईल स्टोन 97 पर आगरा की तरफ से एक वाहन महिन्द्रा पिकअप डीप्ल 31 सीएस 4625 से 158 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ था। जिसमें तीन तीन अभियुक्त गाडी छोडकर भागने में सफल हो गये थे। जिसके सम्बन्ध में एएनटीएफ मेरठ टीम द्वारा थाना मांट पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है।

# संतों और महापुरुषों के संदेशों को जन-जन तक पहुंचा रही है भाजपा : बड़ौली

**प्रेरणास्रोत**

**भगवान परशुराम सनातन धर्म, शौर्य, तप और न्याय परंपरा के प्रेरणास्रोत : पंडित मोहन लाल बड़ौली**



श्री बड़ौली ने कहा कि नायब सरकार हरियाणा एक, हरियाणवी एक के मंत्र पर चलते हुए हर वर्ग का ख्याल रख रही है। श्री बड़ौली रविवार को कैथल स्थित सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस पावन अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को भगवान

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार सनातन धर्म के सम्मान और हरियाणा के विकास के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। हमारी सरकार में लगातार संतो-महापुरुषों की जयंतियों को सरकारी स्तर पर मनाकर उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। परशुराम जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने सूर्य कवि पंडित लक्ष्मीचन्द लाइब्रेरी एवं कोचिंग सेंटर का उद्घाटन भी किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शस्त्र एवं शास्त्र के ज्ञाता, धर्म एवं कर्म के प्रतीक भगवान परशुराम का जीवन हमें न्याय और सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण किसी समाज, जाति के नहीं, बल्कि सर्वसमाज के होते हैं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण का मुख्य काम समाज में नैतिकता और भारतीय संस्कृति के उच्च आदर्शों को स्थापित करना है। श्री बड़ौली ने कहा कि भगवान परशुराम सनातन धर्म, शौर्य, तप और न्याय परंपरा के प्रेरणास्रोत हैं। हमारी सरकार भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात कर प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है।

पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अंत्योदय की भावना से गरीब, शोषित, वंचितों सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं, यही कारण है कि जनता का भरोसा भाजपा में बढ़ रहा है। जनता ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से तीसरी बार सरकार बनाई है। इस अवसर पर नगर परिषद प्रधान सुरभी गर्ग, पार्टी के पदाधिकारी, देवतुल्य कार्यकर्ता एवं ब्राह्मण सभा के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने के का प्रयास है नवीन अवसर किसान मेला: नवीन जिन्दल



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र /कैथल :** कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से 9 से 11 मई तक आयोजित होने वाले किसान मेले का पोस्टर सांसद नवीन जिन्दल ने लॉन्च किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, पुंडरी से विधायक सतपाल जांबा, जिला उपायुक्त प्रीति सिंह और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

किसान मेला के पोस्टर विमोचन के अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि यह किसान मेला न केवल किसानों के लिए एक ज्ञानवर्धक मंच बनेगा, बल्कि कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों को समझने और अपनाने का अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों, विशेषकर किसानों से अपील की कि वे इस मेले में बढ़-चढ़कर भाग लें और इसका भरपूर लाभ उठाएं।

सांसद नवीन जिन्दल ने कहा, कि इस मेले में आधुनिक कृषि उपकरण, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, सिंचाई की उन्नत विधियाँ, और फसल की गुणवत्ता बढ़ाने वाले तरीकों का प्रदर्शन किया जाएगा ताकि किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती कर अपनी आय को तीन गुना से भी ज्यादा बढ़ा सकें। हमारा लक्ष्य है कि ऐसे उत्पाद तैयार किए जाएँ जो स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित और पोषक हों।

## चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना कोसीकलां पुलिस ने युवक को मोटरसाइकिल चोरी और नशीला पदार्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने एक मोटर साइकिल व195 ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया है। अभियुक्त के खिलाफ थाना कोसीकला पर एक साल से भी कम समय में आधा दर्जन चोरी के मुकदमे दर्ज हुए हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार निर्वाल थाना कोसीकलां, एसआई अमरपाल तोमर चौकी प्रभारी शाहपुर थाना कोसीकलां, एसआई उत्तम चौहान चौकी प्रभारी जिंदल चौराहा थाना कोसीकलां, एसआई अंकित मलिक चौकी प्रभारी बठैन गेट थाना कोसीकलां आदि थे। चैकिंग के दौरान अभियुक्त तालिम पुत्र हाकिम निवासी गांव खेडला थाना बिछोर जिला नूंह मेवात हरियाणा उम्र करीब 20 वर्ष को नई कोसी कामर सड़क पर मसान घाट से करीब 80 कदम कोसीकला की तरफ सर्विस रोड पर से 195 ग्राम नशीला पाउडर डायजापाम व चोरी की एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया।

## एक्सप्रेस वे पर हादसे में सफारी कार सवार दो की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

यमुना एक्सप्रेस वे पर मांट क्षेत्र में नोएडा से आगरा की तफर माइल स्टोन 98 पर रात के समय हुए भीषण सडक हादसे में दो कार सवार दो की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के बाद रात में यमुना एक्सप्रेस वे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। मौके पर पहुंचे पुलिस बल और जेपी की क्रेन की मदद से दुर्घटना ग्रस्त वाहन को हटाया गया और घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक महिला




और एक पुरुष को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन अन्य को उपचार के लिए भर्ती कर लिया। मृतक और घायल सभी सफारी कार में सवार थे। सडक हादसा रात को करीब पौने दो बजे गांव जाबरा के समीप हुआ। माना जा रहा है कि रात में चालक को नींद की झपकी आने से कार किसी वाहन से टकरा गई। हालांकि घटना कैसे हुई इस बात की ठीक जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस ने मृतक और घायलों की पहचान सुनिश्चित कर ली है। कार में सवार प्रेम सिंह पुत्र रामवृक्ष निवासी गौर सिटी सी 1505 नोएडा, सूर्य सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी उपरोक्त को अनन्तकीर्ति हॉस्पिटल लक्ष्मी नगर मथुरा तथा पूजा पत्नी प्रेम सिंह, सुमित पुत्र सिकन्दर निवासी दरभंगा बिहार, रोशन पुत्र राजाराम निवासी रविदास गली विश्वास नगर नई दिल्ली पूर्वी हैं। सभी गंभीररूप से घायल अवस्था में जिला चिकित्सालय मथुरा लाया गया जिसमें पूजा व सुमित को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

सीओ मांट गुंजन सिंह ने बताया कि हादसे में दो की मौत हो गई और बाकी घायलों का इलाज चल रहा है। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से सड़क किनारे किया गया है।

# कलरव: जोधपुर झाल पर इंजीनियर पक्षियों ने डाला डेरा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

आगरा मथुरा और भरतपुर के मध्य स्थित जोधपुर झाल पर इस समय इंजीनियर पक्षियों का कलरव गूंज रहा है। यहां प्रजनन से पहले विभिन्न प्रजातियां इन दिनों अपना घोंसला बना रही हैं, इनकी घोंसला बनाने की अद्भुत कला के कारण ही इन्हें इंजीनियर के नाम से भी जाना जाता है। जोधपुर झाल मथुरा जनपद में फरह के निकट स्थित है। इसे उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा वन विभाग के सहयोग से वेटलैंड्स के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहाँ बेहतर वातावरण के चलते बड़ी संख्या में पक्षियों की विभिन्न प्रजातियाँ यहाँ प्रवास करती हैं।



बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी ( बीआरडीएस) के पक्षी विशेषज्ञ डॉ केपी सिंह ने बताया कि जोधपुर झाल पर वीवर की तीन प्रजातियां बया वीवर, ब्लैक-ब्रेस्टेड वीवर और स्ट्रीक्ड वीवर प्रजनक निवासी हैं। पशु पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां अपनी वंशवृद्धि की प्रक्रिया को अपने अपने तरीकों से पूर्ण करती हैं। पक्षियों की बात करें तो जितनी प्रजातियां हैं उनके घोंसले बनाने से लेकर प्रजनन के लिए साथी का चुनाव और चूजों के पालन पोषण के अलग अलग तरीके हैं। जहां एक ओर पक्षियों को प्रजनन संबंधी अनुकूल परिस्थितियों के लिए संघर्ष करना पड रहा हैं तो दूसरी तरफ आगरा-मथुरा की सीमा पर स्थित जोधपुर झाल के संरक्षण और उचित रख रखाव के फलस्वरूप भारत में पाई जाने वाली वीवर की चार में से तीन प्रजातियां जोधपुर झाल पर प्रजनन करती हैं। जोधपुर झाल पर वीवर की प्रजातियों की ब्रीडिंग का

> जोधपुर झाल पिछले कुछ सालों के दौरान पक्षियों की बेहतर पसंद का स्थल बन गया है। यहां बड़ी संख्या में विदेशी पक्षी प्रवास करते हैं। बरसात में यहाँ पौधा रोपण किया जाएगा। यहाँ यह सभी सुविधाएं पक्षियों के लिए देने की कोशिश हो रही है, जो उनकी जरूरत है। निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।
> **-श्याम बहादुर सिंह, सीईओ**


अध्ययन कर रहे अब्दुल कलाम के अनुसार वीवर प्रजाति का प्रजनन काल जून से सितंबर तक चलता है। वीवर अपने घोंसले जिस तरह बनाते हैं इस कारण उन्हें बुनकर पक्षी भी कहा जाता है। वेटलैंड्स, नहरें और तालाब के पास के स्थलीय वृक्ष घोंसले बनाने के आदर्श स्थल हैं। यह पाम, खजूर , मूंज , कांस , टाइफा घास अथवा धान की लंबी पत्तियों को धागे की तरह पट्टी काटकर आपस में उन्हे बुनते हैं। केवल नर वीवर घोंसले का निर्माण करते हैं। मादाओं द्वारा आंतरिक सज्जा की जाती है। जिसमें मिट्टी का भी प्रयोग किया जाता है। घोंसले निर्माण में मानसून व शत्रु पक्षियों से सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाता है।

## पहलगाम में मारे गये लोगों की आत्मशांति के लिए किया हवन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

चौमुहां में रविवार सुबह छटीकरा के श्री ख्वाली धाम गेस्ट हाउस पर कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की आतंकियों द्वारा हत्या कर दी गयी थी, मृतकों की आत्मशांति हेतु हवन किया जिसमें पंडित सत्यदेव शर्मा द्वारा मंत्र उच्चारण कर हवन को सम्पन्न कराया गया।

इसके बाद दिल्ली से आये हुये अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच के राष्ट्रीय संयोजक श्री रमेश राघव जी का जोरदार स्वागत किया। राघव जी ने आतंकियों की निंदा



करते हुये समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने पर बल दिया तथा लोगों से अपने-अपने बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा दिलवाने और नशा से बचने को कहा। मथुरा में जल्दी ही एक बड़ा प्रोग्राम करने की बात कही जिसका सभी लोगों ने समर्थन किया। क्षत्रिय मंच के जिला अध्यक्ष अशोक प्रताप सिंह ने संगठन की मजबूती पर बल दिया और गांव गांव जाकर लोगों को संगठन से जोड़ने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से रमेश राघव, अशोक प्रताप सिंह, अवनीश सिंह, बिहारी लाल, भगवान सिंह दरोगा, रामकिशोर राजावत,अमित कुमार राजावत, ठा. बलवीर सिंह , सत्यदेव शर्मा , कृष्णा सिंह, रूपेश, कान्हा, ऋषभ चौहान, मुकेश सिसोदिया आदि लोग मौजूद रहे।

फास्ट न्यूज

## एमपी में 7 मई तक रहेगा आंधी-बारिश वाला मौसम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में इन दिनों मौसम में बदलाव देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश के कुछ जिलों में भीषण गर्मी का कहर है तो कहीं बारिश और आंधी का दौर जारी है। मौसम विभाग का कहना है कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) के 3 सिस्टम के एक्टिव होने से ऐसा मौसम बन रहा है। शनिवार को राजधानी भोपाल में धूल भरी आंधी चली, जबकि कई जिलों में बारिश हुई और ओले गिरे। आज रविवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन-जबलपुर समेत 45 जिलों में अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन के अलावा दो टर्फ भी गुजर रही है। इस वजह से मौसम बदला हुआ है। अगले चार दिन यानी 7 मई तक प्रदेश में तेज आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है। भोपाल में धुलभरी हवा चलने की संभावना है। इससे पहले भी प्रदेश में शनिवार को आंधी, बारिश और ओले गिरने के बीच गर्मी का असर भी देखा गया।

## विधायक जयकृष्ण रिश्वत मामले में हिरासत में

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रविवार को बागीदौरा (बांसवाड़ा) से भारत आदिवासी पार्टी (बाप) के विधायक जयकृष्ण पटेल को रिश्वत मामले में जयपुर से हिरासत में लिया। एसीबी की टीम ने उन्हें उनके ज्योति नगर स्थित सरकारी आवास से पूछताछ के लिए डिटेन किया। एसीबी के अनुसार विधायक पटेल पर एक निजी कंपनी से कार्य करवाने के एवज में ढाई करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायत मिलने के बाद ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कर सर्विलांस पर निगरानी शुरू की। रविवार को ट्रैप कार्रवाई के दौरान पटेल का गनमैन कंपनी से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी जा रही है। ब्यूरो अधिकारियों ने विधायक पटेल से पूछताछ कर बयान दर्ज किए हैं। इस मामले में शाम को एसीबी महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी देंगे। उल्लेखनीय है कि जयकृष्ण पटेल ने 2024 के उपचुनाव में बागीदौरा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुभाष तंबोलिया को पराजित किया था। यह सीट कांग्रेस नेता महेंद्रजीत सिंह मालवीय के भाजपा में जाने से खाली हुई थी।

# किसान योजनाओं के लाभार्थी मात्र नहीं, विकास के भागीदार बनेंगे: मुख्यमंत्री

- खाद्यान्न उत्पादन में यूपी ने किया उल्लेखनीय इजाफा, आठ वर्षों में 167.66 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि
- बीजों की जलवायु आधारित रणनीति-प्रमाणि की व्यवस्था हो, किसानों को मिले गुणवत्तापूर्ण बीज

विकास खंडवार

- कृषि यंत्रों पर सब्सिडी योजना को बनाये और पारदर्शी, विकास खंडवार संतुलन आवश्यक: मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश का किसान केवल योजनाओं का लाभार्थी मात्र नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश के समग्र विकास का सक्रिय भागीदार बनेगा। उन्होंने कहा कि "नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका नहीं, बल्कि समृद्धि और आत्मनिर्भरता का आधार बनेगी।" रविवार को कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में कृषि सेक्टर की अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कुल कृषि क्षेत्र का 11.41% हिस्सा उत्तर प्रदेश में है, लेकिन खाद्यान्न उत्पादन में प्रदेश की हिस्सेदारी 20.89% है, जो किसानों की मेहनत और सरकार की प्रभावी नीतियों का प्रमाण है। 2016-17 में जहाँ खाद्यान्न उत्पादन 557.46 लाख मीट्रिक टन था, वह 2024-25 में बढ़कर 725.12 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया है। इसी अवधि में दलहन और तिलहन उत्पादन में दोगुने से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया। बीज की गुणवत्ता और उपयुक्तता पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जलवायु क्षेत्रों (क्लाइमेटिक जोन) के अनुसार बीज विकसित किए जाएं। उन्होंने अगैती व पछेती बोआई के लिए अलग-अलग बीज तैयार कराने, प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने और किसानों को रियायती दर पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम द्वारा किसानों से बीज खरीद की धनराशि बढ़ाने और संसाधित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा। लखनऊ में प्रस्तावित चौधरी चरण सिंह बीज पार्क की स्थापना को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने इसे बीज क्षेत्र में क्रांति का आधार बताया। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद जैसे संस्थानों के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता जताते हुए मुख्यमंत्री ने तकनीक आधारित कृषि नवाचारों को गति देने का आह्वान किया। कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों से आवेदन लेने से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। चयन प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकाधिक विकास खंडों के किसान लाभान्वित हों। 'श्री अन्न' को लेकर विशेष उत्साह जताते हुए मुख्यमंत्री ने इसके प्रोत्साहन और प्रोक्योरमेंट की व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए।

### प्रदेश के 7693 गो आश्रय स्थलों में 11.49 लाख गोवंश संरक्षित

*मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश के 7693 गो आश्रय स्थलों में 11.49 लाख गोवंश संरक्षित हैं। इनकी निगरानी सीसीटीवी से की जा रही है और नियमित अंतराल पर निरीक्षण भी हो रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यहां केयर टेकर की तैनाती, उन्हें समय से वेतन भुगतान, भूसा बैंक की स्थापना तथा पानी हरे चारे और चोकर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। समय-समय पर पशु चिकित्सकों की विजिट भी कराई जाए।*

### जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण की व्यवस्था विकसित की जाए: योगी

*प्राकृतिक खेती के प्रसार को लेकर भी उन्होंने गम्भीरता जताई और कहा कि जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण की प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे किसानों को बेहतर बाजार मूल्य मिल सके। बैठक में यह जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक 2.81 करोड़*

### गो आश्रय स्थलों के आर्थिक स्वावलम्बन के लिए हों ठोस प्रयास: मुख्यमंत्री

*लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पशुपालन और दुग्ध विकास प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है। यह क्षेत्र केवल दुग्ध उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि इसमें आजीविका, पोषण सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की भी व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देते हुए इस क्षेत्र को और सशक्त किया जाना चाहिए। रविवार को पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट का प्रयोग सरकारी भवनों में भी किया जाए।*

# हर चेहरे पर खुशहाली सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान 60 से अधिक फरियादी आए। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सभी से मुलाकात की, फिर कुशलक्षेम पूछा। इसके बाद हर पीड़ित तक पहुंचे, शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश के हर नागरिकों के चेहरे पर खुशहाली लाना ही सरकार की प्राथमिकता है और सरकार इसके लिए पहले दिन से ही कार्य कर रही है। जनता दरबार में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क निर्माण समेत अनेक मामले आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया।
अफसरों को दिया प्रार्थना पत्र, समय से निस्तारण के निर्देश
मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में मौजूद अधिकारियों को शिकायतों का प्रार्थना पत्र सौंपते हुए इसके समय से निस्तारण के निर्देश दिए। प्रतापगढ़ के कुंडा में विगत दिनों हुई घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस घटना के आरोपियों को बख्शेंगे नहीं।

### मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनीं

*वहीं दो महिलाओं ने पुलिस से संबंधित शिकायत की, जिसे मुख्यमंत्री ने गंभीरता से सुना और कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। विभिन्न विभागों से जुड़े मामले लेकर पहुंचे पीड़ित जनता दर्शन में मड़ियाव थाना के रहने वाले एक राजमिस्त्री वृद्धावस्था पेंशन की फरियाद लेकर आए थे। जिस पर मुख्यमंत्री ने नियमसंगत कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। आरटीई, खेत की पैमाइश, आवास, चकरोड, खेतों में कब्जा, बिजली कनेक्शन समेत अन्य फरियाद लेकर पीड़ित पहुंचे, जिसके समाधान का मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया। जनता दर्शन में कई पीड़ित परिवार के साथ आए थे।*

## लव मैरिज बनी विवाद की जड़: युवक का घर जलाया

**चूरू।** जिले की सरदारशहर तहसील के देराजसर गांव में लव मैरिज के बाद दो परिवारों के बीच बीती रात गंभीर तनाव की स्थिति बन गई। तनाव इस कदर बढ़ गया कि युवती के परिजनों ने युवक के चाचा के घर को पेट्रोल डालकर जला दिया। गनीमत रही कि परिवार के लोग समय रहते जान बचाकर भाग निकले। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन घर का काफी सामान जलकर राख हो गया। इस मामले में पुलिस ने अब तक 14 लोगों को राउंडअप किया है।

## कैंची धाम में पहचान छुपाकर सामग्री की दुकानें खोलने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल।** नैनीताल जनपद के सुप्रसिद्ध कैंची धाम क्षेत्र में समुदाय विशेष के लोगों पर अपनी पहचान छुपाकर प्रसाद, पूजा सामग्री आदि की दुकानें खोलने का आरोप है। क्षेत्रीय लोगों ने दावा किया है कि व्यवसाय के बहाने इस क्षेत्र की डेमोग्राफी को योजनाबद्ध ढंग से बदला जा रहा है, जिससे स्थानीय जन चिंतित हैं। इस संदर्भ में कैंची बाजार क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों ने सर्वसम्मति से तय किया है कि विशेष समुदाय से संबंधित व्यक्ति अब न तो इस क्षेत्र में कोई व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालित करेंगे, न ही किसी दुकान में कर्मचारी के रूप में कार्य करेंगे। व्यवसाय कर रहे विशेष समुदाय से जुड़े लोगों को एक सप्ताह के भीतर दुकानें खाली करने के लिए कहा गया है।

डेमोग्राफी

- दावा किया है कि व्यवसाय के बहाने इस क्षेत्र की डेमोग्राफी को योजनाबद्ध ढंग से बदला जा रहा

# श्रीराम कथा श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का एक दिव्य अवसर: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोपेश्वर।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नंदप्रयाग में आयोजित राम कथा में प्रतिभाग करते हुए कहा कि रामकथा हमारे जीवन मूल्यों को जागृत करने और भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का एक दिव्य अवसर है। चमोली जिले के नंदप्रयाग मोरारी बापू जी की ओर से रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को मुख्यमंत्री ने बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर



बदरीनाथ धाम में पूजा अर्चना के बाद रामकथा स्थल पर पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवनगाथा आत्मिक चेतना जागृत करने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्वनाथ कॉरीडोर, महाकाल लोक और अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य एवं दिव्य मंदिर का निर्माण हुआ है।

आत्मिक चेतना

- विश्वनाथ कॉरीडोर, महाकाल लोक और अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य एवं दिव्य मंदिर का निर्माण हुआ है

# लव जिहाद मामले में बड़ा खुलासा, आरोपितों ने गांव में बना रखे थे ठिकाने

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हिंदू लड़कियों से दुष्कर्म मामले में लगातार चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपितों से नये-नये खुलासे कर रहे हैं। आरोपितों ने बताया कि छात्राओं को गलत मंशा से रूम पर बुलाया जाता था। इसके लिए शहर के आसपास उन्होंने अपने अड्डे बना रखे थे। अब तक 9 लड़कियों के वीडियो मिल चुके हैं। पुलिस के अनुसार



आरोपित नबील ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि छात्राओं को गलत मंशा से रूम पर बुलाया जाता था। इसके लिए उन्होंने शहर के आसपास अपने अड्डे बना रखे थे। अब पुलिस शहर के आसपास के दूसरे जिलों में भी गिरोह का नेटवर्क फैला होने के एंगल से भी जांच कर रही है।

जांच जारी

- बदनामी के डर से 3 छात्राओं ने साधी चुप्पी, एक की हो चुकी है शादी,
- नेटवर्क फैला होने के एंगल से भी जांच हो रही

## सरकार भारत को वैश्विक एमआईसीई डेस्टिनेशन बनाने को प्रतिबद्ध

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि केंद्र सरकार भारत को वैश्विक एमआईसीई (मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन) डेस्टिनेशन बनाने को लेकर पूर्ण प्रतिबद्ध है। सरकार इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। हमारी विविधता, बुनियादी ढांचा हमारी महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप हमारी सबसे बड़ी ताकत के रूप में विकसित हो रहा है।

www.actionindialive.com
जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें



H.O: Action Balaji House, Majlis Park, Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033
B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road, Samaypur Industrial Area, Delhi -110042
9999889104, 8447314925

सकुशल — सीएम ने लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर, आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की

# बदरीनाथ के कपाट खुलने पर मोदी के नाम से हुई पहली पूजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून/बदरीनाथ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदरीनाथ के कपाट खुलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा कर देश और राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने धाम में तीर्थयात्रीयों और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और तीर्थयात्रियों से यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। मांगलिक स्वर लहरियों के बीच बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार सुबह छह बजे रवि पुष्य लग्न में श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुबह लगभग 10 बजे भगवान बदरी विशाल का



अभिषेक पूजा शुरू हुई। बद्री केदार मंदिर समिति और उत्तराखंड सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से भगवान बदरी विशाल का प्रथम महा अभिषेक पूजा सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर, आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की। बदरीनाथ के कपाट खुलने के अवसर पर देश और दुनिया के लगभग 15 हजार श्रद्धालु मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सकुशल चारधाम यात्रा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत बेहतर व्यवस्थाओं के लिए राज्य सरकार की ओर से हर स्तर पर प्रयास किया गया है।
देवभूमि उत्तराखंड आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि वह हरित और स्वच्छ चारधाम यात्रा के लिए राज्य को पूरा सहयोग दें।

कामना

- बदरीनाथ के कपाट खुलने के अवसर पर देश और दुनिया के लगभग 15 हजार श्रद्धालु मौजूद रहे